आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुरु रामदास जयंती

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 285 | उज्जैन, बुधवार 28 अक्टूबर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

सबसे श्रेष्ठ ये देश
जो है स्वदेश

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर 2026
स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या
विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



CBC 19101/13/0021/2627
19101/13/0021/2627

देश विदेश

गर्भवती पत्रकार को धक्का देने के आरोप पर राहुल गांधी को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राहुल गांधी और अन्य से उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमें दावा किया गया है कि कांग्रेस नेता ने 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च के दौरान एक गर्भवती पत्रकार को धक्का दिया था। इस याचिका का जिक्र चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने किया गया, जिसने राहुल गांधी और दूसरों को नोटिस जारी किया। इस मामले का जिक्र करने वाले सीनियर वकील गौरव भाटिया ने कहा कि एक पेंडिंग पिटीशन में एक एप्लीकेशन फाइल की गई है। भाटिया ने कहा कि कोर्ट परिसर में एक महिला पत्रकार के साथ बदसलूकी की गई।

इजराइल में बंपर वोटिंग 53 साल का रिकॉर्ड टूटा

तेल अवीव। इजराइल में प्रधानमंत्री पद के लिए आज चुनाव हो रहे हैं। इसमें बंपर वोटिंग हो रही है। चुनाव आयोग के मुताबिक दोपहर 12 बजे तक (स्थानीय समय के मुताबिक) करीब 32% वोटिंग हुई है। यह 53 साल में सबसे ज्यादा है। इससे पहले 1973 में 33% वोटिंग हुई थी। इजराइल में सबसे ज्यादा वोटिंग का रिकॉर्ड 79.9% है, यह चुनाव 1988 में हुआ था। एक्सपर्ट्स अनुमान लगा रहे हैं कि इस बार यह रिकॉर्ड टूट सकता है। इस बार नेतन्याहू के बजाय पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजनकोट प्रधानमंत्री बनने के सबसे ज्यादा चांस है।

सीआईडी शो बनाने वाले बीपी सिंह का हार्ट-अटैक से निधन



सुबह ली अंतिम सांस, आहट शो से हॉरर जॉनर को दी नई पहचान

मुंबई। टीवी शो 'सीआईडी' और 'आहट' के निर्माता-निर्देशक बृजेंद्र पाल सिंह (बीपी सिंह) का मंगलवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर यह जानकारी दी। अशोक पंडित ने बताया कि बीपी सिंह को सुबह बड़ा हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बुधवार, 28 अक्टूबर को किया जाएगा। दो दशकों तक चले अपराध आधारित शो 'सीआईडी' से बीपी सिंह को देशभर में पहचान मिली थी। अशोक पंडित ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि बीपी सिंह एक बेहतरीन निर्माता-निर्देशक थे, जिन्होंने 'सीआईडी' और 'आहट' जैसे शोज के जरिए दर्शकों को बांधकर रखा। इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान अशोक पंडित उनके साथ करीबी रूप से काम कर चुके थे। अशोक पंडित ने बीपी सिंह के निधन पर दुख जताते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि उनका काम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

नैनो न्यूज

- **उत्तरप्रदेश:** योगी सरकार के 22 बड़े फैसले, शिक्षा कर्मचारियों को कैशलेस इलाज और गाय पालने पर 50 हजार रुपये तक का अनुदान।
- **बिहार :** नहर में डूबने से दो चचेरी बहनों की मौत, परिवारों में मचा कोहराम।
- **पंजाब :** सीएम मान के ओएसडी ने बिक्रम मजीठिया को भेजा लीगल नोटिस, 24 घंटे में माफी की मांग।
- **तेहरान :** हूतियों को हमला न करने के बदले पैसे देगा सऊदी, रक्षा मंत्री 1 अरब डॉलर लेकर तेहरान पहुंचे, ईरान-पाकिस्तान के जरिए मध्यस्थता की कोशिश।
- **मुंबई :** मारुति सुजुकी का मुनाफा 26% घटकर 2,466 करोड़, रेवेन्यू 26% बढ़ा, वेस्ट एशिया जंग से मार्जिन घटा, जुलाई-सितंबर में रिकॉर्ड 6.96 लाख गाड़ियां बेचीं।
- **मुंबई :** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के री-अपॉइंटमेंट पर विवाद, नोएल टाटा ने 5 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए, बोर्ड मीटिंग की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग मांगी।

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर और चुनाव आयोग के कामकाज पर दायर विपक्षी नेताओं की याचिका पर की सुनवाई

हमें सब पता, जांच करेंगे, याचिकाकर्ता 10 दिन में जवाब दें : सुप्रीम कोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एसआईआर और चुनाव आयोग के कामकाज पर दायर राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि आप 10 दिन में चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब दें। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 17 नवंबर तय की।

दरअसल, याचिकाकर्ताओं की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने अपील की थी कि चुनाव आयोग ने सोमवार को ही अपना जवाब दिया है। हमें जवाब देने के लिए वक्त चाहिए।

सिंघवी ने दलील दी कि कोर्ट फिलहाल आयोग में हो रही मीटिंग्स और कम्युनिकेशंस का ब्योरा सुरक्षित रखने का आदेश दे। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हमें सब पता है। हम जांच करेंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार को ही कहा था कि एसआईआर से जुड़े सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए थे।

चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हमने एसआईआर के फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं किया है। नियमों के अनुसार इस पर बदलाव का अधिकार केंद्र के पास है। फैसलों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार, कमिश्नर सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी तीनों की सहमति थी। कोर्ट में दाखिल एफिडेविट पर भी तीनों के दस्तखत हैं।



कोर्ट में चुनाव आयोग के जवाब

- **फाइल पर आपत्ति लिखना, फैसले का विरोध नहीं:** आयोग ने कहा कि फाइल पर लिखे सवाल, सुझाव या आपत्तियां अपने आप में आयोग का अंतिम फैसला नहीं होता।
- **नाम का पुरानी वोटर लिस्ट से मिलान नहीं हुआ तो बीएलओ घर आएंगे:** जिन लोगों के नाम पुरानी वोटर लिस्ट से नहीं जुड़ पाए हैं, उनके जरूरी दस्तावेज बीएलओ घर जाकर जुटाएंगे और ऑनलाइन अपलोड करेंगे।
- **हर वोटर को सुनवाई के लिए दफ्तर नहीं बुलाया जाएगा:** आयोग ने कहा कि ऐसे वोटरों को आम तौर पर खुद पेश होने की जरूरत नहीं होगी। जरूरत पड़ने पर सुनवाई होगी और जहां संभव होगा, ऑनलाइन की जाएगी।
- **वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने-काटने का फैसला अधिकारी करेंगे:** आयोग ने साफ किया कि वोटर लिस्ट में किसी का नाम बिना सक्षम चुनाव अधिकारी के आदेश के न जोड़ा जाएगा और न हटाया जाएगा।
- **ईसीआईनेट की जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम:** आईआईटी मद्रास और आईआईएससी बेंगलुरु के विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है। यह टीम जांचेगी कि ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म ठीक से काम कर रहा है या नहीं और नियमों का पालन हो रहा है या नहीं।
- **सीईसी को हटाना आसान नहीं:** आयोग ने कहा कि संविधान के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी प्रक्रिया और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है, जिन पर सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को हटाया जाता है।
- **अभी संक्षिप्त जवाब, आगे विस्तार से जवाब देंगे:** आयोग ने कहा कि दशहरे की छुट्टियों के कारण फिलहाल छोटा जवाब दाखिल किया गया है। जरूरत पड़ने पर वह हर आरोप का विस्तार से जवाब भी देगा।

एक्टर इमरान 2 नवंबर तक देश में रह सकेंगे

केंद्र के नोटिस पर हाईकोर्ट की रोक, एसआईआर पर प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ने के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट से 2 नवंबर दोपहर 3 बजे तक के लिए अंतरिम राहत मिल गई है।

इमरान 10 अक्टूबर को एसआईआर के विरोध में मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन में पहुंचे थे। एक्टर आमिर खान के भांजे इमरान अमेरिकी नागरिक और ओसीआई कार्ड धारक हैं, इसलिए वह भारत में किसी भी विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं ले सकते।

इस पर एफआरआरओ ने उन्हें नोटिस जारी करके 28 अक्टूबर तक देश छोड़कर जाने को कहा था। इमरान खान ने इस नोटिस को मनमाना बताते हुए इसके खिलाफ याचिका दायर की थी। इस पर चीफ जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी और जस्टिस अद्वैत सेठना की पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट में केंद्र सरकार ने कहा कि अगली सुनवाई तक अभिनेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।



केंद्र ने मांगा समय, कोर्ट ने 2 नवंबर तक टाली सुनवाई

लीगल पोर्टल बार एंड बेंच के मुताबिक, सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा। इमरान के वकील वेंकटेश धोंड ने मामले की गंभीरता बताते हुए कहा कि नोटिस के अनुसार उनके मुवक्किल को मंगलवार तक देश छोड़ना था। इस पर एएसजी ने मौखिक आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक कोई कार्रवाई नहीं होगी। इसके बाद पीठ ने नोटिस के अमल को 2 नवंबर तक स्थगित रखते हुए अगली सुनवाई की तारीख तय कर दी।

सीजेपी विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए थे

यह पूरा मामला 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान पर हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन चल रहा था, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही थी। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद रहने के कारण मुंबई पुलिस ने इमरान खान, उनकी पार्टनर लेखा वाशिंगटन और चचेरी बहन जैन मैरी खान को हिरासत में ले लिया था।

मोदी ने इमर्जिंग साइंस कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी मंगलवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। ईएसटीआईसी का आयोजन 27-28 अक्टूबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम में 12 सेक्टरों पर चर्चा की जाएगी। तीन नोबेल विजेता इसके स्पीकर होंगे। ईएसटीआईसी 2026 साइंस-इनोवेशन से जुड़ा एक राष्ट्रीय सम्मेलन है। इसकी शुरूआत 2025 में की गई थी। इस बार इसका दूसरा एडीशन आयोजित हो रहा है। इस साल की थीम है- रचनात्मक सोच से विज्ञान को गति देना और तकनीक को सशक्त बनाना। कार्यक्रम का आयोजन वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद कर रही है।

चक्रवात अर्नब तेजी से आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा

16 जिलों में अलर्ट; ओडिशा में बारिश, स्कूल बंद, एमपी-यूपी, बिहार में तेज बारिश की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात अर्नब तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह यनम के पास बापटला और विशाखापत्तनम के बीच तट से टकराने की आशंका है। इसे देखते हुए आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में बचाव की तैयारियां की जा रही हैं।

आंध्र प्रदेश के 16 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। विशाखापत्तनम में ऑरेंज अलर्ट है। श्रीकाकुलम, विजयनगरम और अनकापल्ली में तेज हवाओं और हल्की बारिश की आशंका है। ओडिशा के पुरी में भारी बारिश से जलभराव हुआ है। खुर्दा में भी बारिश हुई। सुरक्षा के मद्देनजर नावों का संचालन तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया है और स्कूल भी बंद हैं। मौसम विभाग ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी, बिहार और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अंडमान-निकोबार में मंगलवार तक स्कूल बंद रहेंगे। चक्रवात के खतरे को देखते हुए तटीय इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। चक्रवात अर्नब के चलते एअर इंडिया ने विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा आने-जाने वाली फ्लाइट के यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन ने यात्रियों से फ्लाइट का स्टेटस जांचने और एयरपोर्ट पहुंचने के लिए अतिरिक्त समय रखने की अपील की है।

ई20 के खिलाफ पैसे देकर प्रोपेगेंडा चलाया : गडकरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि करीब 3 महीने पहले ई20 फ्यूल का काफी विरोध हुआ था, लेकिन अब यह विरोध खत्म हो गया है। उन्होंने इसे पैसे देकर चलाया गया अभियान बताया। गडकरी का ये बयान केंद्र सरकार के 100% एथेनॉल-ब्लेंडेड फ्यूल के इस्तेमाल को मंजूरी देने के एक दिन बाद आया है। दरअसल, भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण (ई20) का विरोध हो रहा था। दावा किया गया था कि 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं।

मेरी किताब आएगी, तो तमाशा होगा : सोनिया गांधी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सोनिया गांधी ने कहा कि उनकी किताब आने पर कुछ तमाशा जरूर होगा। दशकों से लोग मेरी कहानी बता रहे, अब मेरी बारी है अपनी कहानी बताने की। सोनिया गांधी का संस्मरण बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव 10 नवंबर को रिलीज होगा। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर इसका नया वीडियो पोस्ट किया।

यह पर पिछले हफ्ते जुड़ने के बाद सोनिया गांधी की दूसरी पोस्ट है। वीडियो में वह किताब के पन्ने पलटते हुए अपनी कहानी खुद बताने की बात कहती हैं।



1970 के दशक में इंग्लैंड का एक अनजान शहर, पसंद के खाने की तलाश और एक ग्रीक रेस्टोरेंट में हुई मुलाकात, सोनिया गांधी शायद तब नहीं जानती थीं कि ये पल उनकी जिंदगी की सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो जाएगा।

एपल के पहले फोल्डेबल फोन की स्क्रीन क्रैक हो रही

कंपनी ने कहा- नया मोबाइल देंगे, पिछले महीने ही लॉन्च हुआ

एजेंसी ▸▸ तेहरान

एपल के पहले फोल्डेबल फोन आईफोन डुओ की स्क्रीन में परेशानी आ रही है। फोन की अंदर की स्क्रीन के टूटने और क्रैक होने की शिकायतें आ रही हैं। एपल ने भी यह बात मानी है। इस फोन्स की कीमत 3 लाख से 4.5 लाख रुपए के बीच है।

आईफोन डुओ में यह डैमेज ज्यादातर उसी जगह पर हो रहा है, जहां से फोन बीच में मुड़ता है। अधिकतर यूजर्स का कहना है कि फोन को पहली बार खोलने और इस्तेमाल करने के कुछ ही समय बाद स्क्रीन अपने आप खराब हो गई। एपल ने सोमवार को इस बारे में कहा कि हमें आईफोन डुओ की कुछ यूनिट्स की इनर डिस्प्ले में आ रही समस्या की जानकारी है। यह खराबी कुछ ही फोन्स में आई है। कंपनी इन्हें रिप्लेस करके यूजर को नया फोन देगी।



यूजर कैसे पा सकते हैं फ्री रिप्लेसमेंट?

कंपनी ने ग्राहकों को सलाह दी है कि यदि वे अपने आईफोन डुओ की स्क्रीन में कोई समस्या देखते हैं, तो वे तुरंत रिप्लेसमेंट के लिए एपलकेयर से संपर्क करें। एपल ने 9 सितंबर को अपना पहला फोल्डेबल फोन आईफोन डुओ लॉन्च किया था। सबसे बड़ा डिस्प्ले, सबसे महंगा आईफोन आईफोन डुओ में 5.4-इंच का कवर डिस्प्ले और अंदर 7.6-इंच की मेन स्क्रीन है, जो अब तक के किसी भी आईफोन का सबसे बड़ा डिस्प्ले है।

मुस्लिम देशों को एकजुट होना चाहिए : ईरानी राष्ट्रपति

एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान के साथ जंग रोकने और पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के अधिकारी सोमवार को तेहरान पहुंचे।

यहां उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान और दूसरे अधिकारियों के साथ बैठक की। पजशकियान ने कहा कि मुस्लिम देशों को एकजुट होकर क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए काम करना चाहिए। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर जल्द हमला करने की धमकी दी थी। सऊदी अरब के डिफेंस मिनिस्टर प्रिंस खालिद बिन सलमान, पाकिस्तान के डिफेंस फोर्सेज के चीफ असीम मुनीर और तुर्किये के इंटेलिजेंस चीफ इब्राहिम कालिन तेहरान में मीटिंग में शामिल हुए। बैठक के दौरान पजशकियान ने कहा कि क्षेत्र के देशों को अपने लोगों के खिलाफ खतरों का मिलकर सामना करना चाहिए।



आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाना चाहिए और सहयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा की, इन बैठकों में होने वाला कोई भी ऐसा समझौता, जिससे क्षेत्र में एकता, आपसी तालमेल और सहयोग बढ़ेगा, उसे ईरान का पूरा समर्थन मिलेगा। ईरान की ओर से राष्ट्रपति पजशकियान के अलावा विदेश मंत्री अब्बास अराघची और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मेजर जनरल मोहसेन रेजाई भी मौजूद थे। इससे पहले सऊदी रक्षा मंत्री, तुर्किये के खुफिया प्रमुख और पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने रेजाई के साथ अलग से बैठक की थी।

ट्रम्प पर स्विस मॉडल ने रेप का आरोप लगाया

कहा- वीजा दिलाने के बहाने होटल में बुलाया था, 33 साल पुराना मामला

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

स्विट्जरलैंड की पूर्व मॉडल बीट्रिस क्यूल ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर रेप का आरोप लगाया है। उसने कहा कि 1993 में न्यूयॉर्क के प्लाजा होटल में ट्रम्प ने उनके साथ रेप किया था।

क्यूल ने बताया कि घटना के बाद उनके शरीर के कई हिस्सों से खून बह रहा था और चोट के निशान पड़ गए थे। यह दावा अमेरिकी संसद में डेमोक्रेटिक सदस्यों की ओर से जारी एक नई रिपोर्ट में किया गया है। क्यूल ने 2024 में ट्रम्प पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। तब उन्होंने कहा था कि 1993 में ट्रम्प ने उन्हें जबरन पकड़ा, चूमा और उनके कपड़े उतारने की कोशिश की थी। अब नई रिपोर्ट में क्यूल ने समिति के कर्मचारियों को बताया कि उस घटना में ट्रम्प ने उनके साथ रेप किया था। उन्होंने अमेरिका का वीजा दिलाने और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलाने में मदद करने का वादा भी दोहराया। इसके लिए ट्रम्प ने अपने करीबी सहयोगी पाओलो जाम्पोली की मदद लेने की बात कही थी। क्यूल के मुताबिक, अमेरिका पहुंचने के बाद उनका पासपोर्ट ले लिया गया था, इसलिए वह घटना के बाद प्रतियोगिता छोड़कर नहीं जा सकीं।



प्रतियोगिता के दौरान ट्रम्प से मुलाकात हुई थी

क्यूल स्विट्जरलैंड की मॉडल और पूर्व मिस स्विट्जरलैंड हैं। उनके मुताबिक, 1993 में वह अमेरिकन ड्रीम पेजेंट में हिस्सा लेने अमेरिका गई थीं। इस प्रतियोगिता की ट्रम्प के साथ साझेदारी थी। कार्यक्रम के दौरान मैनहैटन के प्लाजा होटल में पत्रकारों के साथ दोपहर के भोजन के समय उनकी ट्रम्प से मुलाकात हुई। क्यूल ने बताया कि इसके बाद ट्रम्प के एक सहयोगी ने उन्हें होटल के कमरे में मिलने के लिए बुलाया। उन्हें लगा था कि वहां बातचीत होगी लेकिन उनके आरोप के मुताबिक, कमरे में ट्रम्प ने पीछे से उन्हें पकड़ लिया और जबरन रेप किया। क्यूल का आरोप है कि घटना के बाद ट्रम्प ने उनसे चुप रहने को कहा।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

प्रणम्य हैं साध्वी महाराज आप

धर्मनगरी के एक धार्मिक स्थल को बेवजह ही भय का स्थल बनाने पर कुछ लोग आतूर हैं। विक्रांत भैरव क्षेत्र में ऊपर की ओर सती माता एवं मेलड़ी माता के नाम से प्रसिद्ध इस स्थल पर पिछले कुछ माह से आने वाले कतिपय लोग यहां तंत्र-मंत्र के नाम पर कुछ लोगों के फोटो को लगाकर उन पर किल गाड़कर चले जाते हैं। इसे दुश्मन को निपटाने के लिए किया जाना बताया जा रहा है। अपनी अंधविश्वासी स्थिति के कारण ऐसे लोग पास के वृक्षों को बेवजह ही छेद रहे थे। यहां दो-चार नहीं सैंकड़ों फोटो पिछले कुछ समय में ही लग गए थे। यह अंध विश्वास एक अच्छे धार्मिक स्थल को लेकर भय की स्थिति निर्मित कर रहा था। यहां आसपास काफी रमणीक क्षेत्र है। इस क्षेत्र को विकसित किए जाने पर यहां बेहतर पर्यटक स्थल को विकसित किया जा सकता है। इस भय एवं अंधविश्वास को प्रोत्साहित करने की स्थिति की जानकारी अटल अखाडा की साध्वी माता हरिप्रिया महाराज को मिलने पर उन्होंने इस धार्मिक स्थल को अंध विश्वास एवं भय की स्थिति से मुक्त करने का कदम उठाया है। उन्होंने स्थल पर जाकर आम श्रद्धालुओं के सम्मुख फोटो टांगने के इस अंध विश्वास को तोडते हुए वृक्षों से फोटो एवं कीलों को निकालते हुए जलाया और पर्यावरण को हो रही हानि से बचाया है। साध्वी माता ने धर्मनगरी के जिम्मेदारों को जो करना चाहिए और धर्म के ठेकेदारों को जो करना चाहिए उसकी एक बेहतर मार्ग दिखाया है। धर्मनगरी में ऐसे ही कई अन्य धर्मस्थलों पर भी अंध विश्वास एवं भय की स्थिति बनाई जा रही है। गढ़कालिका मंदिर के पीछे लिखने और वहां की दीप मालिका पर पैसा चिपकाने के मामले को भी बराबर बल मिल रहा है। मंदिर की खुबसूरती और स्वच्छता इससे प्रभावित हो रही है। मंदिर समिति ने सूचना लगाकर अपने काम की इतिश्री कर ली है न तो यहां कोई रोकता है न ही टोकता है। सबके सामने यहां दीप मालिकाओं पर पैसा चिपकाने का काम भीरू श्रद्धालु करते देखे जा सकते हैं। यही सिक्के दीप मालिका से गिरकर पैरों में आते रहते हैं इससे भारतीय मुद्रा का अपमान होता रहता है। इसे भी मंदिर समिति रोकने की बजाय मात्र दर्शक बनी रहती है। खुसूर-फुसूर है कि इस प्रकार के तमाम मामलों को लेकर प्रशासन स्तर पर आदेश जारी किया जाना चाहिए और अंध विश्वासों एवं भय की स्थितियों को समाप्त करने की कार्रवाई को अंजाम देना चाहिए। साध्वी माताश्री ने धर्मनगरी के धर्मअनुयायियों को एक बेहतर राह दिखाई है उन्हें प्रणाम।

नैनो न्यूज

- **नार्मदीय** ब्राह्मण समाज का शरद उत्सव एवं दशहरा मिलन कार्यक्रम संपन्न, शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज का शरद उत्सव एवं दशहरा मिलन का कार्यक्रम समाज की महानंदा नगर स्थित धर्मशाला पर हर्षोल्लास के साथ विगत रविवार को संपन्न हुआ।
- **अद्भुत शिप्रा** तट पर विश्व का प्रथम सास बहू प्रेम मंदिर, भाई बहन प्रेम मंदिर, मनु शतरूपा मंदिर और करवा चौथ माता का मंदिर पर महिलाओं को करवा चौथ के दिन मां कामाख्या का सिंदूर, कपड़ा, रुद्राक्ष और सिक्का निःशुल्क प्रसाद के रूप में गत 25 वर्षों से दिया जा रहा है। इस बार 29 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे कपाट खुलेंगे।
- **पाणिनीय** शिक्षा वैदिक ध्वनिविज्ञान का अनुपम ग्रंथ, संस्कृत महाविद्यालय में पांच दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा वेदांग कार्यशाला शुरू, देशभर के विद्वान देंगे व्याख्यान
- **गुरु रामदास** जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया, तीन दिवसीय आयोजन का समापन
- **जिला** जेल खरगोन में मुस्कान मानव सेवा समिति ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर
- **अजाक्स** उज्जैन संभाग की बैठक में जनजातीय समाज के अपमान के मामले में कार्रवाई की मांग
- **79वें वार्षिक** निरंकारी संत समागम का समापन, 80 कवियों ने दी काव्य प्रस्तुति, ब्रह्मज्ञान को विचारों, व्यवहार और कर्मों में उतारना ही सच्ची जागृति है - सतगुरु माता सुदीक्षा
- **8 साल** से चक्कर काट रहे चंदेसरा के ग्रामीण, आबादी घोषित नहीं की तो 15 दिन बाद होगा चरणबद्ध आंदोलन, जनसुनवाई में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, 60-70 वर्षों से निवासरत 200 परिवार सरकारी सुविधाओं व पट्टों से वंचित
- **खंडेलवाल** समाज के 100 से अधिक मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित, पंचायत अध्यक्ष ने की रोको-टोको अभियान की शुरूआत, भौमिक और अनाया बने स्टूडेंट ऑफ द ईयर
- **हामूखेड़ी** से अगवा नाबालिग की बरामदगी के लिए नागझिरी थाने का घेराव, पुलिस ने बनाई तीन अधिकारियों की टीम, बेटी के नहीं मिलने से निराश मां ने किया था आत्महत्या का प्रयास

कार्तिक मास का विशेष धार्मिक महत्व : व्रत, दीपदान के साथ विष्णु की आराधना का मास

आकाश में तारे टिमटिमाते हैं उस समय पावन नदी या जलाशय में खुले आकाश तले स्नान का भी विशेष महत्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कार्तिक मास का विशेष धार्मिक महत्व है। इस पूरे मास भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की आराधना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस समय माता लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जिस घर मे भी दीपक की रोशनी, बंदनवार और रंगोली द्वार पर होती है लक्ष्मी उस घर मे वास करती हैं। इस पूरे मास धर्मालु महिलाएं शाम के समय तुलसी क्यारे में दीपक लगाती हैं और नदी या जलाशय में दीपदान करती हैं।

कार्तिक स्नान का महत्व- कार्तिक मास में पौ फटने के पूर्व जब आकाश में तारे टिमटिमाते हैं उस समय पावन नदी या जलाशय में खुले आकाश तले स्नान करने का विशेष महत्व है। शिप्रानदी पर इस प्रयोजन से तड़के से ही महिलाओं का तांता विभिन्न घाटों पर नजर आता है। इस मास को ही दामोदर मास भी कहते हैं क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण को ये मास काफी पसंद है। इस पूरे माह देव दर्शन व दान का विशेष महत्व धर्मग्रंथों में बताया गया है।

शहर में नौ नारायण के दर्शन- बाबा महाकाल की पावन नगरी में विष्णुजी के विभिन्न नौ रूप अलग-अलग मंदिरों में विराजित हैं । ये संख्या मे पूरे नौ हैं इसलिए इन्हें नौ नारायण कहते हैं। धर्मनिष्ठ महिलाएं व दंपत्ति इन नौ नारायण के दर्शन करते हैं और मोक्ष की कामना करते हैं।

उज्जैन के नौ नारायण - नौ नारायणों के दर्शन करने से नौ ग्रहों की शांति हो जाती है। इनकी पंचोपचार पूजा करना चाहिए। पूजा या यात्रा के साथ दान का भी महत्व शास्त्रों में बताया गया है। नौ नारायण भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूप हैं। ये नौ स्वरूप उज्जैन में ही विराजित है।



1 **लीला पुरुषोत्तम नारायण मंदिर** - पुरुषोत्तमनारायण मंदिर हरसिद्धि मंदिर के समीप स्थित है। करीब 200 वर्ष पुराने मंदिर में पुरुषोत्तममास के समय भारी भीड़ उमड़ती है। यहां दर्शन व पूजा करने से हर प्रकार की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

2 **अनंतनारायण मंदिर-** अनंतपेठ स्थित अनंतनारायण मंदिर 300 वर्ष से अधिक पुराना है। यहां अधिक मास के अलावा हरियाली अमावस्या तथा अनंत चतुर्दशी पर पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। इनके दर्शन व पूजा करने से अनंत सुख मिलता है। ये दानीगेट पर स्थित है।

3 **सत्यनारायण मंदिर-** सत्यनारायण मंदिर ढाबा रोड पर है। लगभग 200 साल पुराने इस मंदिर में प्रतिदिन ही श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। सत्यनारायण के दर्शन करने या यहां कथा श्रवण करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

4 **चतुर्भुजनारायण मंदिर -** चतुर्भुजनारायण मंदिर भी ढाबा रोड पर ही है। इस प्राचीन मंदिर की मूर्ति में नारायण के चार हाथ हैं। इनके दर्शन करने से चारों तरफ प्रसिद्धि मिलती है।

5 **आदिनारायण मंदिर-** सेंट्रल कोतवाली के समक्ष स्थित आदिनारायण मंदिर में दर्शन या पूजा करने से समस्त दुःखों का नाश होता है। मंदिर काफी पुराना है।

6 **शेषनारायण मंदिर-** क्षीरसागर परिक्षेत्र में ही शेषनारायण मंदिर है । लगभग पांच सौ वर्ष पुराने इस मंदिर में भगवान विष्णु शेषनाग पर विश्राम कर रहे हैं। सामने बैठी माता लक्ष्मी उनके चरण दबा रही है। यहां अद्भुत स्वरूप के दर्शन होते हैं।

7 **पद्मनारायण मंदिर-** पद्मनारायण मंदिर भी क्षीरसागर पर ही है। इस प्राचीन मंदिर में भगवान विष्णु का स्वरूप निराला है। यहां यात्रा व दर्शन करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

8 **लक्ष्मीनारायण मंदिर-** गुदरी चौराहा पर है लक्ष्मीनारायण मंदिर। यहां नियमित दर्शन या आराधना करने वाले व्यक्ति को किसी बात की कमी नहीं रहती है। मूर्ति चमत्कारी है।

9 **बद्रीनारायण मंदिर-** बक्षी बाजार में बद्रीनारायण मंदिर है। यह मंदिर भी काफी पुराना है। नौ नारायण की यात्रा करने वाले यात्री यहां पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। अधिक मास या पुरूषोत्तम मास मे इन मंदिरों के दर्शन विशेष फलदायी माने गए हैं।

मावा विक्रेताओं के यहां खाद्य विभाग की छापेमारी

मावा में मिलावट की आशंका पर सेंपल लेकर भोपाल प्रयोगशाला भेजे





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार को महिदपुर तहसील में मावा विक्रेताओं और विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पहुंचकर खाद्य सामग्री की जांच की। इस दौरान मावे में मिलावट की आशंका को देखते हुए प्राथमिक जांच की गई और तीन नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने मावे में स्टार्च, शर्करा और वनस्पति तेल की संभावित मिलावट की प्राथमिक जांच की। वनस्पति तेल की मिलावट का पता लगाने के लिए मौके पर बौडॉइन टेस्ट भी किया गया। खाद्य विभाग की टीम ने महिदपुर के यशवंत मार्ग स्थित गिरिराज सेल्स एजेंसी से मावे के दो नमूने लिए। वहीं, गोपाल गौशाला के पास स्थित आनंदम मावा भंडार से मावे का एक नमूना एकत्र किया गया।

जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

खाद्य विभाग के अधिकारी बसंत कुमार शर्मा ने बताया कि सभी तीनों नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेज दिए गए हैं। प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद यदि किसी प्रतिष्ठान में मिलावट या खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मां शिप्रा तैराक दल ने सफाई अभियान चलाकर

घाटों पर जमी काई की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कार्तिक मास के चलते मां शिप्रा तैराक दल सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति, द्वारा रामघाट पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान घाटों पर जमी काई की सफाई कर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। समिति द्वारा जनहित में निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मां शिप्रा तैराक दल सचिव संतोष सोलंकी, छोटू कहार, दीपक कहार, दिनेश कहार, पप्पू कहार, मन्नू कहार, तेजा कहार, राकेश गोंड आदि ने सफाई अभियान किया।

रामघाट पर लक्ष्मण सीढ़ी के पास युवक डूबा, मां शिप्रा तैराक दल ने निकाला शव- रामघाट पर लक्ष्मण सीढ़ी के पास शिप्रा नदी में एक युवक के डूबने की घटना सामने आई। मां शिप्रा तैराक दल सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति के सदस्यों ने युवक को नदी से बाहर निकाला।

महर्षि वाल्मिकी जयंती धूमधाम से मनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अवंतिका पुरी उज्जैन में भगवान महर्षि वाल्मीकि का प्रकटोत्सव का कार्यक्रम परम पूज्य स्वामी राज्यसभा सांसद के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। पूज्य स्वामी ने सुबह समाधि वाले बाबा को चादर अर्पण की। कमलेश्वर महादेव का पंचामृत अभिषेक पूजन किया और भगवान महर्षि वाल्मीकि का पूजन किया। परम पूज्य स्वामी राज्यसभा सांसद ने गुरु सोहन दास सकल वाल्मीकि महापंचायत के अध्यक्ष अरविंद टांकले, कार्यवाहक अध्यक्ष कुंदन गिरजे वीरेंद्र गौसर, मुकेश सारवान के तत्वाधान में निकाली गई वाहन रैली का टावर चौक से शुभारंभ किया।



स्वर्णकार समाज ने मां गढ़कालिका के प्रांगण में की आराधना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वर्णकार समाज ट्रस्ट द्वारा मां गढ़कालिका मंदिर के प्रांगण में आराधना की गई। इस दौरान माता रानी को भोग अर्पित कर फ्रीस्टाइल गरबा किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश सोनी ने बताया कि समाज द्वारा परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष नारायण यादव, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विक्रम विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाहा, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, समाजसेवी निलेश यादव, जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू एवं पूर्व सभापति सोनू गहलोत उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी शिवनारायण सोनी, बुद्धिप्रकाश सोनी, नंदकिशोर सोनी, कमल किशोर सोनी, संजय सोनी, दिनेश सोनी, मुकेश सोनी, सुभाष सोनी और कृष्णकुमार सोनी सहित युवा संगठन, महिला संगठन के सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

संभागीय दल ने चंदाना पहुंचकर मृतकों के परिजनों एवं ग्रामीणों से रूबरू होकर जानकारी ली

जांच में परिजनों से जानी हकीकत, कांग्रेस ने 302 में प्रकरण दर्ज की मांग रखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

- आबकारी विभाग ने 36 घंटे में 23 प्रकरण दर्ज किए
- ग्रामीणों ने एसडीएम एवं जनसंपर्क विभाग पर उठाए सवाल





जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम पंचायत चंदाना अंतर्गत हुई संदिग्ध मौतों के मामले में संभागायुक्त आशीषसिंह के आदेश पर गठित 5 सदस्यीय संभागीय दल ने मंगलवार से जांच का काम शुरू कर दिया है। इधर कांग्रेस ने कलेक्टोरेट घेराव के आंदोलन को अंजाम देते हुए शराब विक्रेताओं पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग रखी है। जिले में आबकारी विभाग सक्रिय हुआ है और 36 घंटे में अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई करते हुए 23 प्रकरण दर्ज किए हैं।

चंदाना में कथित जहरीली शराब के सेवन से हुई मौतों पर सवाल खड़ा होने पर शनिवार को संभागायुक्त आशीषसिंह ने जांच के आदेश दिए थे। इसके लिए 5 सदस्यीय समिति बनाई गई थी। समिति से 15 दिनों में जांच रिपोर्ट मांगी है। समिति अध्यक्ष अपर कलेक्टर उज्जैन प्रथम कौशिक को बनाया गया है। समिति में शेष 4 सदस्यों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ रामस्नेही मिश्रा, एसडीओपी सैलाना लेखराज मीणा, आबकारी विभाग के संभागीय उडनदस्ता प्रभारी उपायुक्त हर्षवर्धन राय, क्षेत्रीय संचालक लोक स्वास्थ्य दीपक पिप्पल को शामिल किया गया है।

पंचायत भवन से जांच की शुरूआत- मंगलवार को दोपहर में जांच समिति देवास के ग्राम चंदाना में पहुंची थी। जांच समिति प्रारंभिक स्तर पर ग्राम पंचायत चंदाना के पंचायत भवन पहुंची उसके उपरांत ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच सहित अन्य को साथ लेकर गांव में मृतकों के घरों पर पहुंची। जांच समिति सदस्य डॉ. पिप्पल के स्थान पर उनके प्रतिनिधि डॉ. एम के जोशी शामिल हुए। जांच समिति में शेष सभी सदस्यों में एएसपी रामस्नेही मिश्रा सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष अपर कलेक्टर कौशिक ने मृतकों के परिजनों से घटना को लेकर जानकारी ली है। इस दौरान काफी लोग उपस्थित रहे हैं। एक तरह से जांच खुले रूप से ही की गई है। परिजनों से मृतकों को अस्पताल ले जाने और सभी जानकारियों से संबंधित प्रश्न किए गए।

कांग्रेस ने हत्या का प्रकरण दर्ज की मांग रखी

चंदाना में शराब से मौतों को लेकर कांग्रेस ने पूर्व घोषित विरोध के तहत मंगलवार को देवास कलेक्टोरेट का घेराव नहीं करते हुए कार्यालय के बाहर मुख्य रोडा पर चक्काजाम कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सजजन वर्मा सहित वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ सैंकडों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने जाम के दौरान सडक पर बैठकर विरोध दर्ज करवाया। प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि शराब से कई लोगों की मौत के बाद कांग्रेस ने प्रशासन से ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन प्रशासन ने कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की मांग है कि इस मामले में शराब ठेकेदारों पर धारा 302 (हत्या) 307 के तहत एफआईआर दर्ज कर हत्या का मुकदमा चलाया जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही दोषियों पर 302 में एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो आने वाले दिनों में कांग्रेस इंदौर और उज्जैन होते हुए देवास में 50 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ा आंदोलन करेगी।

36 घंटे में 23 आबकारी प्रकरण

चंदाना मामले के जहरीली शराब का जिक्र आने के बाद से देवास आबकारी विभाग एक दम सक्रिय हुआ है। पिछले 36 घंटे में विभाग ने दबिश मारकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 23 प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं।कार्रवाई में देशी मदिरा प्लेन के 237 पाव, 97 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा, 755 किलोग्राम महुआ लाहन और 31 बीयर कैन जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत रूपए 1.20 लाख हैं। विभाग की अधिकृत विज्ञप्ति के अनुसार सोमवार को जिला आबकारी अधिकारी द्वारा गठित आबकारी के दलों द्वारा देवास शहर में अम्बेडकर नगर, राजकुमार ढाबा, कालूखेड़ी में फैमली ढाबा, ग्राम नागुखेड़ी, मक्सी रोड स्थिति दा साहब का ढाबा, ग्राम सिया में नेशनल हाईवे ढाबा एवं महाकाल ढाबा तथा सोनकच्छ, बरखेड़ा, सन्नोड, पटाडी, बागली, कन्नौद, पानीगांव, खातेगांव, नेमावर, विक्रमपूर, हरणगांव, टोंकखुर्द आदि संदिग्ध क्षेत्रों में गश्त और दबिश कार्य किया गया।

ग्रामीणों का कहना पहले से कैसे बताया भ्रामक

मामले में चंदाना के ग्रामीण भी अंदर ही अंदर उद्वेलित हैं। उनका कहना है कि मामले में कुछ मौतों को प्राकृतिक माना जा सकता है। सभी को नहीं। दो जवान मौतों के मामले में औद्योगिक थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी और पोस्टमार्टम करवाया है। इन दोनों मामलों में अभी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आना शेष है। बिसरा जांच भी आना शेष है। परिजनों ने इन मामलों में आरोप लगाए हैं लेकिन उससे पहले ही देवास एसडीएम अभिषेक शर्मा ने वीडियो जारी कर इन मौतों को भी प्राकृतिक बता दिया। यही नहीं उन्होंने तो दोनों युवा मौतों को लेकर और भी बहुत दावे कर दिए जो अपने आप में ही सवालिया निशान खडे कर रहे हैं। यही नहीं जनसंपर्क विभाग ने बगैर आधार के ही कुछ मौतों के मामले में संदिग्ध स्थिति को दरकिनार करते हुए भ्रामक बताया है। उसके पीछे आधार क्या रहा है और ऐसा क्यों किया गया किसके कहने पर ऐसा किया गया। जांच से पूर्व निष्कर्ष की स्थिति का एसडीएम एवं जनसंपर्क विभाग को अधिकार था क्या। ग्रामीणों के उठाए जा रहे प्रश्न अबुझ स्थिति में देखे जा रहे हैं।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 28 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

बड़वानी में बनेगा वन औषधि शोध संस्थान

इंदौरष। नशा नाश की जड़ है, नशा अपने साथ बुराई एवं विकृति लाता है। हम सभी को अपने जीवन में संकल्प लेना चाहिए कि हम इस बुराई को हमारे समाज से दूर कर देंगे। नशा मुक्ति के क्षेत्र में शिव पंथ के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उक्त बातें बड़वानी में शिव पंथ समुदाय के द्वारा आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम के दौरान विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने शिव पंथ के संस्थापक परम पूज्य गुरुवर्य वनसिंह महाराज एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चल रहे शिव पंथ कर कालूसिंह महाराज एवं सुमली माताजी को प्रणाम किया।

हुकुमचंद मिल की 42 एकड़ जमीन बेचेगा हाउसिंग बोर्ड

इंदौर। सालों पहले बंद हो गई हुकुमचंद मिली की 42 एकड़ जमीन हाउसिंग बोर्ड ने अपने कब्जे में ले ली और उस पर पहले रियल इस्टेट से जुड़ा व्यवसायिक और आवासीय प्रोजेक्ट लाने के भी प्रयास किए, मगर अब सीधे पूरी जमीन बेचने का निर्णय लिया गया है। कल इंदौर में आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में लैंड पार्सल के रूप में रियल इस्टेट से जुड़े निवेशकों को हुकुमचंद मिल की जमीन की जानकारी दी जाएगी। बोर्ड ने फिलहाल इसकी न्यूनतम कीमत 1200 करोड़ रुपए तय की है। मिल मजदूरों की बकाया राशि के साथ बैंकों का कर्जा व अन्य देनदारियां मिल की चुकाने पर बोर्ड को लगभग 450 करोड़ रुपए खर्च करना पड़े थे और अब अगर जमीन बिकती है तो उसे 800 करोड़ रुपए का मुनाफा होगा।

महोत्सव में आये कृषकों ने साझा किए अपने अनुभव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण नरसिंहपुर में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बलराम कृषि महोत्सव आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिला खेती-किसानी और उन्नत कृषि पद्धतियों के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां की कृषि और किसानों की मेहनत के उदाहरण देशभर में देखने को मिलते हैं। बलराम कृषि महोत्सव किसानों के सम्मान, कृषि विकास और उनकी समृद्धि के संकल्प को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ सिंचाई, जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना आवश्यक है। सरकार नदी जोड़ो अभियान सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृषि एवं इससे जुड़े व्यवसायों के विकास के प्रयास कर रही है।

हजारों संघ स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण 28 अक्टूबर को



इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर 28 अक्टूबर को इंदौर के डेली कॉलेज परिसर में वृहत ह्यचरैवेतिह्न एकत्रीकरण आयोजित किया जाएगा।शाम 4.30 बजे से प्रस्तावित इस आयोजन में इंदौर विभाग के पांच जिलों के सक्रिय स्वयंसेवक शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य संघ के सौ वर्ष के सफर के बाद राष्ट्रकार्य और सामाजिक परिवर्तन के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश देना है। इसमें ध्वज प्रणाम, शारीरिक कौशल प्रदर्शन और बौद्धिक मार्गदर्शन होगा। एकत्रीकरण के लिए निर्धारित समय से पहले स्वयंसेवक शाखाओं पर जुटेंगे। एकत्रीकरण की तैयारी पिछले एक माह से की जा रही हैं। एकत्रीकरण का ध्येय वाक्य ह्यचरैवेति-चरैवेतिह्न रखा गया है। इसका आशय निरंतर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहने से है। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी। 2025-26 में संघ द्वारा शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस आयोजन के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, समाज परिवर्तन, सामाजिक समरसता और राष्ट्र कार्य के प्रति समर्पण का संकल्प दोहराया जाएगा। इसके बाद अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक दो नवंबर से होगी। 2 नवंबर से होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया जाएगा।

नैनो न्यूज

- **अवैध शराब कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई तेज-** देवास जिले के चंदाना-बिजाना गांवों में संदिग्ध मौतों के मामले में अवैध शराब कारोबार की जांच तेज हुई है। पुलिस ने 26 अक्टूबर को कथित अवैध शराब बिक्री के मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। मौतों का वास्तविक कारण जांच के बाद स्पष्ट होगा।
- **नलखेड़ा में बनेगा मां बगलामुखी देवी लोक-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नलखेड़ा में 85.40 करोड़ रुपये की मां बगलामुखी देवी लोक परियोजना का भूमिपूजन किया। परियोजना 55 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगी और मंदिर का शिखर 108 फीट ऊंचा प्रस्तावित है।
- **पति की हत्या के मामले में तीन को उम्रकैद-** शाजापुर जिला न्यायालय ने पति की हत्या के मामले में पत्नी और उसके प्रेमी समेत तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले में कटी अंगुली से मिले साक्ष्य महत्वपूर्ण साबित हुए।
- **सुसनेर विधायक सड़क हादसे में घायल-** आगर-मालवा जिले के सुसनेर विधायक भैरो सिंह परिहार चौमहला में सड़क हादसे में घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र भेजा गया। हादसे के बाद विधायक ने जल्द स्वस्थ होकर लौटने की बात कही।

कचरा गाड़ियों की आवाज पर लगाम, वार्ड स्तर पर होगी शिकायत, बेकाबू शोर से परेशान दिखा खुद हाई कोर्ट भी

शहर में शोर रोकने में पुलिस-प्रशासन असहाय, कोर्ट ने दिखाई सख्ती

इंदौर में लगातार बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर सख्त रूख अपनाया है, तीन वर्ष पुरानी याचिका पर हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने पारित किया आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में लगातार बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर हाई कोर्ट ने सख्त रूख अपनाया है। इंदौर में बेकाबू शोर से खुद हाई कोर्ट भी परेशान दिखा। तीन वर्ष पुरानी याचिका पर सोमवार को हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने आदेश पारित किया।

पुलिस व प्रशासन के रूख से कोर्ट असंतुष्ट नजर आया। कोर्ट ने टिप्पणी कर दी कि नवरात्र और दशहरा पर अनियंत्रित शोर का हमने खुद सामना किया। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के मामले में इंदौर पुलिस को असहाय करार दिया। शोर पर रोक के लिए सात बिंदुओं पर कोर्ट ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं और पुलिस-निगम और प्रशासन से पालन की रिपोर्ट भी तलब की है। शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और बेलगाम डीजे,लाउड स्पीकरों के उपयोग पर दायर याचिका पर 2023 से सुनवाई चल रही है। पांच अक्टूबर को याचिका पर अंतिम सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा था जिसे सोमवार को जारी कर दिया गया। कोर्ट में पुलिस-प्रशासन व निगम ने ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए की गई कार्रवाई और सरकारी आदेश पेश किए। सभी जिम्मेदारों को तीन सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट देना होगी। आदेश की कॉपी निगम के वकील ऋषि तिवारी को भी दी गई है।अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी।

चार स्थानों पर लगे ध्वनीमापी यंत्र- खंडवा रोड स्थित यूनिवर्सिटी परिसर, स्मार्ट सिटी आफिस नेहरू पार्क, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय, विजय नगर, इंडो जर्मन टूल,

त्योहारी सीजन में पूरे शहर ने ध्वनि प्रदूषण झेला

कोर्ट इससे असंतुष्ट दिखा और टिप्पणी की कि त्योहारी सीजन में पूरे शहर ने ध्वनि प्रदूषण झेला, लेकिन पुलिस उसे रोकने और नियंत्रित करने में पूरी तरह असहाय दिखी। प्रशासन ने भी पूर्व के आदेशों का आधे-अधूरे मन से पालन किया। कोर्ट ने 24 सितंबर को साइलेंस जोन की सूची अखबारों में प्रकाशित करने को कहा था, लेकिन सरकार ने सिर्फ कटिंग की। कोर्ट ने इसे अधूरा पालन माना।इसके बाद अब कोर्ट ने सात बिंदुओं पर निर्देश जारी किए हैं।

साइलेंस जोन बने और प्रचार हो

अब फिर से पूरी लिस्ट व्यापक प्रसार वाले अखबारों में प्रकाशित करना होगी। यह भी निर्देश दिया कि जनता से सुझाव भी मांगे जाए कि किन प्रमुख स्थानों को साइलेंस जोन घोषित किया जाए। कोर्ट ने इंदौर नगर निगम को भी निर्देश दिया है कि सुबह-सुबह घूमने वाली कचरा गाड़ियों पर फुल आवाज में बजने वाले स्वच्छता गीत की आवाज को वैध डेसिबल सीमा में लाया जाए। कोर्ट ने कहा मौजूदा वाल्यूम से 75 प्रतिशत कम कर अभी के मुकाबले सिर्फ 25 प्रतिशत रखें।

शिकायत के लिए पुलिस के पास आना जरूरी नहीं

कोर्ट ने माना कि कई लोग पुलिस के डर से थाने आकर शिकायत नहीं करते। इसलिए अब हर थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र के हर वार्ड से 2 वालेंटियर नियुक्त करना होंगे। ये वालंटियर शोर करने वाले व्यक्ति या वाहन की सूचना और वीडियो पुलिस को देंगे। आम नागरिक भी इन वॉलंटियरों को भी शिकायत दे सकेंगे, जिस पर पुलिस को तत्काल कानूनी कार्रवाई करनी होगी।
रीजनल आफिसर, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सतीश कुमार चौकसे ने कहा है कि उच्च न्यायालय के मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जो भी दिशा-निर्देश दिए है। उनका पालन किया जाएगा। सोमवार को शासकीय अवकाश होने के चलते मामला संज्ञान में नहीं आया है। मंगलवार को जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होंगे उनका पालन करेंगे।

सऊदी अरब पर हूती हमले से रुकी फ्लाइट

मध्य प्रदेश के 300 लोग फंसे, 50 फीसदी भोपाल के लोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

सऊदी अरब पर हूतियों के हमले से फ्लाइटें थम गई हैं। इसके बाद मध्य प्रदेश के करीब 300 से अधिक लोग अलग-अलग जगहों पर फंस गए हैं। सऊदी अरब में फंसे लोगों में सबसे अधिक संख्या भोपाल के लोगों की है। वहां मौजूद भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। खाड़ी देशों में फंसे लोगों के परिजन काफी चिंतित हैं।

ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार के गृह विभाग ने राज्य के 300 लोगों की एक सूची तैयार की है।फ्लाइट नहीं होने के कारण ये लोग वहां फंसे हैं। हूतियों के हमले के बीच खाड़ी देशों की स्थिति खराब होती जा रही है। सऊदी अरब में हूती एयरपोर्ट को टारगेट कर रहे हैं। अमीरात में फंसे 150 भारतीय नागरिक भोपाल और इंदौर से हैं। इनमें अधिकांश लोग उमराह के यात्री हैं। एमपी सरकार इसे लेकर चौंकन्ना हो गई है। सीएम मोहन यादव के निर्देश पर तैयार की गई सूची को केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ साझा किया गया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र की सरकार वहां फंसे लोगों की मदद के लिए काम कर रहा है। राज्य की सरकार भी स्थिति पर नजर रख रही है।

ये हैं टोल फ्री नंबर

सऊदी अरब में फंसे लोगों के लिए 8002471234
रियाद में भारतीय दूतावास का नंबर- 966-554412016, 966- 542126784
जेहाद में फंसे लोगों के नंबर- 966-12-2614093, 966-536209704

सुरक्षित लाने का भरोसा

सरकार ने प्रभावित लोगों को भरोसा दिलाया है कि उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए हर संभव मदद दी जाएगी। राज्य और केंद्र सरकार कोशिशें कर रही हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय देख रहा है मामला

हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए एक अधिकारी ने कहा कि हालांकि स्थिति को केंद्रीय गृह मंत्रालय संभाल रहा है, लेकिन राज्य सरकार भी घटनाक्रम पर कड़ी नजर रखे हुए है। हमने मध्य प्रदेश में प्रभावित लोगों के परिजनों को आश्वासन दिया है कि उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

फ्लाइट्स पर असर

भारत से सऊदी अरब जाने वाली एयर इंडिया और इंडिगो सहित कई विमानन कंपनियों की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। हूती विद्रोहियों की धमकियों और हमलों के चलते सुरक्षा कारणों से उड़ानों को अस्थायी रूप से रद्द या डायवर्ट किया गया है। खाड़ी देशों में फंसे लोगों के परिजन काफी चिंतित हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार के गृह विभाग ने राज्य के 300 लोगों की एक सूची तैयार की है।फ्लाइट नहीं होने के कारण ये लोग वहां फंसे हैं। हूतियों के हमले के बीच खाड़ी देशों की स्थिति खराब होती जा रही है। सऊदी अरब में हूती एयरपोर्ट को टारगेट कर रहे हैं। अमीरात में फंसे 150 भारतीय नागरिक भोपाल और इंदौर से हैं। इनमें अधिकांश लोग उमराह के यात्री हैं।

इंदौर पुलिस का म्यूल खातों और फर्जी सिम पर शिकंजा कसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साइबर ठगी में इस्तेमाल हो रहे म्यूल बैंक खातों और फर्जी सिम कार्ड के नेटवर्क को तोड़ने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत इंदौर पुलिस ने जोन-1 और जोन-4 में 16 केस दर्ज किए हैं। इन मामलों में 44 लोगों को आरोपी बनाया गया है। अक्टूबर में चलाए गए अभियान के दौरान बैंक खातों के लेनदेन, केवाईसी दस्तावेजों और मोबाइल नंबरों की जांच की गई। इस जांच के दायरे में बैंक अफसर भी आए हैं। डीसीपी जोन-1 नरेंद्रसिंह रावत के अनुसार, ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत पुलिस ऐसे बैंक खातों की पहचान कर रही है, जिनका उपयोग साइबर ठगी से मिली रकम को आगे भेजने के लिए किया जाता है। जांच में खातों के लेनदेन का ब्योरा, केवाईसी दस्तावेज और उनसे जुड़े मोबाइल नंबरों का मिलान किया जा रहा है। डीसीपी ने बताया कि कार्रवाई केवल खाताधारकों तक सीमित नहीं है। पूरे नेटवर्क की वित्तीय जांच की जा रही है, ताकि ठगी की रकम के आगे हुए लेनदेन और इसमें शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। ठगी में इस्तेमाल किए गए कुछ खातों के मामलों में बैंक अफसरों की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। साइबर ठगी की रकम जमा कराने के मामले में तुकोगंज पुलिस ने खाताधारक और बिचौलिये को गिरफ्तार किया है। इस खाते में विभिन्न राज्यों में हुई साइबर ठगी के करीब नौ लाख रुपये आए।

नियुक्तियां बाद न्यायाधीशों की संख्या 45 होगी, वर्तमान में 38 न्यायाधीश कार्यरत हैं हाई कोर्ट में

मप्र हाई कोर्ट को मिलेंगे सात नए जज, नामों पर लगाई मुहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने सोमवार, 26 अक्टूबर को हुई बैठक में सात अधिवक्ताओं को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

कालेजियम के आधिकारिक वक्तव्य में इन सातों नामों की अनुशंसा की गई है। नियुक्ति की औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने पर हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या वर्तमान 38 से बढ़कर 45 हो जाएगी। कालेजियम की अनुशंसा में डॉ. विवेक शरण, राजेश कुमार शुक्ला, कनक गहरवार उर्फ कनक लता सिंह, भक्ति व्यास, श्रेयस पंडित, मृणाल एलकर उर्फ मृणाल मजूमदार और अविनाश जरगर के नाम शामिल हैं। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में न्यायाधीशों के कुल 53 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 38 न्यायाधीश कार्यरत हैं। सातों प्रस्तावित नियुक्तियां पूरी होने पर यह संख्या 45 हो जाएगी। इसके बावजूद स्वीकृत पदों के मुकाबले आठ पद रिक्त रहेंगे।

अब औपचारिक नियुक्ति की प्रतीक्षा

कालेजियम की अनुशंसा नियुक्ति प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है। इसके बाद केंद्र सरकार और राष्ट्रपति के स्तर पर निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने तथा नियुक्ति की अधिसूचना जारी होने पर ही सातों अधिवक्ताओं की न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति औपचारिक रूप से पूरी होगी।
इन सात वकीलों के नामों पर लगी मुहर- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की तरफ से जारी आधिकारिक स्टेटमेंट के मुताबिक, जिन सात अधिवक्ताओं के नामों की अनुशंसा की गई है, उनमें कानूनी जगत से जुड़े कई जाने-माने नाम शामिल हैं। इस सूची में डॉ. विवेक शरण, राजेश कुमार शुक्ला, श्रीमती कनक गहरवार उर्फ कनक लता सिंह, श्रीमती भक्ति व्यास, श्रेयस पंडित, श्रीमती मृणाल एलकर उर्फ मृणाल मजूमदार, और अविनाश जरगर के नाम शामिल हैं। इन सभी की नियुक्ति से अदालत की कार्यक्षमता में इजाफा होने की उम्मीद जताई जा रही है

लंबित मामलों के निपटारे की उम्मीद

न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से मामलों की सुनवाई के लिए उपलब्ध न्यायिक क्षमता में वृद्धि हो सकती है। इससे लंबित प्रकरणों के निपटारे में मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि, इसका वास्तविक प्रभाव नए न्यायाधीशों की नियुक्ति, मामलों के आवंटन और न्यायालय के समग्र कार्यभार पर निर्भर करेगा।

लड़कों की जन्मदर कम..लड़कियों की अधिक..सामने आए आंकड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अभी भी लड़के और लड़कियों में आम नागरिक अंतर समझ रहे हैं और पहली ख्वाहिश लड़का पैदा करने की रहती है। कई दंपत्ति तो लड़के की चाह में न चाहते हुए भी लड़कियों को जन्म दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2026 में अब तक एक हजार लड़कों के पीछे यहां पर 964 बेटियों ने जन्म लिया है।

प्रदेश का कुल लिंगानुपात जहां 943 है, वहीं उज्जैन जिले का लिंगानुपात 964 है। अब ये कहा जा सकता है कि लाडो प्यारी लगने लगी है। बता दें कि वर्ष 2025 में जिले का लिंगानुपात जहां 915 था वह अब बढ़कर 964 तक पहुंच गया है। वहीं बेटों की चाहत का सीधा असर भी जिले के लिंगानुपात पर दिख रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण और स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि उज्जैन लिंगानुपात के मामले में मध्य प्रदेश के सबसे ऊंचे पायदान पर जा पहुंचा है। स्वास्थ्य विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जिले में पंजीकृत 1000 गर्भवतियों में से 350 (यानी 35') हाई रिस्क श्रेणी में हैं। यानी हर तीसरी गर्भवती की जिंदगी खतरे में है। सबसे भयावह आंकड़ा उन महिलाओं का है, जो पहले ही 3 से 9 बेटियों को जन्म दे चुकी हैं। खुद बेटियों से कोई शिकायत न होने के बावजूद, ह्यवंश चलाने के लिए बेटा ही चाहिए।

शुक्र अस्त होने के बाद भी महिलाएं खरीद सकेंगी सुहाग का सामान

निर्जला व्रत रखकर करेंगी अखंड सौभाग्य की कामना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस साल यह व्रत 29 अक्टूबर 2026, गुरुवार को रखा जाएगा। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं। त्योहार से पहले महिलाएं पूजा सामग्री, चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी, मेहंदी और नए कपड़ों की खरीदारी करती हैं। हालांकि, इस बार शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण कई महिलाओं के मन में सवाल है कि क्या करवा चौथ से पहले सुहाग का सामान खरीदना उचित रहेगा।

ज्योतिषविदों के मुताबिक, पंचक 25 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगा। इसके बाद सोमवार, 26 अक्टूबर से ही खरीदारी की जा सकती है। महिलाएं मंगलवार, 27 अक्टूबर और बुधवार, 28 अक्टूबर को भी बाजार जाकर व्रत के लिए जरूरी सामान जुटा सकती हैं। इन दिनों करवा, पूजा की थाली, दीपक, छलनी, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी और साड़ी समेत अन्य जरूरी चीजें खरीदी जा सकती हैं। त्योहार से पहले खरीदारी कर लेने से व्रत के दिन पूजा की तैयारियों में आसानी रहेगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, शुक्र ग्रह को प्रेम, सौंदर्य, विवाह और वैवाहिक जीवन का कारक माना जाता है। शुक्र के अस्त होने पर विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के मुहूर्त को लेकर सावधानी बरती जाती है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि करवा चौथ की खरीदारी या व्रत रखने पर भी रोक लग जाती है। सोशल मीडिया पर इस विषय को लेकर फैल रही चचाओं के कारण कई महिलाओं के मन में भ्रम है।

सुहाग का सामान खरीदना अशुभ है?

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, शुक्र ग्रह को विवाह, प्रेम, सुंदरता और वैवाहिक जीवन का कारक माना जाता है। शुक्र अस्त होने पर शादी जैसे मांगलिक कामों के मुहूर्त को लेकर सावधानी बरती जाती है। लेकिन कुछ लोग सोशल मीडिया रील्स के जरिए करवा चौथ की खरीदारी को लेकर भी भ्रम फैला रहे हैं। इस वजह से कई महिलाओं के मन में सवाल है कि क्या शुक्र अस्त होने पर सुहाग का सामान खरीदना भी गलत है। लेकिन ज्योतिषियों की मानें तो शुक्र अस्त होने के कारण व्रत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ऐसे में महिलाएं करवा चौथ के लिए नई साड़ी, चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर, मेहंदी और पूजा का सामान खरीद सकती हैं। करवा चौथ की पूजा में इस्तेमाल होने वाली चीजें पहले ही खरीदकर रख लेना अच्छा रहता है। इसके लिए करवा, छलनी, पूजा की थाली, दीपक, रोली, अक्षत, कलावा, फल और मिठाई जैसी जरूरी सामग्री जुटा लें।

29 को उदय होंगे शुक्र

पंचांग के अनुसार, शुक्र 12 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 19 मिनट पर अस्त हुए थे। इसके बाद 29 अक्टूबर को शाम 6 बजे शुक्र का उदय होगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, शुक्र के उदय होने के बाद शुभ कार्यों की शुरूआत हो सकेगी। हालांकि, विवाह जैसे मांगलिक आयोजनों के लिए अभी इंतजार करना होगा। इनकी शुरूआत कार्तिक महीने में आने वाली देवउठनी एकादशी से होगी। इस तरह महिलाएं पंचक समाप्त होने के बाद अपनी सुविधानुसार खरीदारी कर सकती हैं और करवा चौथ की पूजा की तैयारियां समय रहते पूरी कर सकती हैं।

उज्जैन में ढाई लाख लीटर दूध की रोज खपत

शहर में बड़े पैमाने पर नकली और मिलावटी दूध भी बिक रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इन दिनों दूध पीने से कई समस्याएँ हो रही हैं और इसका बड़ा कारण यह है कि मिलावटी दूध बिक रहा है जिसके कारण लोगों को कई प्रकार की शारीरिक तकलीफें हो रही हैं। दूध के उत्पादन में केमिकल का उपयोग किया जा रहा है और दुधारू पशुओं को इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं।

उज्जैन शहर में आबादी 8 लाख के करीब पहुँच गई है और इस मान से दूध की खपत भी तेजी से बढ़ रही है। प्रतिदिन शहर में लाखों लीटर दूध की खपत होती है और आपूर्ति करने के लिए नकली और मिलावटी दूध भी शहर में खपाया जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक शहर में प्रतिदिन ढाई से 3 लाख लीटर दूध की खपत हो रही है। दूध की अधिकांश आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों से होती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जाँच नहीं होती। पशु पालकों द्वारा अधिक दूध के उत्पादन के लिए पशुओं को इंजेक्शन देते हैं और इस दूध के सेवन से लोग कई प्रकार की शारीरिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। चिकित्सकों ने बताया कि मिलावटी दूध के सेवन से लोगों को पाचन समस्या, थकान, नींद नहीं आना एवं शुगर बढ? जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि ढाई लाख लीटर दूध घरों में ही खप जाता है। अगर उज्जैन शहर की 2 हजार से अधिक छोटी-बड़ी चाय की दुकानें और होटलें इसमें जोड़ दी जाए तो यह आंकड़ा 7 से 8 लाख लीटर दूध की प्रतिदिन की खपत तक पहुँच रहा है। यही कारण है कि सरकार भी दूध उत्पादन को बढ़ाने के प्रयास कर रही है।

न्यूज कालम



महा वाल्मीकि पंचायत द्वारा वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई

मनावर। मनावर गोगा मेडी भेरवान चौक वाल्मीकि बस्ती मे महा वाल्मीकि पंचायत द्वारा वाल्मीकि जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महा वाल्मीकि पंचायत के चौधरी अनिल तोमर द्वारा भगवान वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। भगत दिनेश तोमर, ओम प्रकाश घारू, राजेश तोमर,आत्माराम घारू, कुंदन पथरोड, अनिल रेवाल, सुदेश घारू, अजय घारू, दीपक घारू, चंदन आदिवाल,महेश तोमर चंदन घारू, विशाल चौहान,कालू तोमर,तरुण घारू, गोपू घारू,राजा तोमर,सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे और पूजा-अर्चना की। सभी ने भगवान वाल्मीकि जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

शरद पूर्णिमा पर शहर सहित समूचे अंचल में आस्था का उजास फैला नजर आया



खरगोन। शरद पूर्णिमा पर शहर सहित समूचे अंचल में आस्था का उजास फैला नजर आया। शहर की कॉलोनी, बस्तियों, मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए। कई स्थानों पर गरबा नृत्य भी किया गया। इस दिन चंद्रमा की चांदनी में दूध गर्म कर पीने की महत्ता होने से लोगों ने अमृत रुपी दूध का प्रसाद के रुप का दुग्धपान किया। शहर की ब्रजधाम कालोनी जैतापुर में शरद पूर्णिमा महोत्सव भक्ति भाव और उत्साह के साथ मनाया गया। यहां देर शाम से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होना प्रारंभ हो गए थे।महोत्सव का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ,एवं भारत माता की आरती,और राधा-कृष्ण के रुप में सज-धजकर किया गया पारंपरिक गरबा नृत्य में भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।महोत्सव में उपस्थित सभी भक्तों ने पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ इस बरकत को ग्रहण किया, जिससे पूरे वातावरण में अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम के दौरान चंद्रमा की चांदनी में विशेष रूप से गर्म किया गया दूध भक्तों में प्रसाद के रूप ग्रहण किया।ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणें अमृत समान गुणकारी होती हैं, और इस दूध को ग्रहण करने से शारीरिक तथा मानसिक आरोग्य व समृद्धि प्राप्त होती है। भक्तों ने पूर्ण आस्था के साथ इस अमृत समान दूध को ग्रहण किया।

पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए शिविरों में पहुंचकर पंजीयन कराएं



आलीराजपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों के साथ साथ आलीराजपुर जिले में भी मतदाता सूची में नए एवं छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम दर्ज कराने के लिए विशेष मतदाता पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही घर-घर जाकर नागरिकों को मतदाता पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष मतदाता पंजीयन शिविरों का लाभ उठाएं तथा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आगे आएं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता पंजीयन से वंचित न रहे।

स्पेशल ट्रेन के आठ फेरे निरस्त

इन्दौर। परिचालन संबंधी कारणों से ट्रेन संख्या 07606/07605 उधना हजूर साहिब नांदेड़ साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के आठ फेरे निरस्त किए गए हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 3, 10, 17 एवं 24 नवंबर, 2026 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 07606 उधना हजूर साहिब नांदेड़ साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे निरस्त रहेगी। इसी प्रकार, 2, 9, 16 एवं 23 नवंबर, को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 07605 हजूर साहिब नांदेड़ उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त व्यवस्था को ध्यान में रखें।

प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 3 पर स्थित दूसरे उत्तरी फुट ओवर ब्रिज की दक्षिणी सीढ़ी बंद

इन्दौर। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुंबई रेल विकास निगम द्वारा मीरा रोड स्टेशन पर स्टेशन सुधार संबंधी कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मुंबई रेल विकास निगम द्वारा प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 एवं 3 पर स्थित दूसरे उत्तरी फुट ओवर ब्रिज की दक्षिणी सीढ़ी को हटाया जाएगा। इस कारण यह सीढ़ी तत्काल प्रभाव से यात्रियों के आवागमन के लिए बंद कर दी गई है। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा खेद व्यक्त की गई है।

नेशनल लोक अदालत में सुलह से होगा मामलों का निराकरण

सनावद। आगामी 21 नवंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से न्यायालय परिसर सनावद में अधिवक्ताओं के साथ विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार आयोजित शिविर में न्यायाधीश योगेश चालीसा एवं न्यायाधीश आकांक्षा गर्ग ने अधिवक्ताओं को लोक अदालत के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में न कोई हारता है और न कोई जीतता है। आपसी सहमति और सुलह-समझौते के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। यह सुलभ न्याय का प्रभावी माध्यम है, जो आपसी संबंधों, मित्रता और रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शरद पूर्णिमा पर सिंगाजी मंदिर चंपा तालाब में विशाल भजन संध्या एवं निशान यात्रा का भव्य आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



- शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत श्री सिंगाजी मंदिर प्रांगण चम्पा तालाब खंडवा में विशाल भजन संध्या का आयोजन रेवा इवेंट हंडिया द्वारा किया गया। भजन गायिका साध्वी कान्हाप्रिया जी सोडलपुर म.प्र. द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

भजन संध्या के पूर्व निशान यात्रा खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे द्वारा चम्पा तालाब हनुमान मंदिर से रवाना होकर संत श्री सिंगाजी मंदिर तक संत भक्तों ,भजन मंडली द्वारा सुमधुर भजनों के साथ मृदंग झांझ मंजीरा के साथ झूमते गाते हुए पहुंची। विधायक सहित सिंगाजी के भक्त जीवनलाल नागरे, अर्जुन कनाडे, *नारायण फरकले*, बसंत ढाक्से, नरेन्द्र नागरे स्वेता जायसवाल आदि ने सिंगाजी महाराज की आरती, जोत जलाकर निशान चढ़ाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामंत्री विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, विशेष अतिथि समाजसेवी प्रमोद जैन, कथा वाचक हरीशंकर मकवाने, श्रीमती चारुलता यादव, मंगल यादव, जगदीश चन्द्र चौरे, कबीर संत, गणेश कानडे, प्रेमलाल गोयल, नानुराम मांडले, प्रवीण ढाक्सिया, वासुदेव अटूट, राजेन्द्र माणिक, दीपक कनाडे, जयश्री भालसे, रानी कनाडे, नेहा यादव मुकेश चाकरे आदि थे।इस भव्य भजन संध्या में दीदी कान्हाप्रिया जी द्वारा 'दुल्हों बन्यो निर्वाण सिंगाजी बाबा दुल्हों बन्यो निर्वाण' भजन पर भक्तजन खूब झूमे नाचे। दीदी के भजनों पर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा एवं खूब तालियां की गड़गड़ाहट से सदन गुंज उठा। कथा वाचक हरीशंकर मकवाने ने भी सिंगाजी को धाम बड़ों प्यारो लागे भजन प्रस्तुत किया। मुकेश तनवे जी, बसंत ढाकसे,कल्पना नागरे, एवं स्वेता जायसवाल ने भी गीत प्रस्तुत किया।रेवा इवेंट लाइट एंड ट्रस साउंड के सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर लखनलाल वानखेड़े, विनय मालवीय, कपिल सोलंकी, ताराचंद सैनी,अनिकेश ठाकुर, विजय तंवर, धर्मेन्द्र नागरे, कुलदीप नागरे,नरेंद्र गोयल, अनिल सावनेर, गोविंद सावनेर, मुकेश भगोरे,श्रेयांस ढाकसे, धर्मेन्द्र साकल्ले, सहित हजारों भक्तों ने भजनों का लाभ उठाया एवं प्रसादी ग्रहण की। सफल संचालन हरीसखी श्वेता जायसवाल एवं नारायण फरकले द्वारा किया गया, आभार मंदिर सेवक नरेंद्र नागरे द्वारा माना गया।

माँ नर्मदा के पावन तट पर 31 अक्टूबर को होगा सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का द्वितीय चरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

संत 10008 योगेश महाराज बालीपुर सरकार द्वारा लिए गए सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ के संकल्प के द्वितीय चरण के तहत, आगामी 31 अक्टूबर शनिवार को शाम 7 बजे मां नर्मदा के पावन तट पर संतों के सान्निध्य में सर्व सनातन समाज द्वारा सामूहिक एकादश हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर स्थानीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में नगर के विभिन्न समाज अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने और रूपरेखा तय करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव, नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे , ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नंदकिशोर डोंगरे, सतीशचंद्र मोयदे, शरद वैद्य, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, डॉक्टर अखलेश बर्वे , राजपूत समाज से भूपेंद्र चौहान व भंवर पटेल, पाटीदार समाज से गणेश मामा पाटीदार, नितिन पाटीदार व विक्की पाटीदार, प्रजापत समाज से नंदू भाई प्रजापत, राजाराम प्रजापत व राकेश प्रजापत, अग्रवाल समाज से पवन अग्रवाल, बासौड समाज से कमलेश चौहान, बलाई समाज से हरी गाडगे, केवट समाज से गोपाल केवट, यादव समाज से राम यादव, सिख समाज से गोल्डी छाबड़ा, स्वर्णकार सोनी समाज से नंदकिशोर सोनी, आकाश सोनी व रौनक सोनी, उपस्थित थे।

मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कब तक? दो महिला डॉक्टरों के भरोसे चल रहा सरकारी अस्पताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टाण्डा



आदिवासी अंचल में आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बाग-टांडा क्षेत्र में कई दिनों से 108 एंबुलेंस सेवा बंद होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं और दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने को लेकर चिंता बढ़ गई है।

108 एंबुलेंस सेवा के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के अनुसार, मेंटेनेंस के लिए एंबुलेंस को भोपाल भेजना पड़ता है। उन्होंने अगले एक-दो दिन में सेवा बहाल होने की उम्मीद जताई है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि एंबुलेंस मेंटेनेंस के लिए भेजे जाने पर मरीजों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई? आदिवासी अंचल के कई गांव अस्पतालों से दूर हैं। ऐसे में आपात कालीन स्थिति में एंबुलेंस की अनुपलब्धता मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। अब स्वास्थ्य विभाग से सवाल है कि सेवा बंद रहने के दौरान मरीजों को आपातकालीन सुविधा कैसे उपलब्ध कराई जा रही है और भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए क्या व्यवस्था की जाएगी?

जनहित की मांगः बाग-टांडा क्षेत्र में 108 एंबुलेंस सेवा तत्काल बहाल की जाए। साथ ही, मेंटेनेंस के दौरान वैकल्पिक एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आपातकाल में मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। ग्रामीणों के अनुसार उनका कहना ये है की 108 एम्बुलेंस नही होने से किराए के वाहन से मरीज को ले जाना पड़ता है। ज्ञात हो कि टाण्डा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की भी कमी है। जिससे भी स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ रहा है। अभी सिर्फ दो महिला डॉक्टर है। जिसमें डॉ. ऋषिका बिनोरिया व डॉ.शिवानी बेनल के भरोसे ही सरकारी हॉस्पिटल चल रहा है। पिछले दिनों डॉक्टर यह जैन की पदस्थापना के लिए ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम भी किया गया था।



समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो सीधे मुझे कॉल करें - कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

शासन के निर्देशानुसार हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में नवागत कलेक्टर विवेक कुमार ने मंगलवार को अपनी पहली जनसुनवाई ली। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने संवेदनशीलता की मिसाल पेश की। जनसुनवाई में आए आवेदक दयाशंकर एवं उनकी पत्नी से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा - आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा, यदि निराकरण नहीं होता है तो आप मेरे पर्सनल नंबर पर मुझे सीधे कॉल कर सकते हैं। उन्होंने आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना तथा अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर देकर आश्वस्त किया। इसी दौरान कलेक्टर ने मानवीय संवेदन शीलता का परिचय देते हुए आवेदिका रुखडीबाई को अपने समीप बैठाकर उनकी समस्या सुनी। आत्मीयता के साथ उनकी बातों को समझा तथा आवास संबंधी समस्या के निराकरण के लिए आश्वस्त किया। आमजन की समस्याओं को सम्मानपूर्वक सुनने की यह पहल जनसुनवाई के संवेदनशील स्वरूप को दर्शाती है। कलेक्टर जनसुनवाई पंजीयन काउंटर पर भी पहुंचे और प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। वहां मौजूद दिव्यांग आवेदक से चर्चा कर उनकी पारिवारिक स्थिति एवं समस्या के संबंध में जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं

बड़वानी। आम नागरिकों की समस्याओं का सीधे संवाद के माध्यम से त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निराकरण करने की प्रतिबद्धता के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय बड़वानी में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर आवेदकों की समस्याएं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जमीनी विवाद, लड़ाई-झगड़े, आपसी लेनदेन, महिला संबंधी एवं पारिवारिक विवादों से संबंधित कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने तथा शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



भुसावल मंडल के डीआरएम ने रेलवे ओवरब्रिज के लिए किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

लालबाग के शिवाजी नगर और चिंचाला क्षेत्र के करीब 20 हजार रहवासियों को आवागमन की समस्या से राहत दिलाने के लिए सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की पहल पर मंगलवार को भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पुनीत अग्रवाल रेलवे अधिकारियों की टीम के साथ बुरहानपुर पहुंचे।

सांसद पाटील ने अधिकारियों और क्षेत्रवासियों के साथ शिवाजी नगर रेलवे क्रॉसिंग का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर क्षेत्र की जरूरतों से अधिकारियों को अवगत कराते हुए शिवाजी नगर में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की आवश्यकता प्रमुखता से रखी। इस दौरान नेपानगर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, डीआरयूसीसी सदस्य पंकज नाटानी, पूर्व महापौर अतुल पटेल, अनिल भोसले, सहित जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सांसद ने बताया कि शिवाजी नगर और चिंचाला क्षेत्र की करीब 20 हजार आबादी को रेलवे लाइन के कारण आवागमन में काफी असुविधा होती है। नागरिकों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष परेशानी होती है। गुलाबगंज रेलवे ओवर ब्रिज इस समस्या का उचित विकल्प नहीं है, क्योंकि वहां तक पहुंचने में भी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में शिवाजी नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अलग ओवरब्रिज का निर्माण आवश्यक है।



कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार आयोजित जनसुनवाई में आए कुल 62 आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाता है।मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी ने कुल ६२ आवेदकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के दूरस्थ ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।जनसुनवाई में मुख्य रूप से आवारा आक्रामक कुत्तों को पकड़ने, राजस्व अंतर्गत बंटवारा, नामांतरण, स्वामित्व, भूमि का पट्टा प्रदाय किए जाने, निजी कॉलोनियों से संबंधित समस्याओं, निजी भूमि पर आने जाने का रास्ता दिलवाए जाने, प्रधानमंत्री आवास, वन भूमि पट्टा, पेंशन प्रकरण, भू-अर्जन तथा पुलिस विभाग इत्यादि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर ने उपस्थित सभी जिला अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, जिन प्रकरणों में त्वरित निराकरण संभव न हो, उनकी वस्तुस्थिति से शुक्रवार तक अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।



घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पाये जाने पर 5 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 6 सिलेंडर जप्त

बड़वानी । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में मंगलवार को बड़वानी में घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकने हेतु जांच की गई जिसमें 5 प्रतिष्ठानों होटल से कुल 6 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार रूद्र कैफे बड़वानी से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर भरा हुआ, मां नर्मदा जी होटल बड़वानी से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर खाली, खुशनीया बिरयानी होटल बड़वानी से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर आधा भरा हुआ, लवकुश होटल बड़वानी से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर खाली तथा सांवरिया होटल बड़वानी से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर खाली जप्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की गई है। जप्त सामग्री की कुल कीमत 13200 रुपये है। उक्त जांच में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री भूरमल बामने शामिल रहे।

समयावधि पत्रकों की समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में जनसुनवाई कक्ष में समयावधि पत्रकों की समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने समस्त एसडीएम को अवैध रेत परिवहन एवं रेत धुलाई के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर एवं स्वामित्व रजिस्ट्री के कार्य में प्रगति लाने और शासकीय छात्रावासों में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण करने को कहा साथ ही जिन छात्रावासों में पेयजल से संबंधित परेशानी होने पर नजदीकी पंचायतों से टैंकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ।

समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में श्रमिक के कल्याण के लिए श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित करने,अनुग्रह राशि से संबंधित लंबित प्रकरणों का दो दिवस में निराकरण करने तथा योजनाओं की फाइलें लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने समस्त जनपद पंचायत अधिकारी को



निर्देशित करते हुए कहा कि ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें और हितग्राहिमूलक योजना से संबंधित योजनाओं की कार्यप्रणाली में सुधार लाए । इस दौरान उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास में प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करें साथ ही निराकृत नहीं होने वाले आवेदनों में स्पष्ट कारण दर्ज कर संबंधित व्यक्ति को अवगत कराए । किसी भी परिस्थिति में पात्र व्यक्ति के आवेदनों को लंबित न रखें उन्हें शासन की योजनाओं से लांभवित करें ।सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा जनजातीय कार्य विभाग को निर्धारित समय से अधिक लंबित शिकायतों के संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में गीता भवन एवं केंद्रीय विद्यालय के लिए चिह्नित भूमि संबंधी कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने, सभी हॉस्टलों में आयुर्वेदिक औषधि किट पहुंचाने तथा जिले में आरोग्य शिविर लगाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए । इस दौरान जनसुनवाई में ग्राम आम्बाखेड़ी तहसील जोबट निवासी राघुसिंह पिता रतनिया चौहान ने शासकीय सीसी रोड को जेसीबी मशीन से तोड़कर आवागमन बाधित किए जाने की शिकायत के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की लंबे समय से मांग के बाद ग्राम में सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल रही थी। अनावेदकगण द्वारा जेसीबी मशीन से उक्त सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने तथा वाहनों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।उन्होंने बताया की पूर्व में भी इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर मौका जांच होने के बावजूद आज दिनांक तक संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई।

न्यूज -कॉलम

रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों को किया जागरूक



उज्जैन। ऑनलाइन साइबर फ्रॉड के बढते मामलों को लेकर जीआरपी टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया शुरू किया गया है। मंगलवार को जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने टीम के साथ रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। टीम द्वारा यात्रियों को बताया कि ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिये सावधानी ही सबसे बडा हथियार है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लीक ना करे। अंजान व्यक्ति के साथ ओटी और बैंक संबंधी जानकारी शेयर ना करें। अगर साइबर धोखाधडी होती है तो तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 शिकायत दर्ज कराये।

देवासरोड पर कारों की भिड़ंत, एक पलटी 3 घायल

उज्जैन। देवासरोड आक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के पास रात 12 बजे के लगभग 2 कारों की भिडंत हो गई। एक कार पलटी खा गई जिसमें सवार सुनील पिता बाबूलाल सूर्यवंशी 25 साल निवासी पिपलिया सारंग उन्हेल, कर्तव्य पिता महेन्द्र मालवीय 23 साल जावरा और अमन पिता हैदर शेख 21 साल निवासी दरभंगा बिहार घायल हो गये। तीनों इंदौर रोड होटल प्रेसिडेंट में काम करते है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर नागझिरी थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी, दूसरी कार क्षतिग्रस्त हुई थी, जिसका चालक मौके से चला गया था। नागझिरी थाना पुलिस ने घायल सुनील सूर्यवंशी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। स?क दुर्घटना का दूसरा मामला घौंसला महिदपुर रोड ग्राम खेडाखजूरिया में हुआ। 2 बाइक की टक्कर में एक बाइक पर सवार भवानीराम पिता जगदीश नट निवासी ग्राम सादवा कायथा, उसकी पत्नी किरण, भांजी मुस्कान और पुत्री दिक्षा घायल हो गये। टक्कर मारने वाला बाइक चालक भाग निकला था। राघवी पुलिस ने मामला दर्ज कर भागे बाइक चालक की तलाश शुरू की है।

मेड खोदने की बात पर परिवार 2 पक्षों में हुआ विवाद

उज्जैन। बडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सारोला में खेत की मेड खोदने की बात पर परिवार के 2 पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों पक्ष आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। पुलिस ने एक पक्ष से चेतन पिता उदयसिंह पंवार की शिकायत पर मंगलसिंह, मोहनसिंह और अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वहीं मंगल पिता मदनसिंह की शिकायत पर चेतन, उदयसिंह, सोहन और रूपसिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया। दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पारिवारिक विवाद के एक मामला बडनगर के ग्राम जाफला से सामने आया। पुलिस ने राधेश्याम पिता छीतरसिंह और उसके भतीजे रवि पिता घनश्यामसिंह की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। रवि का आरोप था कि रास्ते की बात को लेकर बडे पापा के परिवार ने मारपीट की है। वहीं राधेश्याम की ओर से उसकी पत्नी राधाबाई और पुत्री मनसा घायल हुई है। जिनका आरोप था कि गेहूं रखने की बात पर रवि ने विवाद किया था।

नीलगाय आने पर बिगड़ा बाइक चालक का संतुलन

उज्जैन। भैरवगढ़ का रहने वाला मोहन पिता रणछोड मालवीय 40 साल सोमवार को महिदपुर में रहने वाली बुआ के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात में वापस लौट रहा था। पानबिहार के पास अचानक नीलगाय सामने आने पर उसकी बाइक का संतुलन बिगड गया और टकराने पर घायल हो गया। उसे उपचार के लिये लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। घायल का कहना था कि अंधेरा होने पर वह जानवर नहीं देख सका लेकिन गाय जैसा बडा जानवर था। ग्रामीण क्षेत्रों में नीलगाय की मौजदूगी अब भी बनी हुई है। जिसके चलते बाइक सवारों के साथ होने वाली दुर्घटना के मामले सामने आते रहते है।

डंपर चालक ने खड़े लोडिंग वाहन को मारी टक्कर

उज्जैन। कायथा थाना क्षेत्र में तेजगति से दौडते डंपर चालक ने सडक किनारे लोडिंग वाहन को टक्कर मार दी। लोडिंग में आर्यन पिता सालिगराम चौहान 19 साल निवासी ब्राह्मण पिपल्या बैठा था। वह घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला। पुलिस ने लोडिंग चालक रितेश पिता तोफानसिंह की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

दिन	358-6	238-3
मेन बाजार	560-1	380-1
कल्याण नाइट	267-5	200-2
मिलन डे	447-5	244-0
मिलन नाइट	278-7	558-8
मधुर डे	670-3	125-8
मधुर नाइट	124-7	126-9
शुभांक	5 3	1

पांच पर लगाया आरोप, 2 के खिलाफ लिखाई शिकायत.....

चलती कार में इंदौर की युवती के साथ हैवानियत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चलती कार में इंदौर की युवती के साथ हैवानियत होने का मामला सोमवार-मंगलवार रात नानाखेडा थाना पुलिस के पास पहुंचा। रात 3 बजे तक मामले की जांच चलती रही। मंगलवार तड़के 2 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये गये।

इंदौर की रहने वाली युवती की कुछ माह पहले इंस्टाग्राम पर उज्जैन के चक्रेश जैन नामक युवक से दोस्ती हुई थी। सोमवार शाम युवती मिलने के लिये उज्जैन पहुंची। इंदौर रोड मेघदूत होटल के बाहर से युवक ने उसे अपनी कार में बैठाया। उसके बाद दोनों ने एक स्थान पर कॉफी पी। उसके बाद युवती के साथ चलती कार में हैवानियत का घटनाक्रम शुरू हुआ। उज्जैन से इंदौर पहुंची युवती रात 12 बजे के लगभग वापस मुंहबोले भाई के साथ उज्जैन लौटी और नानाखे?ा थाना पुलिस को आपबीती सुनाई। युवती का कहना था कि चक्रेश जैन ने उसे काफी देर तक घूमाया उसके बाद कॉफी पीते समय उसका एक दोस्त आ गया। वहां से आगे जाने पर उनके 3 साथी भी कार में बैठ गये। इंदौर जाते समय उसके साथ पांचों ने गंदा काम शुरू कर दिया। उसके प्रायवेट पार्ट में पाइप डाला गया। चलती कार में युवती के साथ हैवानियत होने की जानकारी मिलते ही सीएसपी श्वेता गुप्ता भी नानाखेड़ा थाने पहुंच गई थी। युवती ने लिखित शिकायत की, थाना प्रभारी ने महिला अधिकारी द्वारा की गई पूछताछ के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया। इस दौरान 2 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जिसमें मुख्य आरोपी चक्रेश जैन और उसका एक अन्य साथी था। दोनों की मंगलवार दिनभर तलाश चलती रही लेकिन देर शाम तक दोनों पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके थे। पुलिस द्वारा इंदौर रोड़ पर लगे कैमरे भी देखे गये है। एक टीम इंदौर और उज्जैन में चक्रेश के ठिकानों का पता लगाकर दबिश दे रही है।

आपबीती का वायरल किया वीडियो

युवती ने अपने साथ हुई हैवानियत का मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल किया। जिसमें उसने पूरी घटना बताते हुये पांच लोगों पर आरोप लगाया। उसका कहना था कि चक्रेश से इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद वह मिलने आई थी। उसके साथ हुई घटना के बाद उसे इंदौर में छोड़ दिया गया। उसने अपने मुंहबोले भाई को बुलाया और घटना बताई। भाई उसे उज्जैन लेकर आया।

प्रायवेट पार्ट में नहीं मिली चोंट

सीएसापी श्वेता गुप्ता ने बताया कि युवती के आरोपों को देखते हुये रात में ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया, लेकिन उसके प्रायवेट पार्ट में कोई इंजरी नहीं पाई गई। युवती के बयान दर्ज किये गये है, युवती पूर्व में भी चक्रेश से मिलने उज्जैन आ चुकी थी। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

परिवार से अलग रहती है युवती

बताया जा रहा है कि इंदौर में रहने वाली युवती परिवार से अलग रहती है और प्रायवेट जॉब करती है। पुलिस उसके परिवार का पता लगाने के प्रयास कर रही है। चक्रेश जैन जयसिंहपुरा क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसके साथियों के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी।

पिस्टल से फायर कर धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

1 लाख की मांगी थी फिरौती, घेराबंदी में टूटी टांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फिरौती नहीं देने पर पिस्टल से फायर कर जान से मारने की धमकी देने वाले हिस्ट्रीशिटर बदमाश को पुलिस ने एमआर-5 रोड पांड्याखेडी ब्रिज के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। बदमाश का साथी फरार है, जिसके संबंध में पूछताछ की जा रही है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर में बदमाश रवि डाबी और सावन लौहार ने निहालसिंह उर्फ नेनी के घर में घुसकर 1 लाख की फिरौती मांगी और जान से मारने की धमकी देकर पिस्टल से फायर किया था। दोनों बदमाशों ने ट्रेवल्स एजेंसी का संचालन करने वाले निहाल के दोस्त हितेश यादव को भी धमकाया था और साथ में चलने का दबाव बनाया था। मामले में पुलिस ने दोनों बदमाशों के



खिलाफ 8 धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। दोनों की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। इसी बीच खबर मिली कि बदमाश रवि डाबी एमआर-5 रोड पांड्याखेडी ब्रिज के पास से अपने घर की ओर ढांचा भवन आ रहा है। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने एसआई सत्यनारायण प्रजापति, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, नवीन, आरक्षक आनंद मिश्रा, जगदीश गेहलोत को धरपकड के लिये रवाना किया। बदमाश ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया लेकिन घेराबंदी में गिरकर घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया, पैर में चोंट लगने पर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि बदमाश से पूछताछ कर उसके साथी सावन लौहार का पता लगाया जा रहा है।

पांच थानों में दर्ज है 23 प्रकरण

थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि बदमाश रवि पिता जगदीश डाबी के खिलाफ माधवनगर, चिमनगंज, नागझिरी, देवासगेट और नरवर थाने में एक साल के दौरान 23 अपराध दर्ज हो चुके है। उसका फरार साथी सावन भी अपराधिक प्रवृति का है। जिसकी गिरफ्तारी भी जल्द की जायेगी।

क्षिप्रा में डूबा दर्शन करने आया राजस्थान का युवक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दोस्तों के साथ महाकाल दर्शन करने आया युवक मंगलवार दोपहर क्षिप्रा नदी में डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो तैराक दल के सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद युवक का शव बाहर निकाला गया।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर में एक युवक के क्षिप्रा नदी में डूबने की सूचना मिलने पर टीम पहुंची थी। इस दौरान सामने आया कि डूबा युवक सचिन पिता मांगूसिंह 22 साल निवासी पाली राजस्थान है। उसके तीन दोस्तों आशीष, समीर और वैभव ने बताया कि वह इंदौर में जॉब करते है, सुबह महाकाल दर्शन करने के लिये इंदौर से उज्जैन आये थे। नहाने के लिये क्षिप्रा नदी पहुंचे थे। इस दौरान सचिन गहरे पानी में चला गया था, उसे तैराना नहीं आता था। उसे बचाने के लिये शोर मचाया।

पुलिस के अनुसार डूबे युवक की तलाश में मां क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों ने सर्चिंग शुरू कर कुछ देर में उसका शव बाहर निकाला। मामले की सूचना परिजनों को दी गई। शाम को उज्जैन पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। उसका शव अंतिम संस्कार के लिये पैतृक गांव पाली ले जाया गया है।

बाडे में रस्सी के फंदे पर लटका मिला हाली

इंगोरिया/उज्जैन। किसान के यहां काम करने वाले हाली ने मंगलवार को अनाज के बाडे में रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। उसे लटका देख किसान परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये बड़नगर अस्पताल पहुंचाया।

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि ग्राम पलवा में गिरधारीलाल हारोड के खेत पर रतलाम के रावटी स्थित ग्राम सेमलखेडी का रहने वाला धन्नालाल उर्फ मनीष पिता सुखराम भील 28 वर्ष 2 साल से हाली का काम कर रह था। सुबह उसका शव अनाज रखने के बाडे में वेंटिलेशन पर रस्सी के फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। गिरधारीलाल ने बताया कि सोमवार शाम खेत पर उसे टिफिन देने पहुंचा था, उसके बाद रात में 10 बजे के लगभग लाइट आने पर उसे कॉल कर



पानत करने के लिये कहा था। सुबह जब मवेशियों को दूध निकालने खेत पर आया तो धन्नालाल फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी सालभर पहले छोड़कर चली गई थी। पूर्व में उसका परिवार भी हारोड़ परिवार के यहां काम कर चुका था। 2 साल से धन्नालाल काम कर रहा था। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

देवास से गिरफ्त में आया हफ्तावसूली का आरोपी

उज्जैन। शराब के पैसे नहीं देने पर तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी सालभर बाद देवास से पुलिस की हिरासत में आ गया। वह धमकी देने के बाद से फरार चल रहा था।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि सालभर पहले गलपुरा में नीमनवासा के रहने वाले विजय कुमार सोलंकी से क्षेत्र के बदमाश राहुल मालवीय ने शराब पीने के लिये हफ्ता मांगा था और तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में बदमाश के खिलाफ हफ्तावसूली का प्रकरण दर्ज किया गया था। उसकी तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी गई थी लेकिन गिरफ्त में नहीं आ सका था। सोमवार रात सूचना मिली कि फरार आरोपी देवास के शंकरगढ़-बरोठा रोड स्थित एक ढाबे पर कुछ दिनों से दिखाई दे रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम रवाना की गई। रात में बदमाश हिरासत में आया गया। जिसे उज्जैन लाया गया और पूछताछ कर उसके घर से तलवार बरामद की गई। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक अनिल पाल और आरक्षक पंकज पाटीदार का सहयोग रहा।

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर बेबाक राय रखेंगे युवा

उज्जैन। युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार रखने का मंच प्रदान करने के लिए माय भारत केंद्र उज्जैन द्वारा 3 नवंबर को आईटीआई कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के तहत आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय एक राष्ट्र एक चुनाव रखा गया है। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस युवा संसद में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों की आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में की जाएगी। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले युवाओं को निर्धारित विषय पर तीन मिनट का भाषण देना होगा। प्रतिभागी अपना भाषण हिंदी, अंग्रेजी या संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किसी भी भाषा में प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन वक्ताओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

कोतवाली पुलिस की पूछताछ में खुला केमिकल वाली शराब विक्रय का पूरा राज...

देवास कलेक्टर- एसपी का तबादला, जिला आबकारी अधिकारी सहित 3 गिरफ्तार

आरोपियों से पूछताछ का दायरा बढा, 6-7 अक्टूबर से 11-12 अक्टूबर के बीच विक्रय की केमिकल वाली शराब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

चंदाना ग्राम पंचायत के तहत अक्टूबर माह के प्रथम पखवाडे में शराब सेवन से ही कुछ मौतों के होने का राज फाश हो गया है। देवास कोतवाली थाना पुलिस ने इसे उजागर कर दिया है। इधर मंगलवार को देवास के कलेक्टर ऋतुराजसिंह एवं एसपी पुनीत गेहलोत को राज्य शासन ने हटा दिया है। इसके साथ ही देवास जिला आबकारी अधिकारी बसंती भुरिया सहित 3 को निलंबित किया गया है।

देवास पुलिस की और से जारी विज्ञप्ति के अनुसार थाना कोतवाली जिला देवास पर 26 अक्टूबर को दर्ज अप क्र 768/26 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार 10 आरोपियो से की गई प्रारम्भिक पूछताछ एवं तकनीकी विशलेषण से प्राप्त हुए तथ्यों में यह बात साफ तौर पर सामने आई है कि चंदाना में केमिकल वाली शराब का विक्रय हुआ था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अजय राठौर पुर्वाडा दाई इदौंर ने अन्य गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर केमिकल युक्त शराब का निर्माण एवं विक्रय किया। उसने 01 अक्टूबर को महावीर मार्केट, लोहा मंडी इंदौर स्थित गोडाउन से केमिकल मंगवाया था जिसे दवा बाजार इंदौर स्थित गोडाउन संचालक के कार्यालय से बुक किया गया था।

अजय के मकान में तैयार हुई शराब- पुलिस ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि पुर्वाडादाई गांव स्थित अजय राठौर के मकान तथा साथी गोविंद के लौहार पिपल्या स्थित मकान मे केमिकल मे पानी मिला कर लाईसेंसी शराब जैसी दिखने योग्य बोटलें तैयार की गई । क्षिप्रा एवं भाड़ा पिपल्या स्थित वाईन शाप से लाईसेंसी शराब की पेटिया अवैध तरिके से चंदाना बिंजाना क्षेत्र मे विक्रय करवाई ,इस दौरान केमिकल से बनी शराब की बोटल कुछ कुछ मात्रा मे पेटियों मे मिलाई गई । प्राथमिक पुछताछ मे सामने आया कि 06-07 अक्टूबर से 11-12 अक्टूबर के मध्य इनका विक्रय करने के तथ्य सामने आये हैं। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण में धारा 49 क आबकारी अधिनियम का ईजाफा किया है। कोतवाली पुलिस की एक टीम मंगलवार देर शाम को इंदौर के लोहा मण्डी स्थित गोडाउन एवं दवा बाजार स्थित ऑफिस को सील करने के लिये रवाना हुई है। पुलिस से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अग्रिम विवेचना एवं पुछताछ जारी।



नेहा मीना कलेक्टर होंगी-मंगलवार को मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने एक आदेश जारी कर देवास कलेक्टर ऋतुराजसिंह को हटाते हुए उन्हें उपसचिव मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग में भेजा है। इनके साथ ही आदेश में सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल को प्रबंध संचालक राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल भेजा गया है। सिवनी कलेक्टर नेहा मीना को कलेक्टर देवास की जिम्मेदारी दी गई है। प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम भोपाल दिलीप कुमार यादव को कलेक्टर सागर की जिम्मेदारी दी गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग उप सचिव अंजू अरूण कुमार को कलेक्टर सिवनी बनाया गया है। सुश्री मीना पूर्व में नीमच में अपर कलेक्टर रही हैं। एक बार फिर से वे उज्जैन संभाग में अपनी प्रशासनिक दक्षता के लिए देवास भेजी गई हैं।

आदित्य मिश्रा होंगे एसपी- मंगलवार को ही राज्य शासन के गृह विभाग ने देवास एसपी पुनीत गेहलोत का तबादला सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल किया है। उनके स्थान पर बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा को भेजा गया है। इसके साथ ही सागर पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया को भी सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया है। ग्वालियर 14 वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल सेनानी संजीव कुमार सिन्हा को सागर पुलिस अधीक्षक की कमान सौंपी गई है।

जिला आबकारी अधिकारी सहित 3 निलंबित-आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने चंदाना मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया ,सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश कुमार पवार सहित उप निरीक्षक राजश्री खन्ना को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में स्पष्ट रूप से चंदाना के घटनाक्रम का उल्लेख किया गया है।

निलंबन आदेश में घटना का जिक्र- आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने स्पष्ट उल्लेख किया कि 15 एवं 18 अक्टूबर को ग्राम चंदाना / बिंजाना जिला देवास में दो व्यक्तियों की मृत्यु की मर्ग जांच के दौरान में उक्त ग्राम में अवैध शराब का विक्रय होना पाया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब विक्रय में संलिप्त दस व्यक्तियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 768/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम 1915 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त परिस्थितियों से स्पष्ट है कि संबंधित अधिकारियों ने अपने क्षेत्राधिकार में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण स्थापित करने तथा अधीनस्थ अमले की गतिविधियों पर सम्यक निगरानी रखने में घोर लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति शिथिलता बरती गई है। प्रकरण की गंभीरता तथा प्रथमदृष्टया प्रदर्शित कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता को दृष्टिगत रखते हुए तथा मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्र./सी-6-1-2011-3-एक दिनांक 03 फरवरी 2011 में दिये गये प्रावधान अंतर्गत मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया , सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश कुमार पवार एवं उप निरीक्षक राजश्री खन्ना का मुख्यालय कार्यालय उपायुक्त आबकारी, संभागीय उडनदस्ता, संभाग-उज्जैन निर्धारित किया गया है। का निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

सत्य का अनुभव करें



जब कभी कोई महापुरुष केवल भावुकता के बल से अतींद्रिय अवस्था में जा पड़े, तो वह उस अवस्था से कुछ सत्य ही नहीं लेकर आए, बल्कि साथ ही अंधविश्वास, धर्मांधता भी लेते आए। उनकी शिक्षा में जो उत्कृष्ट अंश है, उससे जगत का जैसा उपकार हुआ है, धर्मांधता व अंधविश्वासों से वैसे ही क्षति भी हुई है। मानव जीवन नाना प्रकार के विपरीत भावों से ग्रस्त होने के कारण असामंजस्यपूर्ण है। इस असामंजस्य में कुछ सामंजस्य और सत्य प्राप्त करने के लिए हमें युक्ति-तर्क के अतीत में जाना पड़ेगा। यह धीरे-धीरे करना होगा, नियमित साधना द्वारा ठीक वैज्ञानिक उपाय से हमें उसमें पहुंचना होगा और सारे अंधविश्वासों को छोड़ देना होगा। कोई विज्ञान सीखने के समय जैसा हम लोग करते हैं, इस अतिचेतन अवस्था के अध्ययन के लिए ठीक उसी धारा का अनुसरण करना होगा। युक्ति-तर्क को ही अपनी नींव बनाना होगा। युक्ति-तर्क हमें जितनी दूर ले जा सकता है, हम उतनी दूर जाएंगे और जब युक्ति-तर्क नहीं चलेगा, तब वही हमें उस सर्वोच्च अवस्था की प्राप्ति का रास्ता दिखला देगा। अतः यदि कोई अपने को दिव्य प्रेरणा से प्रेरित कहकर दावा करे, फिर साथ ही युक्ति के विरुद्ध भी अटपट बोलता रहे, तो उसकी बात मत सुनना। क्यों? इसलिए कि जिन तीन भूमियों की बात कही गयी है, जैसे- जन्मजात प्रवृत्ति, चेतन या तर्कजात ज्ञान और अतिचेतन या ज्ञानातीत भूमि-ये तीनों एक ही मन की विभिन्न अवस्थाएं हैं। एक मनुष्य के तीन मन नहीं हैं, वरन् एक ही मन की एक अवस्था दूसरी अवस्थाओं में परिवर्तित हो जाती है। जन्मजात-प्रवृत्ति चेतन या तर्कजात ज्ञान में और तर्कजात ज्ञान अतिचेतन में परिणत होता है। अतः इन अवस्थाओं में से कोई भी अवस्था दूसरी अवस्थाओं की विरोधी नहीं है। यथार्थ दिव्य प्रेरणा, तर्कजात ज्ञान की अपूर्णता को पूर्ण मात्र करती है। महापुरुषों ने जैसा कहा है, हम विनाश करने नहीं आए, वरन पूर्ण करने आए हैं, इसी प्रकार दिव्य प्रेरणा भी तर्कजात ज्ञान का पूरक है और उसके साथ उसका पूर्ण समन्वय है। यह भी समझना आवश्यक है कि इस दिव्य प्रेरणा को प्राप्त करने की शक्ति प्राचीन पैगंबरों की तरह प्रत्येक मनुष्य के स्वभाव में है। वे हमारे-तुम्हारे समान ही मनुष्य थे। वे अत्यंत उच्च कोटि के योगी थे। उन्होंने अतिचेतन अवस्था प्राप्त कर ली थी। प्रयत्न करने पर तुम और हम भी उसकी प्राप्ति कर ले सकते हैं। इस अवस्था को प्राप्त करना ही धर्म है। केवल प्रत्यक्ष अनुभव द्वारा यथार्थ शिक्षा प्राप्त होती है। हम लोग भले ही जीवन भर तर्क-विचार करते रहें, पर स्वयं प्रत्यक्ष अनुभव किए बिना सत्य का कण मात्र भी न समझ सकेंगे।

सम्पादकीय


ब्राजील का जनादेश

ब्राजील में वाम विचारों के नेता लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने चौथी बार राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। लूला डा सिल्वा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप की इच्छा थी कि ब्राजील में लूला के मुख्य प्रतिद्वंद्वी दक्षिणपंथी फ्लेवियो बोल्सोनारो को विजय हासिल हो, पर उनके हाथ निराशा आई है। लूला को यह जीत 51.75 प्रतिशत वोटों के साथ मिली है, जबकि बोल्सोनारो को 48.25 प्रतिशत वोट मिले। जीत-हार का अंतर बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन तब भी यह जीत बहुत मायने रखती है। पांच सबसे बड़े लोकतंत्र में ब्राजील चौथे स्थान पर है और इन पांच देशों में वह अकेला है, जहां लोगों ने वाम विचार को तरजीह दी है। सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दक्षिणपंथ का पक्षधर माना जाता है, तो दूसरे सबसे बड़े लोकतंत्र अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप घोर वाम विरोधी हैं। तीसरे सबसे बड़े लोकतंत्र इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो और पांचवें बड़े लोकतंत्र जापान की प्रधानमंत्री सनाय ताकाइची को भी दक्षिणपंथ समर्थक माना जाता है। अतः लूला की जीत से दुनिया में वाम विचार के लोकतंत्र समर्थकों को बहुत बल मिला है।

फिर एक बार यह साबित हुआ है कि दुनिया में हर जगह अमेरिकी मनमानी नहीं चलेगी। बहरहाल, 80 वर्षीय लूला डा सिल्वा ने पहली बार 1989 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें जीत के लिए 2002 तक इंतजार करना पड़ा। उसके बाद से ही वह सत्ता में रहे या विपक्ष में, हमेशा ब्राजील की राजनीति के केंद्र में रहे हैं। वह बेहतर राजनीति के दम पर अपनी वर्कर्स पार्टी के झंडे तले चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं। गौरतलब है कि लूला की राह में ट्रंप ने बहुत कांटे बिछाए थे। ब्राजील पर बार-बार टैरिफ की तलवार से प्रहार हो रहा था। ब्राजील का व्यापार भी अमेरिका के निशाने पर रहा है और ब्राजील की ब्रिक्स में सक्रियता भी अमेरिका को चुभती रही है। इसके बावजूद लूला अपनी विचारधारा के साथ अडिग रहे हैं। उन्होंने ट्रंप को यहां तक कह दिया था कि ब्रिक्स अमेरिका विरोधी है और दुनिया को किसी सम्राट की जरूरत नहीं है।

ठोस प्रमाणों पर हो सार्थक चर्चा

दिल्ली चलो रैली से कितना बदलेगा सियासी परिदृश्य?



सौरभ वार्ष्णेया (दैनिक अवन्तिका)

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और नागरिक अधिकारों की अभिव्यक्ति का आधार हैं। ऐसे में जब चुनाव प्रक्रिया अथवा मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल उठते हैं, तो उनका महत्व किसी एक राजनीतिक दल या गठबंधन तक सीमित नहीं रहता। यह लोकतंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ा विषय बन जाता है। इसी संदर्भ में इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग के खिलाफ अपना राजनीतिक अभियान तेज करने की तैयारी की है। गठबंधन की प्रस्तावित 'दिल्ली चलो रैली और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रतीकात्मक 'जन महाभियोग की घोषणा ने चुनावी पारदर्शिता, संवैधानिक जवाबदेही और विपक्ष की राजनीति को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। वहीं एसआईआर का आशय था कि मतदाता सूचि को संशोधित किया जाये जबकि बार बार सिस्टम की नाकामी साबित सामने आ रही है। ऐसे में इंडिया गठबंधन के दिल्ली चलो रैली से किना सियासी परिदृश्य बदलेगा यह देखने वाली बात होगी?

इंडिया गठबंधन को ले तो इनके प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, 30 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रतीकात्मक 'जन महाभियोग आयोजित किया जाएगा, जबकि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'दिल्ली चलोइ रैली होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग को लेकर जनता के सामने अपना पक्ष रखा जाएगा। गठबंधन का आरोप है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं। हालांकि, इन आरोपों की वास्तविकता का आकलन संबंधित तथ्यों, दस्तावेजों और चुनाव आयोग के जवाब के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में मतदाता सूची तैयार करना और उसे नियमित रूप से अद्यतन रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल हों और अपात्र नाम हटाए जाएं, यह सुनिश्चित करना निर्वाचन व्यवस्था की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने, गलत तरीके से हटने या किसी अन्य प्रकार की त्रुटि की शिकायत सामने आती है, तो उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

एसआईआर जैसी प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना हो सकता है, लेकिन उसकी सफलता केवल प्रशासनिक आंकड़ों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और नागरिकों के भरोसे से तय होगी। यदि किसी मतदाता को अपना नाम हटाए जाने या शामिल नहीं किए जाने की आशंका है, तो उसे आपत्ति दर्ज कराने, दस्तावेज प्रस्तुत करने और समयबद्ध समाधान प्राप्त करने का प्रभावी अवसर मिलना चाहिए। विशेष रूप से गरीबों, प्रवासी श्रमिकों, बुजुर्गों और उन नागरिकों के लिए व्यवस्था सरल होनी चाहिए, जिनके पास आवश्यक दस्तावेज जुटाने के सीमित साधन हैं। इंडिया गठबंधन ने इसी प्रक्रिया में कथित गड़बाड़ियों को अपना प्रमुख मुद्दा बनाया है। अब महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या विपक्ष अपने आरोपों को ठोस प्रमाणों के साथ सामने रख पाएगा और क्या चुनाव आयोग प्रत्येक शिकायत का स्पष्ट एवं तथ्यपरक उत्तर देगा? लोकतांत्रिक व्यवस्था में आरोप लगाने का अधिकार विपक्ष को है, लेकिन आरोपों की जांच और निष्कर्ष तथ्यों के आधार पर ही निकलने चाहिए।

चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसकी विश्वसनीयता लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उसकी जिम्मेदारी केवल चुनाव संपन्न कराना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और कानून के अनुरूप हो। आयोग के प्रति जनता का विश्वास कमजोर पड़ता है, तो चुनाव परिणामों की स्वीकार्यता और राजनीतिक व्यवस्था की स्थिरता भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए चुनाव आयोग को विपक्ष की आलोचना को केवल राजनीतिक आरोप मानकर खारिज करने के बजाय, जहां आवश्यक हो, तथ्यों के साथ जवाब देना चाहिए। मतदाता सूची में संशोधन, नाम हटाने की प्रक्रिया, दावों और आपत्तियों के निस्तारण तथा शिकायतों पर कार्रवाई से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करना इस दिशा में उपयोगी कदम हो सकता है।

दूसरी ओर, किसी संवैधानिक पदाधिकारी पर लगाए गए आरोपों को प्रमाणित मान लेना भी उचित नहीं होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ इस्तीफे की मांग करना विपक्ष का राजनीतिक अधिकार है, लेकिन पद से हटाने की प्रक्रिया संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप ही हो सकती है। प्रतीकात्मक 'जन महाभियोग जनता के बीच राजनीतिक संदेश देने का माध्यम हो सकता है, परंतु वह अपने आप में किसी संवैधानिक पदाधिकारी को हटाने की औपचारिक कानूनी प्रक्रिया का विकल्प नहीं है।

रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली इंडिया गठबंधन के लिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने का अवसर भी होगी। चुनावी पारदर्शिता जैसे मुद्दे पर विपक्ष विभिन्न दलों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहा है। यदि गठबंधन इस अभियान को केवल नारों और आरोपों तक सीमित रखने के बजाय प्रभावित मतदाताओं की शिकायतों, दस्तावेजी साक्ष्यों और सुधार के ठोस सुझावों से जोड़ता है, तो उसे व्यापक जनसमर्थन मिल सकता है।लेकिन विपक्ष के सामने एक चुनौती यह भी है कि जनता के सामने उसकी विश्वसनीयता केवल सरकार या चुनाव आयोग की आलोचना से नहीं बनेगी। उसे यह बताना होगा कि मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर करने के लिए वह कौन-से व्यावहारिक उपाय चाहता है और नागरिकों के मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए उसकी स्पष्ट कार्ययोजना क्या है। राजनीतिक दलों के लिए यह भी जरूरी है कि वे अपनी शिकायतों को संबंधित वैधानिक मंचों पर उठाएं और उपलब्ध कानूनी उपायों का उपयोग करें।वहीं, सत्तापक्ष और चुनाव आयोग की ओर से भी अपेक्षा की जाती है कि वे इस मुद्दे को केवल विपक्ष की राजनीति बताकर टालने के बजाय सार्वजनिक विश्वास को मजबूत करने वाले कदम उठाएं। लोकतंत्र में संस्थाओं की प्रतिष्ठा आलोचना से नहीं, बल्कि पारदर्शी कामकाज, जवाबदेही और निष्पक्ष आचरण से मजबूत होती है।

इंडिया गठबंधन की 'दिल्ली चलो रैली और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्तावित प्रतीकात्मक कार्यक्रम का वास्तविक महत्व इस बात से तय होगा कि इससे मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर कितनी सार्थक चर्चा आगे बढ़ती है। केवल भीड़ जुटाना या राजनीतिक आरोपों को दोहराना किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है।

लापरवाही के कारण दुर्घटना

मामला अनुशासन का था। नए डिजिटल रेलवे सुधारों के तहत ट्रैक की गश्त करने वाले हर कर्मचारी के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया था कि वह हर तीस मिनट पर पटरी के बीचों-बीच खड़े होकर ऐप पर अपनी फोटो अपलोड करे, ताकि साबित हो सके कि वह सो नहीं रहा है। रहस्य और रोमांच इस बात का था कि किलोमीटर 312 के उस अंधेरे, पथरीले घुमाव पर क्या वह डिजिटल सिग्नल समय पर पकड़ में आएगा?

पहाड़ी मोड़ पर कड़ाके की ठंड और घना कोहरा छाया हुआ था। अड़तालीस साल का शंकर अपनी भारी लोहे की किट, भारी हथौड़ा और टॉर्च संभाले पटरियों पर चल रहा था। उसका बदन पसीने से तर था। शंकर की मोबाइल स्क्रीन पर उल्टी गिनती चल रही थी। स्क्रीन पर गोल चकरी घूम रही थी—ह्यकमजोर नेटवर्क! कृपया खुले स्थान पर जाएं।

यार, तुमने कभी सोचा है कि जब कोई गरीब अपनी ईमानदारी साबित करने के लिए किसी मशीन के सामने गिड़गिड़ाता है, तो तकनीक कितनी अंधी हो जाती है?

शंकर का वेतन मात्र कुछ सौ रुपये था, जिसमें से अगले महीने उसकी बेटी आरती की नर्सिंग कॉलेज की फीस जानी थी। अगर आज एक भी ह्यरेड मार्कह्ल ऐप पर लग गया, तो पूरा हाजिरी भत्ता कट जाता। उसे पिछले साल वादा किया गया था कि गैंगमैनों को जीपीएस वाला रक्षक सुरक्षा बैंड दिया जाएगा, जो ट्रेन के आते ही कंपन करने लगता है। लेकिन उस सुरक्षा बैंड का ग्लोबल टेंडर पिछले अठारह महीनों से रेलवे बोर्ड की फाइलों में अटका पड़ा था क्योंकि दो विदेशी कंपनियों के बीच कमीशन का विवाद सुलझ नहीं पाया था। शंकर नेटवर्क की तलाश में उस ऊंचे लोहे के पुल की तरफ बढ़ा, जहां मोबाइल का एक खंभा दिखता था। टाइमर पर सिर्फ चालीस सेकंड बचे थे।

शंकर ने दोनों पटरियों के बीच पैर जमाए। उसने कांपते हाथों से मोबाइल का फ्रंट कैमरा ऑन किया।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28अक्टूबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:25सूर्यास्त 17:45
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - तृतीया04:12 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - कृत्तिका16:49 उपरांत रोहिणी
योग - व्यतिपात11:07 उपरांत वरीयान
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृषभ में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 16मास तारिख

मेष- कार्यस्थल पर आपकी ऊर्जा और प्रयास सफल होंगे। व्यापार में नए सौदे तय होंगे, लाभ होगा।

वृषभ- मित्रों से संबंध और प्रगाढ़ होंगे। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनेगी। सेहत अच्छी रहेगी, फुर्ती बनी रहेगी।

मिथुन- हनुमान जी को सिंदूर अर्पित करें। कार्यकुशलता से जटिल काम निपटाएंगे। व्यापारिक यात्राएं लाभप्रद साबित होंगी।

कर्क- प्रियजनों के साथ समय सुखद बीतेगा। वित्तीय स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा।

सिंह- मानसिक रूप से ऊर्जावान महसूस करेंगे। बंदरों को गुड़ खिलाएं। निर्णय लेने की क्षमता से फायदा होगा।

कन्या- व्यापार में नए अवसर भुनाने में सफल रहेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

तुला- आय में वृद्धि होने के स्पष्ट संकेत हैं। शारीरिक रूप से बेहद ऊर्जावान रहेंगे। हनुमान को लाल फल चढ़ाएं।

वृश्चिक- विरोधियों की योजनाएं विफल होंगी। व्यापार में मुनाफा बढ़ने के योग हैं।

धनु- पारिवारिक सहयोग हिम्मत बढ़ाएगा। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

मकर- अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है, संयम रखें। लिखा-पढ़ी के मामलों में सावधानी रखें। बुद्धिमानी से सभी काम समय पर बनेंगे।


कुंभ- परिवार के साथ तालमेल बेहतर बनाएं। अनचाहे खर्चों से बचना जरूरी है। थकान हो सकती है, आराम करें।

मीन- आपकी बातों का प्रभाव दफ्तर में दिखेगा। व्यापार में मुनाफे के मौके बढ़ेंगे। परिवार में शुभ कार्य की रूपरेखा बनेगी।

समसामयिक

शरद ऋतु, एक अहसास, सर्द हवाओं की सिहरन और जीवनशैली

मौसमों का बदलना प्रकृति का सबसे सुंदर और जादुई नियम है। जब उमस भरी गर्मी और वर्षा की विदाई के बाद धीरे-धीरे हवा में हल्की ठंडक घुलने लगती है, तब आगमन होता है शरद ऋतु का।



डॉ. मुश्ताक अहमद (दैनिक अवन्तिका)

यह सिर्फ. एक मौसम नहीं, बल्कि भावनाओं, संवेदनाओं और हमारे पूरे जीवनचक्र में एक नए बदलाव का खूबसूरत अहसास है। आइए, इस मनमोहक ऋतु के विभिन्न रंगों और हमारी दिनचर्या पर इसके प्रभाव को महसूस करते हैं।

सर्द हवाओं की वह कपकपी और पहला अहसास, शरद ऋतु की शुरूआत बड़ी ही नजाकत से होती है। सुबह और शाम के वक्त चलने वाली ठंडी हवाएं जब बदन को छूती हैं, तो एक हल्की सी सिहरन या कपकपी दौड़ जाती है। यह वह समय है जब प्रकृति अपनी अंगड़ाई लेती है। ओस की बूंदें जब सुबह-सुबह हरी घास और फूलों की पत्तियों पर मोतियों की तरह चमकती हैं, तो मन अनायास ही प्रफुल्लित हो उठता है। यह ठंडक चुभने वाली नहीं, बल्कि तन और मन दोनों को ताजगी से भर देने वाली होती है।

बदलता पहनावा,हल्के ऊनी वस्त्रों का दौर, जैसे-जैसे सिहरन बढ़ती है, हमारी अलमारी और कपड़ों का अंदाज भी बदल जाता है। भारी भरकम स्वेटर या कोट के बजाय इस मौसम में हल्के शॉल, स्टाइलिश जैकेट्स, और सूती-ऊनी मिश्रित कपड़ों का दौर शुरू होता है।

सुबह और रात की ठंड से बचने के लिए हल्के शॉल या चादर ओढ़ना और धूप में बैठते वक्त मनपसंद जैकेट पहनना इस ऋतु के खास सुकून का हिस्सा है। रहन-सहन और खान-पान, शरद ऋतु का सीधा असर हमारी पाचन शक्ति और खान-पान पर पड़ता है। आयुर्वेद के अनुसार भी इस ऋतु में पाचन अग्नि तीव्र होती है, जिससे शरीर को ऊजार्वान बनाए रखने के लिए अच्छे खान-पान की आवश्यकता होती है। खान-पान,, इस मौसम में गर्म तासीर वाली और पौष्टिक चीजें हमारे खान-पान का अहम हिस्सा बन जाती हैं। ताजे मेवे (बादाम, अखरोट), गुड़, तिल के लड्डू, और गर्मागर्म सूप या चाय इस ऋतु का मजा दोगुना कर देते हैं। मौसमी फल जैसे संतरा, अमरूद और सेब सेहत के लिए वरदान साबित होते हैं।

दिनचर्या,इस सुहावने मौसम में सुबह की गुनगुनी धूप का आनंद लेना सबसे पसंदीदा कार्य होता है। लोग छतों या आंगनों में बैठकर धूप सेकते हैं, जिससे शरीर को प्राकृतिक ऊर्जा मिलती है। रात की लंबी और ठंडी नींद इस मौसम में बेहद सुकून भरी होती है।

प्रकृति का निखरा हुआ स्वरूप, शरद ऋतु में आसमान की नीलिमा देखने लायक होती है। बादलों से मुक्त साफ नीला आसमान और उस पर चमकता सूरज एक अलग ही दिव्यता का अहसास कराता है। चाँदनी रातें इतनी साफ और शीतल होती हैं कि शरद पूर्णिमा की रात तो जैसे उत्सव का रूप ले लेती है। शरद ऋतु जीवन की रफ्तार को थोड़ा धीमा कर हमें अपने भीतर झांकने और प्रकृति के सौंदर्य से जुड़ने का अवसर देती है। सर्द हवाओं की वह पहली कपकपी, सुबह की ओस, गर्मागर्म चाय की चुस्कियां और इस मौसम में बदला हुआ हमारा रहन-सहन,सब मिलकर जीवन को एक नया संगीत और सुकून देते हैं।

हवाओं में सिहरन है, फिजाओं में नूर है, शरद के आने से, हर दिल में एक शुरूर है।

सामान्य सूत्र प्रदूषण में लंग्स की गंदगी को करेंगे साफ

लंग्स हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है जिसके बिना हम जिंदा नहीं रह सकते। फेफड़े ही वायु को खींचते हैं और उनमें से बहुत सी गैसों को निकालकर शुद्ध ऑक्सीजन को छान लेते हैं। इस ऑक्सीजन को खून के माध्यम से शरीर के कतरे-कतरे तक पहुंचा दिया जाता है। इसी से हम जिंदा रहते हैं। लंग्स में कोई भी खराबी जीवन के लिए घातक हो सकती है। इसलिए लंग्स या फेफड़े की सफाई बहुत जरूरी है। ऑक्सीजन को लाने के अलावा लंग्स कार्बडाइऑक्साइड को शरीर से बाहर भी करते हैं। इसके अलावा लंग्स शरीर में पीएच का बैलेंस करते हैं और शरीर को बाहरी आक्रमण से बचाते हैं। शरीर में जैसे ही इंफेक्शन वाले सूक्ष्मजीवों का हमला होता है, फेफड़े में मौजूद म्यूकोसिलयरी क्लीयरेंस इसका सफाया कर देता है। प्रदूषण में लंग्स पर कई तरह के जहरीली रसायनों का हमला होता है। इससे लंग्स कमजोर होने लगते हैं लेकिन लंग्स को मजबूत बनाने के लिए यहां दिए जा रहे कुछ सामान्य सूत्र बेहद काम आएंगे।

1- हेल्दी फूड-लंग्स की सफाई के लिए हेल्दी फूड का होना बेहद जरूरी है। हेल्थलाइन की खबर के मुताबिक चुकंदर, गोल मिर्च, सेब, कद्दू के बीज, हल्दी, टमाटर, ब्लूबेरी, ग्रीन टी, लाल बंदगोभी आदि लंग्स की



सफाई वाले फूड हैं। सर्दी के दिनों में इन फूड का सेवन बढ़ा दें इससे लंग्स पर जहरीली रसायनों का कम प्रभाव पड़ेगा।

2- स्मोकिंग छोड़ें-अमेरिकन लंग्स एसोसिएशन के मुताबिक हेल्दी फेफड़े के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप स्मोकिंग छोड़ दें और अल्कोहल का भी सेवन न करें। स्मोकिंग लंग्स को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। इसलिए यदि आप फेफड़े की सफाई करना चाहते हैं तो सबसे पहले स्मोकिंग को हर हाल में छोड़ दना होगा। स्मोकिंग फेफड़े में सड़न पैदा कर इनमें सूजन पैदा करता है।


3- रेगुलर एक्सरसाइज-फेफड़े को मजबूत बनाने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज बहुत जरूरी है। इसके लिए ब्रीदिग एक्सरसाइज बहुत फायदेमंद होता है। एक्सरसाइज से लंग्स में संकुचन पैदा होती है जिससे फेफड़े में लचीलापन बढ़ता है और इससे सहन शक्ति बढ़ती है। इसके लिए लंबी गहरी सांस लेकर फिर उसे छोड़ना फायदेमंद होता है। प्राणायाम योग भी इसके लिए फायदेमंद होता है।

4- एयर प्यूरीफायर प्लांट-जिस घर में आप रहते हैं वहां अंदर की हवा भी साफ होनी चाहिए। इसके लिए आप एयर प्यूरीफायर नेचुरल प्लांट को लगा सकते हैं। इसके लिए स्पाइडर प्लांट, मनी प्लांट, पीस लिली और बैंबू प्लांट लगाना फायदेमंद रहेगा

5- प्रदूषण के संपर्क से बचें-जहां तक संभव हो प्रदूषण के संपर्क में न जाएं। अगर बाहर ज्यादा प्रदूषण है तो कोशिश करें कि घर में ही रहें और घर में एक्सरसाइज कर लें। बाहर निकलें तो मास्क लगाकर बाहर जाएं

धर्म-आस्था

करवा चौथ से करदैयान नोंबू तक, परंपराएँ अनेक, प्रेम की प्रार्थना एक




अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

भारत की सांस्कृतिक विविधता का सबसे सुंदर पक्ष यह है कि भावनाएँ भले एक हों, उनकी अभिव्यक्ति के तरीके अलग-अलग हैं। पति की दीर्घायु और वैवाहिक सुख की कामना से जुड़े व्रत इसका उदाहरण हैं। उत्तर भारत में करवा चौथ और तमिलनाडु में करदैयान नोंबू अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाए जाते हैं, लेकिन दोनों के केंद्र में प्रेम, आस्था और पारिवारिक मंगल की कामना है।

पंजाब में करवा चौथ की शुरूआत सूर्योदय से पहले सास द्वारा बहू को दी जाने वाली सर्गी से होती है। फल, मिठाइयों और मेवों से सजी यह थाली स्नेह और पारिवारिक अपनत्व का प्रतीक है। दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाएँ सामूहिक रूप से कथा सुनती हैं और रात में चंद्र दर्शन के पश्चात व्रत खोलती हैं। पारंपरिक परिधान, सजना-सँवरना और सामूहिक पूजा इस पर्व की रौनक बढ़ाते हैं।

हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में मिट्टी के कर-वे, व्रत कथा और बायन की परंपरा विशेष महत्त्व रखती है। कई परिवारों में मायके से बेटी के लिए फल, मिठाइयाँ, वस्त्र और श्रृंगार की सामग्री भेजी जाती है।



यह परंपरा विवाह के बाद भी बेटी के मायके से जुड़े भावनात्मक रिश्ते को जीवंत रखती है। शाम की पूजा और चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोलना इस पर्व के प्रमुख अनुष्ठान हैं।

महाराष्ट्र सहित देश के अन्य हिस्सों में भी करवा चौथ का चलन बढ़ा है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ रहने से यह पर्व नए क्षेत्रों तक पहुँचा है। महानगरों में अलग-अलग परंपराओं का मेल भारतीय संस्कृति की साझा विरासत को और समृद्ध कर रहा है।

दक्षिण भारत के तमिलनाडु में मनाया जाने वाला करदैयान नोंबू अपनी विशिष्ट धार्मिक मान्यताओं और अनुष्ठानों के लिए जाना जाता है। यह व्रत सावित्री और सत्यवान की कथा से जुड़ा है। लोकमान्यता के अनुसार, सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और बुद्धिमत्ता से यमराज से अपने पति के प्राण वापस प्राप्त किए थे। यह कथा प्रेम के साथ निष्ठा, साहस और संकल्प का संदेश भी देती है।

इस अवसर पर महिलाएँ चावल के आटे और गुड़ से ह्यनोंबू अड़ैह्ल नामक विशेष पकवान बनाती हैं। पूजा के बाद गले में पीला पवित्र धागा बाँधने की परंपरा भी निभाई जाती है। करवा चौथ के विपरीत, इस व्रत का मुख्य अनुष्ठान चंद्र दर्शन पर केंद्रित नहीं है; इसका समय तमिल पंचांग में निर्धारित संक्रांति से जुड़ा होता है। यही अंतर भारतीय परंपराओं की विविधता को दर्शाता है।

इन पर्वों का महत्त्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। ये परिवारों को एक साथ लाते हैं, पीढ़ियों के बीच परंपराओं का हस्तांतरण करते हैं और रिश्तों में अपनत्व बढ़ाते हैं। बदलते समय में इनकी भावना को प्रेम, परस्पर सम्मान और जीवनसाथी के सुख-स्वास्थ्य की कामना के व्यापक संदर्भ में भी देखा जा सकता है।

करवा चौथ हो या करदैयान नोंबू, नाम और विधियाँ अलग हो सकती हैं, लेकिन इनके पीछे छिपी भावना रिश्तों की मजबूती और जीवनसाथी के मंगल की कामना है। यही भारतीय संस्कृति की खूबी है—परंपराएँ अनेक, रास्ते अलग, मगर प्रेम और विश्वास का संदेश एक।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी- टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले के परिजनों को मिलेंगे 27.05 लाख रुपए

शुजालपुर। सड़क दुर्घटना में पति की मृत्यु के मामले में मृतक के परिजनों को न्यायालय से 27 लाख 5 हजार 580 रुपए की क्षतिपूर्ति दिलाने का आदेश पारित हुआ है। मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर की सदस्य दुर्गा सोलंकी ने बीमा कंपनी को क्षतिपूर्ति राशि के साथ आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के भी निर्देश दिए हैं। अभिभाषक महाजनसिंह परमार एवं राजपालसिंह राजपूत ने बताया कि 22 मई 2024 को शाम करीब 4 बजे जितेंद्र मालवीय निवासी ग्राम रसूलपुर खेड़ा अपने साथी गणेश के साथ मोटरसाइकिल से बारवा खुर्रम से घर लौट रहे थे। खेड़ी मंडलखा जोड़ पर गब्बर के मकान के सामने सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों की ओर से प्रस्तुत क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण में अधिवक्ताओं के तर्कों से सहमत होते हुए अधिकरण ने रेखाबाई मालवीय सहित अन्य वारिसों को बीमा कंपनी से उक्त राशि दिलाने का आदेश दिया।

पूर्णिमा पर साहित्यकारों ने काव्य रचनाओं से बांधा समां

शुजालपुर। इंद्रधनुष साहित्य परिषद के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सरस काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें साहित्यकारों ने अपनी काव्य रचनाओं की प्रस्तुति देकर साहित्यिक वातावरण को रसपूर्ण बनाया। गोष्ठी में परिषद अध्यक्ष हरीश सक्सेना, लीलाधर तिवारी, विष्णु प्रसाद फु र्सती, नरेंद्र सक्सेना निर्दोष, रमेशचंद्र परमार, संतोष कुमार जोशी, अनिल विजयवर्गीय, दिनेश व्यास, मोहनदास वैष्णव, हरबान सिंह अनुज, ओम सक्सेना, देवकरण मालवीय, महेशदास वैष्णव, नितिन सणस, मुकेश परिहार, विक्रम सिंह कुशवाह और मनोहर प्रसाद विश्वकर्मा सहित अन्य साहित्यकारों ने काव्य पाठ किया।

ट्रैक्टर और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

शाजापुर। ट्रैक्टर और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को मक्सी बायपास पर ट्रैक्टर और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर पलट गया और दिलीप पाटीदार पिता लक्ष्मीनारायण पाटीदार निवासी सिरोलिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल शाजापुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया।

अस्पताल में सांप घुसने मची अपरा तफरी

शाजापुर। जिला अस्पताल में सांप मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार सोमवार को जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर आईसीयू के पीछे स्थित स्टोर रूम में सांप घुस आया। सांप के स्टोर रूम में मिलने से अफरा तफरी का माहोल निर्मित हो गया। इस दौरान एक युवक ने सांप को पकड़ा और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

विधानसभा में मुद्दा उठाने की चेतावनी

सिंघार ने देवास से सीएम को फोन लगाकर कहा- शराब से 10-15 लोग मर गए, मुआवजे के लिए कोई नहीं पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास जिले के चंदाना गांव में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के दावों के बीच कांग्रेस नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सोमवार शाम पीड़ितों का हाल जानने गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और अपनी ओर से आर्थिक मदद का ऐलान किया।

सिंगार ने मृतक बालूसिंह के परिवार से बात करते हुए सीएम मोहन यादव को फोन लगाया। उन्होंने सीएम से कहा कि देवास में शराब से 10-15 लोग मर गए, पर प्रशासन या मुआवजे के लिए कोई नहीं पहुंचा। उन्होंने इंसानियत के नाते मदद की अपील की।

50-50 हजार की मदद का ऐलान

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गांव में एक घंटे से ज्यादा समय बिताकर शोकाकुल परिवारों से बात की। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी ने बताया कि सिंघार ने प्रत्येक मृतक और घायल के परिवार को व्यक्तिगत रूप से 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं, मीडिया से बात करते हुए सिंघार ने सरकार से मांग की कि प्रभावित परिवारों को 25-25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और कलेक्टर इन मौतों को सामान्य बता रहे हैं। सिंघार ने आरोप लगाया कि शराब बड़वाह की एक डिस्टलरी से आई थी और घटना के बाद सबूत मिटाने के लिए पुलिस ने खाली पाउच तक चुनवा लिए।

उमंग सिंघार ने आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना और मुख्यमंत्री के संबंधों का जिक्र करते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है और मुख्यमंत्री अपने मित्र आबकारी आयुक्त को बचा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पीड़ित परिवारों को तुरंत राहत नहीं मिली और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो इस मामले को आने वाले विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाया जाएगा।

आबकारी विभाग और ठेकेदार पर सादा निशाना

सिंघार ने आरोप लगाया कि गांव में लंबे समय से अवैध और नकली शराब बेची जा रही थी, जो बिना आबकारी विभाग की मिलीभगत के संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मृतकों में एक जैसे लक्षण पाए गए हैं, शराब पीने के बाद आंखों के आगे अंधेरा छाना और उल्टियां होना, जिसके बाद कई लोगों की जान चली गई।

दुबे को एमएस ईएनटी में स्वर्ण पदक, दीपिका ने एमडी एनेस्थीसिया की उपाधि हासिल की

शुजालपुर। शहर की दो युवा चिकित्सकों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से चिकित्सा शिक्षा में उल्लेखनीय सफ लता हासिल कर शुजालपुर का गौरव बढ़ाया है। शताक्षी दुबे ने एमएस ईएनटी में स्वर्ण पदक अर्जित किया,





जबकि दीपिका जोशी ने एमडी एनेस्थीसिया की पढ़ाई सफ लतापूर्वक पूरी की। दोनों की उपलब्धियां न केवल उनके परिवारों, बल्कि शहर के विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष दुबे की पुत्री शताक्षी ने आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन से एमबीबीएस करने के बाद इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज से एमएस ईएनटी की पढ़ाई पूरी की। वहीं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केके जोशी की पुत्री दीपिका ने भोपाल के एलएन मेडिकल कॉलेज एवं जेके हॉस्पिटल से एमबीबीएस के बाद इंदौर के श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से एमडी एनेस्थीसिया की उपाधि प्राप्त की। दोनों चिकित्सक परिवारों ने वर्षों से चिकित्सा सेवा के माध्यम से समाज में अपनी पहचान बनाई है। अब अगली पीढ़ी ने उच्च चिकित्सा शिक्षा में उपलब्धियां हासिल कर इस परंपरा को आगे बढ़ाया है। इन बेटियों की सफ लता संदेश देती है कि स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर परिश्रम और परिवार से मिले संस्कारों के बल पर नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं।

एमपीपीएससी में चयन पर रोहिणी परमार का पुष्पहार ने किया अभिनंदन



शुजालपुर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी की सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 में सफ लता हासिल कर समाजशास्त्र विषय में सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित शुजालपुर की बेटी रोहिणी परमार का नेकी की दीवार पुष्पहार की ओर से सम्मान किया गया। रामचरण परमार की पुत्री रोहिणी ने अपनी उपलब्धि से परिवार के साथ शहर का गौरव बढ़ाया है। रोहिणी ने शुजालपुर की ही शिक्षण संस्थाओं से शिक्षा प्राप्त की है। अब सहायक प्राध्यापक के रूप में नई पीढ़ी को शिक्षित करने की जिम्मेदारी मिलना उनकी सफ लता को खास बनाता है। सम्मान समारोह में रोहिणी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों को पेन भी वितरित किए गए। नेकी की दीवार मिर्ची बाजार में आयोजित कार्यक्रम में अभिनंदन जैन, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, डॉ. नेहा सिंह शर्मा, परमजीत कौर खालसा, राजकुमारी अग्रवाल, मीना चौधरी और रूपल शाह सहित अन्य उपस्थित रहे।

अजमीढ़ जयंती पर निकले चल समारोह का स्वागत, राधा-कृष्ण मंदिर में महाआरती

आगर मालवा। आगर मालवा में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने सोमवार को आराध्य देव अजमीढ़ जी की जन्म जयंती मनाई। इस अवसर पर लोहार दरवाजा स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में सुबह 11 बजे महाआरती की गई। इसके बाद बैंड-बाजे के साथ चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में पुरुष सफेद वस्त्र पहनकर शामिल हुए। रथ में अजमीढ़ जी का चित्र विराजित किया गया। शोभायात्रा में महिलाएं और युवतियां भी शामिल हुईं। चल समारोह स्टेट बैंक चौराहा, पुराना बस स्टैंड, महाराणा प्रताप तिराहा और डाक बंगला रोड से होते हुए गार्डन पहुंचा।

मध्य रात्रि में हुआ अमृत रूपी खीर का वितरण

अम्बे के दरबार में मना गरबा उत्सव, रायकनपुरा हनुमान मंदिर में पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शरद पूर्णिमा का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस पर्व के चलते देवालयों में मध्य रात्रि तक धार्मिक आयोजन हुए तथा अमृत रूपी दुध व खीर का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस दिन आसमान से अमृत वर्षा होती है ऐसी मान्यता है, इसी के चलते शरद ऋतु की इस पूर्णिमा पर दुध खीर वितरण के अलावा धार्मिक आयोजन भी होते है। नगर स्थित दुर्गा दरबार, श्रीराम मंदिर, कामेश्वरी मंदिर, श्रीनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर रायकनपुरा व अन्य देवालयों में शाम से देर रात तक कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी प्रकार अन्य देवालयों में भी महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। सिटी स्थित भीमपुरा अखाडा में भी प्रसादी वितरण कार्यक्रम हुआ। यहां पर महाआरती का आयोजन भी हनुमान जनकल्याण समिति ने आयोजित किया। सिटी स्थित जयहिंद टॉकिज के पीछे माँ अम्बे के दरबार में पांच दिवसीय गरबा उत्सव आयोजित किया गया। इस आयोजन की परम्परा विगत 74 वर्षो से चली आ रही है। पांच दिनों तक अखंड ज्योत प्रज्जवलित होती है। पांच दिवसीय कार्यक्रम के चलते भजन संध्या, कन्या भोज व गरबा उत्सव हुआ। माँ अम्बे के दरबार में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंडी स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान को नौका विहार कराते हुए भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सिटी स्थित रायकनपुरा के श्री हनुमान मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, एसडीओपी निमेष देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधि व मंदिर समिति से जुडे सदस्य मौजूद थे। यहां पर भगवान की महाआरती का आयोजन हुआ और वर्षभर होने वाले विभिन्न गतिविधियों में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। साथ ही प्रसादी स्वरूप दुध वितरण किया गया।



लोडिंग वाहन एवं क्रेन से पाइप चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

नर्मदा नल-जल योजना के पाइप को चोरी कर लोडिंग वाहन में भरकर ले जा रहे बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से मश्रुका बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार थाना अर्वतिपुर बड़ोदिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिंद्रा लोडिंग वाहन एवं क्रेन के माध्यम से पोलायकलां क्षेत्र में नर्मदा नल-जल योजना के पाइप चोरी कर ले जाए जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा महिंद्रा लोडिंग वाहनएवं क्रेन फराना कंपनी के साथ पाइप चोरी कर ले जा रहे आरोपी नरबतसिंह पिता भारतसिंह परमार, उम्र 44 वर्ष, निवासी भोजपुरा, इरान साईं पिता हसमुद्दीन उम्र 22 वर्ष, निवासी माधोपुर बेरिया, थाना गोनाहा, जिला पश्चिम चंपारण, बिहार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ करने पर अन्य आरोपी इशराद उर्फ सोनू, पिता शहजाद अहमद, उम्र 43 वर्ष, निवासी गुलमोहर कॉलोनी, धार, मोहम्मद अलीम पिता मोहम्मद जाकिर, उम्र 22 वर्ष, निवासी न्यू आनंद नगर, अधारताल, जबलपुर एवं मोहम्मद अर्शो पिता मोहम्मद शमीम, उम्र 22 वर्ष, निवासी अधारताल कटरा, जबलपुर के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई।

रेलवे गेट पर पटरियों के बीच गड्ढे

दो महीने पहले किया था डामरीकरण उखड़ी सड़क, लोगों को परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

शाजापुर अकोदिया-सुंदरसी मार्ग स्थित रेलवे गेट नंबर 72 पर पटरियों के बीच सड़क की खराब हालत वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। रेलवे ट्रैक के बीच कई जगह डामर उखड़ गया है और गिट्टी बाहर आने से गड्ढे बन गए हैं। ऐसे में वाहन चालकों को पटरी पार करते समय सावधानी बरतनी पड़ती है। जरा सी चूक होने पर दोपहिया वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है।

रेलवे की कई पटरियों के बीच सड़क की सतह असमतल होने से बाइक सवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों और उभरी पटरियों के बीच से वाहन निकालने के दौरान बाइक पर रखा सामान गिरने के साथ चालक के फिसलने का खतरा भी बना रहता है। वाहन चालकों के अनुसार, खाद की बोरियां और अन्य सामान लेकर निकलने वाले लोगों को ज्यादा परेशानी होती है। कई बार वाहन चालकों को पटरी के बीच रुकना भी पड़ता है।

हैरानी की बात यह है कि करीब दो महीने पहले ही रेलवे विभाग ने यहां डामरीकरण कराया था, लेकिन सड़क की स्थिति फिर खराब हो गई है।

नलखेड़ा में 85.40 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

जल्द बनेगा मां बगलामुखी देवी लोक- सीएम यादव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा



मां बगलामुखी देवी लोक के निर्माण की शुरूआत हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को 85 करोड़ 40 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

देवी लोक में 108 फीट ऊंचा मंदिर शिखर, 220 यज्ञशालाएं, चार प्रवेश द्वार, गोशाला और वीवीआईपी भवन बनाया जाएगा। लखुंदर नदी के किनारे घाट और श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशालाएं भी विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हुई पुलिया को नए सिरे से बनाया जाएगा। मार्ग चौड़ा करने के साथ मंदिर तक पहुंच आसान बनाने के लिए फोरलेन सड़क और बायपास का निर्माण भी किया जा रहा है।

देवी लोक के पहले चरण में मुख्य मंदिर 2800 वर्गमीटर क्षेत्र में बनेगा। इसका शिखर 108 फीट ऊंचा होगा। परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों के लिए 220 यज्ञशालाएं, 625 वर्गमीटर क्षेत्र में गोशाला, चार प्रवेश द्वार और सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल बनाई जाएगी। विशिष्ट अतिथियों के लिए वीवीआईपी भवन भी प्रस्तावित है। जिससे अन्य सुविधाएं भी मिलेगी।

महाकाल लोक की तर्ज पर विकास करने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल लोक के निर्माण से उज्जैन में बदलाव आया है। इसी तरह मां बगलामुखी देवी लोक बनने से नलखेड़ा और आसपास के क्षेत्र का विकास होगा। सरकार सिंहस्थ से पहले धार्मिक स्थलों पर सुविधाओं का विस्तार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का नाम लिए बिना उनकी सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर तंज कसा।

स्वच्छता का संदेश लेकर डॉक्टरों ने निकाली जागरूकता रैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छ परिवेश पहली शर्त है। इसी मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए और जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को शाजापुर में एक शानदार पहल देखने को मिली। स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिला अस्पताल प्रबंधन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए शहर में एक प्रभावी स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसने आमजन का ध्यान अपनी ओर खींचा और लोगों को सफाई के प्रति सोचने पर मजबूर कर दिया। जागरूकता रैली सिविल सर्जन डॉ. बी. एस. मैना की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में जिला अस्पताल परिसर से शुरू होकर शहर के मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। इस रैली को सफल बनाने में आरएमओ डॉ. दीपक पाटीदार, विशेषज्ञ अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की, मेरा पूरा नाम श्रीमती रेखा बंसल पति श्री ओमप्रकाश बंसल वर्तमान निवासी सी-9/2 एल.आई.जी ऋषि नगर, उज्जैन है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अंकसूची में मेरी जन्म तारीख 12/07/1954 उल्लेख है परन्तु मेरे पासपोर्ट क्रमांक P9939119 जिसकी अविध 08/08/2027 तक की है उसमें मेरी जन्म तारीख 12/09/1954 उल्लेख है वह पूर्ण रूप से गलत है कृपया भविष्य में मेरी जन्म तारीख 12/07/1954 पडी एवं मानी जाए। इति दिनांक 27/10/2026 उज्जैन

श्रीमती रेखा बंसल पति श्री ओमप्रकाश बंसल
सी-9/2 एल.आई.जी ऋषि नगर, उज्जैन
मो - 9425093456

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी 01. इब्राहिम बंदूकवाला पिता श्री तुराब अली बंदूकवाला, निवासी-89/2, तिलक मार्ग, नई सडक, उज्जैन 02. अजय अग्रवाल पिता श्री विष्णु अग्रवाल, निवासी-7/8, धनवंतरी मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन से भूखण्ड स्वामी 01. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक-37/2 एवं 38/2 जो कि धनवंतरी मार्ग फ्रीगंज उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल-103.62 वर्गमीटर हैं। जिसके पूर्व में 10 फीट की गली, पश्चिम में भूखण्ड अजय अग्रवाल जी का, उत्तर में सड़क धनवंतरी मार्ग एवं दक्षिण में-श्रीमती जय माला बंजामिन का मकान हैं एवं भूखण्ड स्वामी 02. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक-भूखण्ड क्रमांक-37/1 एवं 38/1 जो कि धनवंतरी मार्ग फ्रीगंज उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल-77.62 वर्गमीटर हैं। जिसके पूर्व में-जयवंत कुमार पॉल का मकान (वर्तमान मे इब्राहिम बन्दुकवाला), पश्चिम में कन्हैया चावला एवं श्रीमती सोनी चावला का मकान, उत्तर में सड़क एवं दक्षिण में जयवंत कुमार पॉल का मकान (वर्तमान मे इब्राहिम बन्दुकवाला) को श्री सत्या डेवल्पर्स द्वारा भागीदार :- मनोज कुमार डोडिया पिता श्री खेराजमल डोडिया, निवासी-29-30, क्षपणक मार्ग, उज्जैन को विक्रय कर दिया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया हैं। पक्षकार से किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया हैं। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंध किग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी । सूचित हो ।

इति दिनांक-27.10.2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन क्रमांक एल-03 स्थित रॉयल एन्क्लेव ग्राम कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षैत्रफल 53.47 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार पूर्व में- भूखण्ड मय प्लींथ क्रमांक 60, पश्चिम में- रास्ता कॉलोनी का, उत्तर में- भवन क्रमांक एल-04 एवं दक्षिण में- भवन क्रमांक एल-02 स्थित है। यह कि उक्त संपत्ति को विक्रय करने का सौदा दिनांक 09/07/2026 को संपत्ति स्वामी शहजाद पिता शम्सुद्दीन निवासी- 41एम आर 04 रोड़ राज रॉयल एनक्लेव कॉलोनी उज्जैन ने मेरे पक्षकार मोहम्मद युनुस पिता अब्दुल जब्बार से किया है तथा उक्त अनुबधं आज भी प्रभावशील है तथा मेरे पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त संपति को शहजाद पिता शम्सुद्दीन द्वारा बाले-बाले कुट रचित दस्तावेजो के माध्यम से उक्त संपत्ति अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करना चाहता है अतः सूचित किया जाता हैं कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भवन के संबंध में शहजाद पिता शम्सुद्दीन से किसी प्रकार का कोई अनुबंध सौदा चिट्ठी आदि नहीं करें यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसा कोई समव्यवहार उक्त संपत्ति के संबंध में किया जाता है तो उससे होने वाले समस्त न्यायलीन कार्यवाहीयो से होने वाले परिणामों एवं वैधानिक कार्यवाहियों के लिये ऐसा व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मोबाइल न. 9301860352

In The Court Of II Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री किशन देव सिंह पटेल
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000052/2026)
श्रीमती मुस्कान निगम----- आवेदक
Vs
जुगल किशोर निगम------अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांक: 20/11/2026

प्रेषिती

(1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रं. 1 श्रीमती मुस्कान निगम पति स्व. शुभम निगम, आयु-25 वर्ष, व्यवसाय-गृहिणी, निवासी-8, खण्डेलवाल नगर सेक्टर डी रतन ऐवन्यू के पास उज्जैन आदि-1 की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन अनावेदकगण क्रं.1 जुगल किशोर निगम पिता राजेन्द्र प्रसाद, आयु-50 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, क्रं.2 श्रीमती पुष्पा निगम पति जुगल किशोर, आयु-45 वर्ष, व्यवसाय-गृहिणी, निवासीगण-ग्राम सुनवानी गोपाल वार्ड क्रमांक 2 तहसील व जिला देवास आवेदिका क्रं. 1 के ससुर एवं सास है तथा आवेदिका क्रं.2 कुमारी अनिका निगम पिता स्व. शुभम निगम, आयु-2 वर्ष द्वारा नैसर्गिक संरक्षक माता मुस्कान निगम पति स्व. शुभम निगम, आयु-25 चर्ष, व्यवसाय-गृहिणी, निवासी-8 खण्डेलवाल नगर सेक्टर डी रतन ऐवन्यु के पास उज्जैन के दादा एवं दादी है। आवेदिका क्रं. 1 के पति स्व. शुभम निगम द्वारा अपने जीवनकाल में विवाह के पूर्व दिनांक 15/11/2019 को अनावेदक क्रं.3 की एक भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी क्रं. 366924359 क्रय की थी। उक्त समय आवेदिका क्रं. 1 के पति द्वारा अपने पिता अनावेदक क्रं. 1 को उक्त पॉलिसी में नॉमिनी के रुप में नामांकित किया था। आवेदिका क्रं.1 एवं उसके पति द्वारा विवाह उपरांत उक्त पॉलिसी की किश्तों की अदायगी की गयी तथा पॉलिसी अनुसार अंतिम किश्त का भुगतान दिनांक 15/05/2026 को किया गया था। उक्त पॉलिसी की बीमा राशि 500000/- रुपये है। आवेदिका के पति शुभम निगम जुगल किशोर निगम का निधन दिनांक 11/09/2026 को हो गया है । आवेदिका क्र.1 के पति का निधन के दिन ही अनावेदकगण क्रं. 1 व 2 द्वारा अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर उन्हें उनके निवास स्थान जहां पर आवेदिका क्रं. 1 के पति का निधन हुआ था घर से बाहर निकाल दिया गया और घर में मौजूद सभी चल संपत्ति एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने आधिपत्य में ले लिये गऐ जिसमें उक्त भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी के संबंधित कागजात भी सम्मिलित थे। आवेदिकागण उक्त बीमा राशि पर आश्रित है तथा वर्तमान में उक्त राशि उनके जीवन यापन का एकमात्र साधन है। आवेदिकागण पता ने मृतक शुभम निगम जुगल किशोर निगम निवासी-ग्राम सुनवानी गोपाल वार्ड क्रमांक 2 तहसील व जिला देवास की उक्त भारतीय बीमा पॉलिसी राशि के अंतर्गत देय बीमा राशि मय बोनस राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20 नवम्बर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20 नवम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 22 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(किशन देवसिंह पटेल)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, जिला उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सुप्रीम कोर्ट बोला- एसिड बिक्री पर गाइडलाइन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एसिड अटैक की घटनाओं से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान उसने कहा कि गाइडलाइन बनी है, इसके बावजूद घटनाएं हो रही हैं। इसका मतलब है कि इसमें कुछ कमी है।कोर्ट ने सरकार से कहा कि एसिड की बिक्री पर रोक वाली गाइडलाइन सभी राज्यों में लागू कराए। साथ ही हलफनामा देकर बताए कि एसिड के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए जरूरी कदम क्या होंगे। सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा कि एसिड आज भी बाजार में आसानी से मिल रहा है। केंद्र-राज्यों को मिलकर इसका समाधान करना होगा। केंद्र से जवाबदेही तय करने को कहा-बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार को यह नहीं मान लेना चाहिए कि गाइडलाइन जारी करने के बाद उसकी जिम्मेदारी राज्यों पर आ गई। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या उसने किसी राज्य से घटनाओं को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने कहा, क्या आप हमें एक ऐसा सर्कुलर दिखा सकते हैं, जिसमें किसी राज्य से पूछा गया हो कि आपकी गाइडलाइन के बावजूद घटनाएं कैसे हुई? वहां निगरानी करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों की जवाबदेही कहां है?।

तमिलनाडु जेल से फरार हुए 13 कैदी पकड़े गए

चेन्नई। तमिलनाडु के थेनी जिले की थेक्कमपट्टी सब-जेल से फरार 17 में से 13 कैदी गिरफ्तार हो चुके हैं। एक जेल के पीछे झाड़ियों में मिला। तीन सड़क पर चलते हुए और एक को ऑटोरिक्शा में चढ़ते हुए पकड़ा गया। आठ और को तमिलनाडु के थेनी शहर के पास एक जंगल वाले इलाके में ट्रैक किया गया, जहां ड्रोन और 300 से ज़्यादा पुलिस वाले सर्च में शामिल हुए। इन सभी को उठाकर पुलिस दोबारा जेल ले गई। बाकी 4 कैदियों की तलाश जारी है। इन्हें पकड़ने के लिए 17 स्पेशल टीमें बनाई गईं। घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात 9 जेलकर्मी-अधिकारी लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिए गए हैं।कैदियों ने एक साथी को मिर्गी का दौरा पड़ने का नाटक किया। उसकी मदद के लिए जैसे ही जेलकर्मी सेल में पहुंचे, सभी ने उन पर हमला कर दिया और फरार हो गए।

भारत का एससीओ समिट में पाक मंत्री को न्योता

नई दिल्ली दिल्ली में 20 से 22 नवंबर तक शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की बैठक होगी। द हिंदू के सूत्रों के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विरासत और संस्कृति मंत्री औरंगजेब खान खिची को भी इसमें शामिल होने का न्योता दिया है। अगर वे भारत आते हैं, तो 2023 के बाद यह भारत में किसी पाकिस्तानी मंत्री की पहली यात्रा होगी। इससे पहले 2023 में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो स्ष्ठह के लिए गोवा आए थे। पाकिस्तान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मंच पर उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा। ये बैठक देशों की पुरानी संस्कृति और आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय और विदेश मंत्रालय मिलकर आयोजित करेंगे। पीएम मोदी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। रूस और चीन समेत 10 देशों के नेता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

पिकल बॉल लीग में गुना के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

गुना। ग्वालियर के जीवाजी क्लब में 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित पिकल बॉल लीग में गुना शहर के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल गुना के जतिन कुमार सैलर ने अंडर-16 वर्ग में उपविजेता का खिताब हासिल किया, जबकि क्राइस्ट स्कूल के ईशान ने अंडर-12 वर्ग में विजेता बनकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी प्रतियोगिता में गुना के कोच अवधेश जोशी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर-40 वर्ग में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तीनों की उपलब्धियों से गुना के खेल जगत में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों सहित पदक विजेताओं को मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह यादव के हाथों पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर जीवाजी क्लब के ट्रेजरार संजय नीखरा, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी रमन झाम, पिकल बॉल कोर्ट इंचार्ज गगन भल्ला, एमपीपीएल के सीईओ सूर्यांश यादव और मैनेजिंग डायरेक्टर मुक्ता सिंह भी उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव चल समारोह का स्वागत किया

गुना। सनातन धर्म के प्रमुख ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि भगवान वाल्मीकि के जन्म उत्सव पर गुना शहर में निकले चल समारोह का रघुवंशी समाज ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान वाल्मीकि समाज ने ज्ञान, त्याग और समरसता के प्रतीक, आदिबाल्मीकि त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि जी के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में एक भव्य और ऐतिहासिक चल समारोह (शोभायात्रा) निकाला गया। इस पावन अवसर पर सर्व समाज के साथ-साथ रघुवंशी समाज द्वारा चल समारोह का अत्यंत आत्मीय, भव्य और गरिमामय स्वागत किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के वंशज रघुवंशी समाज ने महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा प्रकट करते हुए पूरी गर्मजोशी के साथ यात्रा का अभिनंदन किया। चल समारोह जैसे ही रघुवंशी समाज द्वारा बनाए गए स्वागत स्थल, पतंजलि स्टोर तेलघानी के समीप पहुंचा, वैसे ही पूरा वातावरण जय वाल्मीकि, जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने मिलकर चल समारोह का नेतृत्व कर रहे अतिथियों, वाल्मीकि समाज के गौरवशाली प्रतिनिधियों का फूल-माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। वहीं महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती उतारी गई और सुख-समृद्धि की कामना की गई।

नीमच में एडीएम रहकर जनहितैषी कार्यों को लेकर बनाई थी पहचान.....

कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता, सुशासन की प्रतीक कलेक्टर श्रीमती मीना

झाबुआ-सिवनी में उत्कृष्ट सेवाओं के बाद अब देवास कलेक्टर के रूप में संभालेंगी कमान

दैनिक अवन्तिका » देवास

मध्यप्रदेश शासन की वरिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ एवं जनोन्मुखी प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती नेहा मीना को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के प्रतिफल स्वरूप देवास जिले के कलेक्टर का दायित्व सौंपा गया है। शासन के प्रति पूर्ण समर्पण, उसूलों पर अडिग रहने वाली कार्यशैली और जनसमस्याओं के प्रति गहरी संवेदनशीलता ने उन्हें प्रदेश में एक कुशल, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासक के रूप में स्थापित किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा की वर्ष 2014 बेच की अधिकारी नेहा मीना की कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान है संवेदनशीलता और तत्परता। वे आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। जनसुनवाई से लेकर मैदानी भ्रमण तक, उनका एक ही ध्येय रहता है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनना, त्वरित संज्ञान लेना और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराना उनकी प्रशासनिक प्राथमिकता रही है।

देवास तीसरा जिला- भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रीमती नेहा मीना ने नीमच जिले में अपर कलेक्टर के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने जनजाति बाहुल्य जिला झाबुआ तथा जबलपुर संभाग के प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सिवनी जिले में पदस्थापना के दौरान प्रशासनिक दक्षता के कई मानदंड स्थापित किए। झाबुआ जैसे आदिवासी अंचल में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका संवर्धन, वनाधिकार तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन में उनके द्वारा किए गए नवाचारों को शासन स्तर पर सराहा गया। सिवनी जिले में भी सुशासन और विकास कार्यों को नई गति प्रदान की। फलस्वरूप शासन ने उन्हें देवास जैसे महत्वपूर्ण और औद्योगिक रूप से समृद्ध जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। देवास उनके सेवाकाल का तीसरा जिला रहेगा जिसमें उन्हें कलेक्टरी सौंपी गई है।

लालपुर के गोदाम से 10 क्विंटल 22 किलो पीडीएस का चावल जब्त

23 अक्टूबर को खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने कार्रवाई कर गोदाम को किया था सील



दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने लालपुर स्थित एक गोदाम से 10 क्विंटल 22 किलो सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का चांवल जब्त किया है। यह चांवल श्रीराम ट्रेडर्स के संचालक आयुष खंडेलवाल के गोदाम में मिला। विभाग ने मंगलवार को चावल जब्त कर उसे अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। साथ ही गोदाम संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

खाद्य नियंत्रक शालू वर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। खाद्य अधिकारी संतोष कुमार सिमोलिया ने बताया कि 23 अक्टूबर को सूचना मिलने पर विभाग की टीम ने लालपुर स्थित गोदाम पर दबिश दी थी। वहां पीडीएस का चावल मिलने पर गोदाम को उस दौरान सील कर दिया था। इसके बाद मंगलवार, 27 अक्टूबर को गोदाम खोलकर जांच की गई, जिसमें 10 क्विंटल 22 किलो चावल बरामद हुआ।

अलग-अलग बोरियों में रखा था चावल- खाद्य अधिकारी सिमोलिया ने बताया जिस गोदाम से चावल जब्त किया गया है, वहां पहले चावल मिल संचालित होती थी। गोदाम में मिला चावल विभाग की निर्धारित पैकिंग वाली बोरियों में नहीं है, बल्कि अलग-अलग बोरियों में रखा हुआ मिला । इस आधार पर आशंका जताई गई कि चावल अलग-अलग माध्यमों से खरीदा गया हो सकता है। हालांकि चावल पीडीएस का है।

कालाबाजारी रोकने के लिए जारी रहेगी कार्रवाई-खाद्य अधिकारी संतोष कुमार सिमोलिया ने बताया कि जब्त चावल को सुपुर्दगी में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान खाद्य अधिकारी (जेएसओ) रविंद्र सेंगर भी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि गरीबों और जरूरतमंद उपभोक्ताओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से मिलने वाले राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र हितग्राहियों को राशन का लाभ मिल सके और उन्हें मिलने वाली सामग्री उन तक पहुंचे।

उज्जैन के लालपुर फाटक पर आज से 3 दिन रात्रि में सड़क यातायात बंद रहेगा



उज्जैन। बुधवार रात से अगले 3 दिन अगर आप रात्रि में लालपुर रेलवे फाटक से आवागमन करना चाहते हैं तो आपको काफी समस्या का सामना करना पड सकता है रेलवे यहां रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक अगले तीन दिनों में डामरीकरण किया जाना है। इसके चलते रेलवे अगले तीन दिनों में रात में इस फाटक बंद रखेगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के विक्रम नगर-कड़छा रेलवे स्टेशन खंड के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक-07 (लालपुर फाटक), उज्जैन पर डामरीकरण एवं ट्रैक मरम्मत का अति आवश्यक कार्य किया जाना है। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 28 से 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात्रि 10-00 बजे से सुबह 06-00 बजे तक समपार फाटक क्रमांक-07 को सड़क यातायात के लिए बंद रखा जाएगा। रेलवे द्वारा यात्रियों एवं आम नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि उक्त अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

पश्चिम रेलवे-रतलाम

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं. PARKING-RTM - 018, अनुबंध का प्रकार – पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. **PARKING-RTM-BNG-TW-86-26-1 (Barnagar TW), PARKING-RTM-DADN-MX-96-26-1 (Dr.Ambedkar nagar 2W and 4W),** अनुबंध की अवधि-3 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **13.11.26** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। 0308

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दामोदर पिता मदनलाल चौधरी निवासी ग्राम पिठोरा तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 218/2/1 रकबा 0.70 हेक्टेयर स्थित ग्राम पिठोरा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) को मय तल व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा उक्त भूमि स्वामी से बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अब विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 05 (पाँच) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 28/10/2026 उज्जैन

दीपक कछवाय (सर्विस प्रोवाईडर)
कार्यालय पता 131 विद्यापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन
मो. 9074671223

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. एस-03 द्वितीय मंजिल श्रीमाया स्कवेयर 62 क्षपणक मार्ग माधव नगर सरकारी अस्पताल के सामने फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 21/2 स्थित मिल्कीपुरा नजरअली मार्ग पथ क्रमांक 01 गली न. 02 उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 51.05 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व मे- शासकीय गली, पश्चिम में- भवन मोहम्मद शरीफ का, उत्तर में- भवन फारूख मंसुरी का, दक्षिण में-भवन मोहम्मद अनवर एवं मोहम्मद ईकबाल कोठारी का स्थित है। उक्त संपत्ति चांद खान पिता अब्दुला खान ने रजिस्टर्ड वसीयत पत्र दिनांक 01/05/2014 के माध्यम से ईदरीश खान पिता चांद खान के हित में निष्पादित कि। तथा चांद खान की मृत्यु हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी ईदरीश खान ने उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 760/15/7पीटी दिनांक 27/02/2015 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा ईदरीश खान द्वारा उक्त संपत्ति का दान पत्र अमीर खान के हित में निष्पादित करना प्रस्तावित है। तथा अमीर खान ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है तथा मेरी पक्षकार संस्था उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रही हैं अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

In The Court Of X Civil Judge Class ii, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्रीमती प्राची सिंह पटेल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A/0000557/2025)
विशाल महाडिक.. .....वादी
विरूद्ध
क्षत्रिय मराठा समाज उज्जैन.....प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक 19/11/2026

प्रेषिती-
सर्वसाधारण

आवेदन पत्र आदेश 1 नियम 8 सहपठित धारा 151 सीपीसी के अंतर्गत प्रस्तुत कर सर्वसाधारण को तथा संबंधित समस्त व्यक्तियों को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय में वादी यह कि प्रार्थीगण क्रं.1 विशाल महाडिक पिता श्री सदाशिव राव, आयु-41 वर्ष, निवासी-वेदनगर उज्जैन आदि-3 द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्त्योंत्यों की ओर से एक प्रतिनिधि वाद क्षत्रिय मराठा समाज आदि के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा दिनांक -18-09-2026 को वादी पक्ष को आदेश 1 नियम 8 सीपीसी के तहत अन्य सभी संबंधित व्यक्तियों की ओर से यह मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। अत: इस वाद में क्षत्रिय मराठा समाज से संबंधित कोई व्यक्ति या संस्था उक्त मुकदमें में पक्षकार बनना चाहता है तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से न्यायालय द्वारा निधारित आगामी तिथि तक स्वयं या अपने अधिक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकता है । नियत दिनांक 19/11/2026 को न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय या उभय पक्षीय रुप से आगे बढाई जायेगी जो सभी संबंधित व्यक्तियों पर बाध्यकारी होगी । यह आज तारीख 24 October 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दे-1. यदि किसी कारणयश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
प्राची सिंह पटेल
दशम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड उज्जैन म.प्र.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी आशीष सोनी पिता श्री राजेन्द्र सोनी आयु 40 वर्ष व्यवसाय-व्यापार निवासी-125, कंठाल चौराहा, नजरअजी मार्ग, उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक भवन म्यु. क्रमांक पुराना 1310, नवीन म्यु. क्रमांक 125 का पश्चिम दिशा वाला भाग, वर्तमान म्यु, क्रमांक 125/2 जो कि नज़रअली मार्ग, उज्जैन में स्थित है। भवन का कुल क्षेत्रफल 48-75 वर्गमीटर है जिसकी पैमाईश लम्बाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 13.47 मीटर चौडाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 3.51 मीटर व बतरफ दक्षिण 3.10 मीटर है तथा जिसकी चर्तु:सीमा में पूर्व में भवन का शेष भाग, पश्चिम में मकान रामलाल जवाहरलाल का, उत्तर में नजरअली मार्ग, दक्षिण में-शामलाती पैसेज व बाड़ा है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया है और आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन कर लिया है तथा अब शेष राशि अदा करके रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है। उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा।

दिनांक-27.10.2026 उज्जैन

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन
मो. 9993079516-94250 94349

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.बी. फ्यनेशियल सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड, शाखा 21 अंकपात मार्ग निकास चौराहा आई.सी.आई.सी.आई बैंक के पास उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की भवन म्यु. क्रमांक 39/42 स्थित देवता कॉलोनी भगत सिंह मार्ग उज्जैन में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफ ल 69.70 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- भवन लक्ष्मीनारायणजी, पश्चिम में- भवन मुकेशजी का, उत्तर में- भगतसिंह मार्ग, दक्षिण में- भवन राजेन्द्र कुमार का स्थित है। उक्त सम्पत्ति रमेशचंद्र सोलंकी पिता शंकरलाल सोलंकी ने रजिस्टर्ड वसीयत पत्र क्रमांक ए3/305 दिनांक 22/02/2011 के माध्यम से संजय सोलंकी पिता रमेशचंद्र सोलंकी के हित में निष्पादित की। तथा रमेशचंद्र सोलंकी का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी संजय सोलंकी हुये। तथा संजय सोलंकी, दीपक एवं सागर सोलंकी पिता संजय सोलंकी ने उक्त संपत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022023 ए 11599267 दिनांक 17/03/2023 के माध्यम से लीलाबाई पति संजय सोलंकी को विक्रय की। तथा लीलाबाई ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.बी. फयनेशियल सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड, में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से तीन दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.बी. फयनेशियल सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड, द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.बी. फयनेशियल सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड, का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9301860352

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि उत्तर दिशा का भाग क्रमांक 29/1 (पुराना न. 29) भवन क्रमांक 65/6 स्थित गोपालपुरा कालीदास मार्ग मक्सी रोड़ उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफ्ल 27.83 वर्गमीटर। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व मे- कॉलोनी का रोड़, पश्चिम में- भवन क्रमांक 31, उत्तर मे- बाउंड्रीवॉल एवं दक्षिण में- शर्मा जी का मकान बाद भवन क्रं. 26 का भाग स्थित है। उक्त संपत्ति नेहा गेहलोत पति ओमप्रकाश गेहलोत ने इसके पूर्वस्वामी चर्तुभुज नायक पिता उमरावसिंह एवं पुष्पाबाई नायक पति चर्तुभुज नायक से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022022ए11268942 दिनांक 20/12/2022 के माध्यम से क्रय कि। एवं नेहा गेहलोत ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध महेन्द्र सिंह परमार पिता चंद्रसिंह परमार से किया है तथा महेन्द्र परमार ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे है तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक 2933 ग्रंथ क्रमांक 216 दिनांक 30/10/2012 का कही गुम हो गया है अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या उक्त मुल विक्रय पत्र कही जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

न्यूज-कॉलम

नीमच में स्वर्णकार समाज में मनाए अजमीड जी की जयंती

नीमच । शहर में स्वर्णकार समाज ने महाराजा अजमीढ जयंती के अवसर पर सोमवार को विभिन्न आयोजन 'किए। जयंती महोत्सव के अंतिम दिन समाज की ओर से बैंड-बाजों, ढोल और डीजे के साथ चल समारोह निकाला गया। शोभायात्रा में समाज जन उत्साह के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा स्वरणकार मांगलिक भवन से प्रारंभ होकर बारादरी, पुस्तक बाजार और कमल चौक सहित शहर के प्रमु मार्गों से होती हुई पुनः स्वर्णका मांगलिक भवन पहुंची। मार्ग शोभायात्रा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन के दौरान समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। चल समारोह के समापन पर स्वर्णकार मांगलिक में संम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें समाज के वरिष्ठ महिला-पुरुषों का सम्मान किया गया, वहीं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन का उद्देश्य समाज की एकता, परंपराओं और प्रतिभाओं प्रोत्साहित करना रहा।

कार से एमडी ड्रग्स व डोडाचुरा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

मन्दसौर। थाना कोतवाली पुलिस ने क्रेटा कार से तस्करी कर लाए जा रहे अवैध नशीले पदार्थों को पकड़ा है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 17,66 लाख रुपये से अधिक का मश्रुका जब्त कर दो मुख्य तस्करों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हर्ष इको सिटी कॉलोनी, अभिनंदन नगर के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध काली क्रेटा कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें छिपाकर रखा गया 100 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और 8 किलोग्राम डोडाचुरा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान मोहसिन पिता बाबुभाई मंसुरी और रोहान उर्फ रिहान पिता युनुस भाई शेख दोनों निवासी अहमदाबाद (गुज.) के रूप में बताई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार, नशीले पदार्थ और एक मोबाइल जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए चार एथलीट चयनित

मन्दसौर। निर्मला महाविद्यालय, उज्जैन में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में राजीव गांधी शा. स्ना. महाविद्यालय, मंदसौर के चार खिलाड़ियों के शानदार आधार पर उनका चयन अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालयीन (राष्ट्रीय) स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में महिला वर्ग की मजबूत टीम में ज्योति कुमावत एवं कुमकुम सोलंकी ने स्थान प्राप्त किया है, जबकि पुरुष वर्ग की छह सदस्यीय टीम में बंटी दायमा एवं धीरज अहिरवार ने अपनी जगह पक्की की है। ये सभी चारों खिलाड़ी अब कर्नाटक के ऐतिहासिक शहर मैंगलोर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राज्य स्तर पर संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग नीमच के दल ने मंगलवार अलसुबह वृत्त नीमच पूर्व के ग्राम किशनपुरिया, चढ़ोली, सेदरिया, मानपुरा और जैतपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान जंगल, झाड़ियों तथा नदी-नालों एवं तालाबों के किनारे संचालित 4 चालू भट्ठियां, 675 किलोग्राम महुआ लाहन और 23 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा जब्त की गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कुल कीमत 73.250 रुपये है। अवैध मदिरा निर्माण के संदिग्ध स्थलों पर की गई कार्रवाई के दौरान महुआ लाहन को जमीन में छिपाकर रखा गया था।जिला आबकारी अधिकारी श्री दांगी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

झाबुआ जिले की चार महिलाओं से 60 किलो 750 ग्राम डोडाचूरा जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



खेत के कच्चे रास्ते पर सिर पर डोडाचूरा से भरे कट्टे रखकर जा रही चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 60 किलो 750 ग्राम डोडाचूरा जब्त किया गया। चारों महिलाएं झाबुआ जिले की रहने वाली हैं।

पुलिस के अनुसार, महिलाएं डोडाचूरा रतलाम से झाबुआ होते हुए गुजरात ले जाने की तैयारी में थीं। पूछताछ में सामने आया कि उन्होंने आलोट क्षेत्र के ग्राम पिपलिया पिथा से गोपाल मालवीय से डोडाचूरा लिया था। पुलिस ने गोपाल के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

आलोट थाने के सब इंस्पेक्टर आरसी खड़िया को सोमवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पिपलिया सिसोदिया की ओर से चार महिलाएं प्लास्टिक के कट्टों में डोडाचूरा लेकर खेतों के रास्ते आलोट रोड की तरफ आ रही हैं। वे बस पकड़कर बाहर जाने की तैयारी में हैं। सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने पिपलिया सिसोदिया रोड पर खेतों से आलोट रोड की ओर आने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की। इस दौरान सिर पर कट्टे रखकर आ रही चारों महिलाओं को रोककर पूछताछ की गई। कट्टों की तलाशी लेने पर उनमें डोडाचूरा मिला। मौके पर तौल करने पर कुल वजन 60 किलो 750 ग्राम निकला।

पुलिस ने 35 वर्षीय रेवा पत्नी भूरा कलारा, निवासी ग्राम कालिया बीरन, थाना मेघनगर; 38 वर्षीय ललिता पत्नी दिनेश बारिया, निवासी ग्राम राखड़िया, थाना मेघनगर; 40 वर्षीय रमिला पत्नी परसू वसुनिया, निवासी ग्राम सालामहुड़ा, थाना कल्याणपुरा और 40 वर्षीय सन्नु पत्नी बाबू निनामा, निवासी सैलानी मोहल्ला, मेघनगर, जिला झाबुआ को गिरफ्तार किया है।

चारों के विरुद्ध आलोट थाने में एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सोमवार देर शाम कार्रवाई के बाद मंगलवार दोपहर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाना है।

पहले भी तस्करी के आरोप में जेल जा चुकी हैं आरोपित महिलाएं

पुलिस की शुरूआती पूछताछ में सामने आया कि महिलाओं ने आलोट क्षेत्र के ग्राम पिपलिया पिथा निवासी गोपाल मालवीय से डोडाचूरा लिया था। पुलिस के अनुसार, वे इसे रतलाम से झाबुआ होते हुए गुजरात ले जाने की तैयारी में थीं। गोपाल के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। आलोट एसडीओपी पल्लवी गौर ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में सामने आया है कि चारों महिलाएं पहले भी तस्करी के आरोप में जेल जा चुकी हैं। पुलिस उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटा रही है। डोडाचूरा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के संबंध में भी विवेचना की जा रही है।

पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश पुलिस विभाग (सामुदायिक पुलिसिंग) की संयुक्त पहल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

आरंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने स्वागत भाषण देते हुए युवाओं के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक उत्तर दायित्व और जन सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इसके पश्चात विभिन्न सत्रों में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों तथा विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

थाना कोतवाली के टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने आपराधिक न्याय व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस-जन सहयोग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वाई.डी. नगर थाना के टीआई शिवांशु मालवीय ने वर्तमान समय के सबसे गंभीर विषय साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी पर जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड रखने, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करने तथा संदिग्ध लिंक्स से सावधान रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम के अन्य सत्रों में डॉ. नीलेश नागयच ने नशामुक्त युवा, स्वास्थ्य और ध्यान के महत्व पर बात करते हुए एक विशेष ध्यान सत्र का संचालन किया। डॉ. अशोक पाटीदार ने मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक तनाव प्रबंधन पर व्यावहारिक सुझाव दिए।

डॉ. प्रेरणा मित्रा ने महिला सशक्तिकरण, समानता और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया, जबकि डॉ. संतोष सिंह मालवीय ने भारतीय संविधान, नागरिक अधिकारों और मूल कर्तव्यों की जानकारी दी।

मास्टर ट्रेनर डॉ. शिव कुमार पांडेय ने एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में आगे का रास्ता विषय पर युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस जिला संगठक डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया और आभार प्रदर्शन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता लोधा ने किया।



अवैध हथियारों और 700 जिंदा कारतूसों के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मन्दसौर पुलिस ने अवैध हथियारों का एक बड़ा जखीरा पकड़ने में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मालीपुरा तिराहा, ग्राम मालीपुरा पर घेराबंदी कर चार संदिग्धों को मौके से दबोचा और उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 आधुनिक पिस्टल, 700 जिंदा कारतूस (राउण्ड) और 4 एंड्रॉइड मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त किए गए हथियारों, कारतूसों और मोबाइलों की कुल बाजार कीमत करीब 3 लाख 86 हजार रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आदिल मिर्जा निवासी जवाहर कॉलोनी, भवानीमंडी (राज.), रिहान निवासी मालीपुरा, भानपुरा तथा इरफान और फरमान अली दोनों निवासी पानपुरिया मोहल्ला, सीतामऊ, मन्दसौर के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी इन अवैध हथियारों और कारतूसों को कहां से लेकर आए थे और इन्हें आगे किन-किन अपराधियों या क्षेत्रों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस अब इस पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए आरोपियों के बैंक खातों के ट्रांजैक्शन डिटेल्स और कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स की बारीकी से जांच कर रही है, और मामले में आगे की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

शरद पूर्णिमा पर नीमच सिटी में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का दहन हुआ

नीमच । नीमच सिटी में शरद पूर्णिमा के अवत्तर पर रविवार, 25 अक्टूबर को शिव नगर स्थित रावण रुंडी पर दशहरा उत्सव समिति की ओर से रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रावण के साथ कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। सतरंगी आतिशबाजी, मनमोहक स्वांगधारियों और आकर्षक प्रस्तुतियों ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। दशहरा उत्सव समिति रावण रुंडी, शिव नगर, नीमच सिटी के प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण, विश्वकर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन की शुरूआत 24 अक्टूबर को लंका दहन के साथ हुई। इसके बाद रविवार को रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं, आयोजन के अंतिम दिन सॉन्ग रचने वाले विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने अध्यक्षता की।



अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई स्कूली बच्चों की गाड़ी, चालक समेत 8 घायल; एक छात्रा गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर





जिले के ग्राम रिंडा के पास मंगलवार दोपहर जीनियस पब्लिक स्कूल के बच्चों को ले जा रही एक गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में सात स्कूली बच्चों समेत वाहन चालक घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों की सुध ली।

प्राप्त जानकारी अनुसार हादसे के बाद सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वेदिका नामक पांच वर्षीय बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। वहीं गनजन और वीरेंद्र प्रजापत को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि पूजा, रियांश, अक्षिता, अंशुल और हिमांशी का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

वाहन चालक महेंद्र सिंह राजपूत के गले में गंभीर चोट आई है जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। हादसे की खबर मिलते ही एसडीओपी गिरीश जेजूरकर और अफजलपुर थाना प्रभारी विकास गहलोत ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हाल जाना और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष से 50 हजार की अवैध वसूली का प्रयास, पत्रकार पर मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय से जबरन अवैध वसूली करने और मीडिया में छवि धूमिल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पत्रकार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना दो दिन पूर्व 24 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे की है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय पार्टी के कार्य से अपनी निजी गाड़ी से ड्राइवर और अन्य लोगों के साथ हाट रोड से गुजर रहे थे। जब उनकी गाड़ी हाट रोड पुलिया के पास पहुँची, तभी रतलाम निवासी मनोज शर्मा नामक व्यक्ति वहाँ आया। शिकायतकर्ता प्रदीप उपाध्याय ने पुलिस को बताया कि आरोपी मनोज शर्मा ने उनकी गाड़ी के पास आकर पैसों की मांग की. जब जिलाध्यक्ष ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने मीडिया में उल्टा-सीधा लिखकर उनकी छवि खराब करने की धमकी दी। आरोपी ने रंगदारी दिखाते हुए और ख्याति को क्षति पहुँचाने का भय दिखाकर पचास हजार रुपये की अवैध वसूली की मांग की। जांच में सामने आया है कि आरोपी मनोज शर्मा खुद को पत्रकार बताता है, लेकिन वह किसी भी वैध मीडिया संस्थान से जुड़ा नहीं है। इस तरह अन्य लोगों को भी ब्लैकमेल कर पैसों की उगाही करता है। शिकायत के आधार पर दीनदयाल नगर पुलिस थाने में आरोपी मनोज शर्मा के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

रतलाम के गुलाब चक्कर में आयोजनों पर लगेगा शुल्क

रतलाम । बड़ी पहचान बन चुके नवश्रृंगारीत गुलाब चक्कर में अब सांस्कृतिक आयोजन करना सशुल्क होगा ।पिछले डेढ़ साल से चल रही फ्री बुकिंग की व्यवस्था अब खत्म होने जा रही है। जिला प्रशासन दीपावली के बाद यहां शुल्क आधारित बुकिंग सिस्टम लागू करने की तैयारी में है। बता दें कि 8 जून 2025 को शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक गुलाब चक्कर में 375 से ज्यादा आयोजन निःशुल्क हो चुके हैं। रोजाना विभिन्न प्रकार के आयोजनों में यहां संगीत, काव्य गोष्ठी, बैंड और डांस की प्रस्तुतियों से गुलाब चक्कर गुलजार रहता हैं, शहर ही नहीं जिले के संगीत से जुड़े लोगों का यहां संगीत सुनने आना होता हैं । इस मंच और यहां की व्यवस्थाओं को करने हेतु प्रशासन को हर महीने करीब 24 हजार रुपए खर्च करने पड़ रहें हैं, जिसमें स्टाफ का वेतन और लाइट-डेकोरेशन का खर्च भी शामिल है। लगातार आयोजन होने के बावजूद प्रशासन को इससे कोई आय नहीं हो रही है। इसी वजह से अब इस मंच को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किराया तय करने पर मंथन शुरू हो गया हैं और शीघ्र शुल्क संबंधित सूचना जारी होगी। गुलाब चक्कर में आयोजन निःशुल्क हो रहें हैं। भविष्य में इसके लिए शुल्क लेने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

पुलिस जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर में एसपी ने सुनीं समस्याएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा दिये गये निदेशों के पालन में दिनांक 27 अक्टूबर को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री राजेश व्यास के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. श्री राजेश व्यास द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की 16 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 68 फरियादियों द्वारा एसपी श्री राजेश व्यास के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एसपी श्री राजेश व्यास द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शिघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक श्री व्यास द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें कि आवेदनों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जावें। समय समय पर थाना क्षेत्रों में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन करें। जिला स्तरीय सीएम हेल्प लाइन शिकायत निवारण शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद हर्ष राठौर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा श्रीमती शाबेरा अंसारी, समस्त थाना प्रभारी उपस्थित थे।

न्यूज कालम



यात्री सुरक्षा को ध्यान रखते हुए यात्री बसों की जांच चालान भी बनाएं

नीमच। जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशानुसार 25 अक्टूबर को आमजन की सुरक्षा एवं लोक परिवहन के वाहनों द्वारा यातायात के नियमों की अनुपालन को सुनिश्चित कराने हेतु,थाना प्रभारी यातायात मलखान सिंह एवं हमराह यातायात टीम द्वारा आज पुलिस लाइन सामने कनावटी रोड पर लोक परिवहन के वाहनों की फिटनेस, टैक्स, बीमा पीयूसी,परमिट,फर्स्ट एड बॉक्स ,स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, पैनिक बटन आपातकालीन विंडो की क्रियाशीलता आदि आपातकालीन सुरक्षा उपकरण एवं उपायों की जांच की गई साथ ही ड्राइवर्स व परिचालक के लाइसेंस, आदि की जांच की गई एवं आगामी समय में होने वाली दस्तावेजी कमियों के बारे में चालक परिचालकों को अवगत कराया गया उक्त कार्यवाही में 13 बसों को जांच की गई जिनमें से 6 बसों में कमी पाई जाने से चालानी कार्यवाही कर 16500 का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया साथ ही शासन द्वारा संचालित राहवीर योजना, पीएम राहत कैशलेश ट्रीटमेंट योजना, हिट & रन योजना के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं लाभों के बारे में बस में सवार चालक परिचालक व अन्य सभी सवार लोगों को बताया जा कर प्रचारित किया गया ।

सीए शाखा मंदसौर द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान



मन्दसौर। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की मंदसौर शाखा द्वारा हाल ही में घोषित सीए इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणामों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मेधावी छात्रा अवनी पालीवाल द्वारा सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 47 प्राप्त करने पर विशेष हर्ष व्यक्त किया गया और उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।समारोह के प्रारंभ में शाखा अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम समूह का उत्तीर्ण प्रतिशत 23.14 प्रतिशत, द्वितीय समूह का 18.91 प्रतिशत और दोनों समूहों का संयुक्त उत्तीर्ण प्रतिशत 13.21 प्रतिशत रहा। वहीं, स्थानीय मंदसौर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम समूह का परिणाम 29.62 प्रतिशत, द्वितीय समूह का 39.13 प्रतिशत और संयुक्त परिणाम 13.51 प्रतिशत दर्ज किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीए अर्पित नागर ने किया तथा अंत में सीए अर्पित मेहता ने आभार व्यक्त किया।

नियुद्ध गुरुकुल में 30 नियोद्धाओं ने दिखाया अदभूत कौशल



मन्दसौर। नियुद्ध गुरुकुल द्वारा नूतन स्टेडियम परिसर स्थित नियुद्ध हॉल में आयोजित परीक्षा में पीले कटिबंध से लेकर भूरे कटिबंध तक के कुल 30 ऊजार्वान नियोद्धाओं ने भाग लिया और अपनी उच्च खेल दक्षता, तकनीकी कौशल एवं कठोर प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया।इस दौरान विश्व नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक, प्रख्यात नियुद्धाचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नियुद्ध गुरुकुल के जिला उपाध्यक्ष लोकेश भार्गव भी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान नियोद्धाओं ने अपने निर्धारित स्तर के अनुसार नियुद्ध की जटिल तकनीकों, शारीरिक संतुलन और नियंत्रण का प्रदर्शन किया। परीक्षकों के रूप में नियुद्ध गुरु प्रवीण भण्डारी, अजयसिंह चौहान, आदित्य सुरा, नयनसी गंगवाल, अभिरुचि भण्डारी एवं अर्पण भण्डारी आदि उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 67 आवेदकों की समस्याएं



मन्दसौर। मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने 67 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को उनके निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन भी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने मंदसौर किटीयानी निवासी जमना बाई को उनके पति शंकरसिंह की गंभीर बीमारी के उपचार के लिए रेडक्रॉस से 20 हजार रु. की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं ग्राम बापच्या निवासी भेरूलाल ने आरसीसी एवं नाली सुधारने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीईओ जनपद सीतामऊ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मंदसौर निवासी मुकेश ने सार्वजनिक गली में अवैध निर्माण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीएमओ नगर पालिका मंदसौर को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। करनालीखेड़ा निवासी किशनलाल ने कृषि भूमि का कब्ज्जा दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार सितामऊ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अन्य विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

श्री लाल माता व श्री कंकाली माता मंदिर परिसर में हुआ कन्याभोज का आयोजन

बडौद। नगर के प्राचीन श्री लाल माता मंदिर और श्री कंकाली माता मंदिर परिसर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष में शरद पूर्णिमा पर कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें नगर की कन्याओं ने भोज किया।श्री लालमाता मंदिर परिसर में सुसनेर विधायक भेरोसिंह परिहार उपस्थित रहे और कन्याओं का पूजन कर चुनर ओडाई गई। वहीं श्री कंकाली माता मंदिर परिसर में भी कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया गया।

राष्ट्रीय थांगता मार्शल प्रतियोगिता में म.प्र.का प्रतिनिधित्व करेगा

ब्यावरा। विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा का खिलाड़ी नेशनल में दिखाएगा प्रदर्शन। विद्यालय के खिलाड़ी अभिषेक पुष्पद पिता सतीश पुष्पद 70 वी राष्ट्रीय थांगता मार्शल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन करेंगे। यह प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक दिल्ली में आयोजित होगी। इस अवसर पर विद्यालय संचालक शिवम चन्द्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती अंकिता गुप्ता, कोच धर्मराज दांगी, समस्त विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अग्रिम बधाई दी।

पालड़ा के पास गाय से टकराई बाईक, दंपति घायल

सुसनेर। समीप ग्राम पालड़ा के पास सोमवार देर शाम गाय से टकराने के कारण मोटरसाइकिल सवार दंपति घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार केलुखेड़ा निवासी कालीबाई (50 वर्ष), पति दानू सिंह और दानू सिंह, पिता ऊकार सिंह, मोटरसाइकिल से सुसनेर से जा रहे थे। इसी दौरान पालड़ा के समीप उनकी मोटरसाइकिल गाय से टकरा गई, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस के पैरामेडिकल स्टाफ मुकेश दांगी एवं पायलट अमर सिंह वर्मा ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और सिविल अस्पताल सुसनेर पहुंचाया। यहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया तथा उनका उपचार जारी है।

वारंट तामीली तथा डिजिटल साक्ष्यों के संधारण की एसपी ने समीक्षा के दिए निर्देश

राजगढ़। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा 26 अक्टूबर को थाना कोतवाली राजगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, शासकीय अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर थाना कार्यप्रणाली तथा विभिन्न पुलिस कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी एवं उपस्थित पुलिस स्टाफ को दिशा-निर्देश दिए, लंबित अपराधों एवं विवेचनाओं का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक विलंब से बचें। जप्त सामग्री को सुरक्षित रखते हुए उसकी चैन ऑफ कस्टडी का विधिसम्मत एवं नियमानुसार संधारण सुनिश्चित करें। गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमित सत्यापन एवं चेकिंग करें तथा अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्रवाई करें।

कसेरा समाज द्वारा 16 नवम्बर को सहस्रार्जुन जन्मोत्सव मनाया जाऐगा

ब्यावरा। कसेरा समाज की बैठक 25 अक्टूबर को देवकीनंदन रमेश कसेरा की दुकान पर आयोजित की गई जिसमें सहस्त्रार्जुन भगवान के जन्मोत्सव को धुमधाम के साथ मनाने पर विचार विमर्श किया गया। आगामी 16 नवम्बर सोमवार कार्तिक सुदी सप्तमी को जन्मोत्सव मनाया जाऐगा। कार्यक्रम सहस्त्रार्जुन नाटिका सास बहु नाटिका गायन प्रतियोगिता हनुमान चालीसा सहस्त्रार्जुन चालीसा महिलाओ और बच्चो के लिए मनोरंजक खेल। शाम छै बजे से मंचीय कार्यक्रम नवयुवक मंडल के दिलीप कुमार कसेरा अध्यक्ष गिरिराज कसेरा गोपालदास कसेरा घनश्याम कसेरा राजेश आर्य विवेक आर्य देवकीनंदन कसेरा पीयूष कसेरा सोनू कसेरा कैलाश कसेरा एवं कसेरा नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे ।

करवा चौथ का असर

दीपावली के पूर्व बाजारों में सजीं रौनक, मिट्टी 'करवों की बिक्री शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के पावन पर्व 'करवा चौथ को लेकर बाजारों में चहल-पहल और उत्साह चरम पर पहुँचने लगा है। 29 अक्टूबर को आ रहे त्यौहार को लेकर कुम्हारों के चाक की रफ्तार तेज हो गई है, वहीं शहर के मुख्य बाजारों में पारंपरिक मिट्टी और फैंसी करवा की बिक्री जोर-शोर से शुरू हो चुकी है। सुहागिन महिलाओं ने त्यौहार की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है, जिससे व्यापारिक क्षेत्रों में खासी चहल-पहल देखी जा रही है।

पिछले कई दिनों से दिन-रात मेहनत कर मिट्टी के बर्तन और करवे तैयार कर रहे स्थानीय कारीगरों के चेहरे पर इस बार बेहतर बिक्री की उम्मीद से खुशी झलक रही है। कुम्हारों का कहना है कि इस बार बाजारों में ग्राहकों का रिस्पॉन्स काफी अच्छा है। हमने पारंपरिक सादे करवों के अलावा महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए वाटरप्रूफ रंगों और आकर्षक डिजाइन वाले कर-वे तैयार किए हैं। इधर करवा चौथ के मुख्य पूजन सामग्री जैसे करवा माता की तस्वीर, छलनी, दीया, सींक, और पूजन सामग्री के पैकेट की मांग भी काफी बढ़ गई है। इसके अलावा, शहर की कटला बाजार और प्रमुख व्यावसायिक गलियों में कंगन, साडी, सूट, मेहंदी और 16 श्रृंगार की दुकानों पर सुबह से ही महिलाओं का जमावडा लगा हुआ है। मेहंदी लगाने वाले कलाकारों ने भी अग्रिम बुकिंग शुरू कर दी है।

पंडित पवन पारीक धार्मिक मान्यताओं के अनुसार करवा चौथ का व्रत 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा, यह दिन सुहागिन महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर शाम को करवा माता की पूजा-अर्चना करती हैं और चंद्र दर्शन के पश्चात पति के हाथों जल ग्रहण कर अपना व्रत पूर्ण करती हैं। पूजा में करवे का आदान-प्रदान और उसमें जल भरकर अर्घ्य देना विशेष शुभ माना जाता है।

मिट्टी के करवों की मांग

करवा चौथ की पूजा में मुख्य रूप से उपयोग में लाए जाने वाले करवे (जल पात्र) की खरीदारी के लिए बाजारों में महिलाए पहुंच रही है। इस वर्ष बाजार में पारंपरिक मिट्टी के फैंसी करवे भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। स्थानीय विक्रेता अनिल प्रजापति के अनुसार सामान्य मिट्टी के करवे 30 से 50 रुपए प्रति जोडा बिक रहे हैं, जबकि हाथ से पेंट किए गए और सीप-गोटे से सजे डिजाइनर करवों की कीमत 80 से 150 रुपए तक है।



वूमेन्स वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में जिले से कुल 67 महिला खिलाडियों ने की सहभागिता

खाचरोद। प्रदेश वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में ओलंपिक वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन जिला उज्जैन द्वारा खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन्स वेटलिफ्टिंग सिटी लीग प्रतियोगिता का आयोजन रविवार, 25 अक्टूबर को श्री राज राजेंद्र जैन सेन विद्यालय, खाचरौद भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया। जिला वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के ऊजार्वान सचिव आदित्य द्विवेदी द्वारा बताया गया कि चैंपियनशिप का शुभारंभ भा.ज.प उज्जैन ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष अश्विन डिंडोरकर, प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ. शरद नागर,भा.ज.पा. खाचरौद की मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, श्री राज राजेंद्र जैन सेन विद्यालय के ट्रस्टी अनिल वागरेचा, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वीना कुंडी, समाजसेवी राजेश राठौर, कबड्डी के राष्ट्रीय निर्णायक गणेश भदौरिया, पीटीआई राजेश जोशी एवं संजय शर्मा, राकेश द्विवेदी, भा. ज. पा. के नगर महामंत्री नितेश संगीतला तथा गौरव कपूर एवं चंद्रभान देवड़ा द्वारा बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

स्पर्धा में महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



खाचरोद। भारत सरकार की खेलो इंडिया की प्रेरणादायी योजना की पहल के अंतर्गत, महिलाओं की खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देना है। छोटे-छोटे शहरों व गांवों से महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने तथा नई खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें निखारने एवं आगे बढ़ाने के उद्देश्य से खेलो इंडिया खेल का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत खाचरोद में अस्मिता भारोत्तोलन नगर टूर्नामेंट श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ, खेल परिसर खाचरोद में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वेटलिफ्टिंग के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना रहा। आयोजन में अश्विन डिंडोरकर, मनीषा शर्मा, अनिल बागरेचा, प्राचार्य बीना कुंठी, डॉ. शरद नागर, राजेश राठौर, गणेश भदौरिया, राजेश जोशी एवं संजय शर्मा, राकेश द्विवेदी, नितेश संगीलाल, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रभान सिंह देवड़ा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। संचालन कमल नंदवाना ने किया। अंत में आदित्य द्विवेदी ने सभी अतिथियों, आयोजकों, निर्णायकों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

महाराजा अजमीढ़ जयंती पर मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने चल समारोह निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ब्यावरा के तत्वावधान में महाराजा अजमीढ़ जयंती के मौके पर ब्यावरा शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह रविवार को दोपहर 3:30 बजे करीब सराफा बाजार स्थित रघुनाथ मंदिर से प्रारंभ हुआ जो शहर के सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, पीपल चौराहा, राजगढ़ रोड़ राधा कृष्ण मंदिर होता हुआ वल्लभा परिसर पहुंचा। जहां कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान चल समारोह का जगह-जगह विभिन्न संगठनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री पंवार, कोरबा जिला महामंत्री भाजपा पंडित अमित शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, स्वर्णकार विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी सोनी, स्वर्णकार समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल सोनी सारंगपुर, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष उमाशंकर शंकर सोनी, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सोनी, संजय पांचम, युवा अध्यक्ष नटवर सोनी, महिला अध्यक्ष कंचन सोनी, शिव कुमार जजावरा, गिरिराज सोनी खेड़ा, नवनीत सोनी, विनोद जजावरा, मीडिया प्रभारी गोविंद सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

अखाड़े में बालिकाओं ने दिखाए करतब

स्वर्णकार समाज के द्वारा निकाले गए चल समारोह में समाज की बालिकाओं के द्वारा अखाड़े तलवार और लट्ठ घुमाकर हैरत अंगेज करतब दिखाए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों और महिलाओं को किया सम्मानित किया।

गौवंश को पिकअप में ठूसकर ले जाते रहे पुलिस ने पकड़ा, ड्राइवर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

शाजापुर जिले की मक्सी पुलिस ने अवैध रूप से गौवंश का परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चार केड़ों को मुक्त कराया है। पुलिस ने लोडिंग गाड़ी क्रमांक एमपी 09 बीटी 5130 को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। वाहन में चार केड़ों को ठूंस-ठूंसकर क्रूरतापूर्वक भरा गया था और उन्हें इंदौर की ओर ले जाया जा रहा था।

पुलिस ने वाहन और गौवंश सहित कुल आठ लाख रुपये का सामान जब्त किया है। मामले में संलिप्त दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर और एसडीओपी डॉ. नागेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई थी। इसी दौरान मक्सी थाना प्रभारी निरीक्षक मदन इवने के निर्देशन में पुलिस टीम को मुखबिर से अवैध गौवंश परिवहन की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध लोडिंग वाहन को पकड़ा। जांच में वाहन के अंदर चार केड़े क्रूरतापूर्वक भरे मिले।

पुलिस ने वाहन ड्राइवर बलराम भालसे (44), पिता मन्साराम भालसे, निवासी बिहाड़िया फाटा, देवगुराड़िया, कम्पेल, थाना खुड़ैल, जिला इंदौर को हिरासत में लिया। वाहन और केड़ों को जब्त कर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

राजगढ़ के 6 खिलाड़ियों का चयन

राजगढ़ के खिलाड़ियों ने 3गोल्ड, 3 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज मेडल जीते

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ के 6 खिलाड़ियों का चयन जिले की राजगढ़ कलारी पयट्टू टीम में हुआ था ये सेकण्ड लेटे पूँथुरा सोमन मेमोरियल कलारिप्पयट्टू कप 2026 मुरैना के राधिका पैलेस में 24 से 26 सितम्बर को आयोजित हुई राजगढ़ कलारी पयट्टू संघ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया की जिले के अनिरूद्ध सोनी पिता मोहन लाल ने फाइटइवेंट (कैपोरियो) में 14 ऐज मेल कैटगरी (-62) वेट केटेगरी में गोल्ड मेडल और चुवादुक्कल (चुवादुक्कल)इवेंट में सिल्वर, अभिमान सिंह लवकानिया पिता मधुसूदन ने 10 ऐज कैटगरी में गोल्ड मेडल, वेदिका मालवीय पिता दिलीप मालवीय ने 10 ऐज कैटगरी में गोल्ड मेडल वही अवनी शर्मा पिता योगेश शर्मा ने 14 में सिल्वर मेडल,कृतिका गौड़ पिता पवन गोड़ ने 14 ऐज कैटगरी, -38 वेट केटेगरी में कास्य पदक ,आयुष्मान सिंह लवकानिया पिता मधुसूदन ने 4- 10 ऐज कैटगरी में -55 वेट केटेगरी में सिल्वर मेडल प्राप्त किये।

खिलाड़ियों को दी बधाई

खिलाड़ियों ने नगर तथा राजगढ़ जिले का नाम राज्यीय स्तर पर पहुंचाने के इस गौरान्वित पल पर क्रीड़ा भारती और कलारी पयट्टू संघ के पदाधिकारी, शरद मंडलोई, शिव मालवीय, कंचन सोनी,अरविंद तोमर, सचिन शर्मा, विशाल भरथरे, सुनील बाफना,रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिची,सुनील जाटव,इन्द्रनारायण अशोक गुप्ता, घनश्याम कुशवाह और इष्ट मित्रो ने बधाई दी।

स्वर्णकार समाज ने शरद पूर्णिमा पर अजमीढ़ जयंती हर्षोल्लास से मनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद

स्वर्णकार समाज के आराध्यदेव श्री अजमीढ़ महाराज की जयंती शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर मनाई गई। स्वर्णकार समाज द्वारा दोपहर 3 बजे श्री राम मंदिर शीतलामाता मार्ग पर भव्य शोभायात्रा में समाजजन सपरिवार सजधज के साथ बैंड बाजा, डोल, बग्गी पर श्री अजमीढ़ जी महाराज को विराजित कर धूमधाम से निकले। शोभायात्रा शीतलामाता मार्ग, गणेश देवली, अनंतनारायण चौराहा, जवाहर मार्ग, चबूतरा चौराहा, सुभाष मार्ग, कबाड़ीपुरा होते हुवे सुनहरिया बाग पहुंची। शोभायात्रा का स्वागत एवं पूजन ,पुष्प वर्षा प्रमुख मार्गों पर किया गया। बग्गी एवं अजमीढ़ जी महाराज की तस्वीर के लाभार्थी पुरुषोत्तम सोनी, पंकज सोनी परिवार, साउंड सिस्टम संदीप सोनी तथा शोभायात्रा का भव्य स्वागत शांतिलाल सोनी, दिनेश सोनी, अक्षय, अमन सोनी परिवार के लाभार्थी रहे। सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठजन द्वारा श्री अजमीढ़ जी महाराज का पूजन व आरती की गई। तत्पश्चात समाज के अध्यक्ष निर्मल सोनी द्वारा समाजजन को अजमीढ़ जयंती की शुभकामनाएं तथा समाज की आगामी रूपरेखा विस्तृतरूप से बताई गई।



सामूहिक गरबा रास किया

समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमति कला दिनेश सोनी द्वारा महिला मंडल को शुभकामना के साथ आगामी कार्ययोजना बताई गई। कार्यक्रम का संचालन अवधेश सोनी व आभार सचिव डॉ. राजेश सोनी द्वारा माना । महिला मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा पर सामूहिक गरबा रास किया गया। तत्पश्चात सभी समाजजन द्वारा सहभोज किया गया। जानकारी आशीष सोनी ने दी।

नवीन अस्पताल भवन कहां बने अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

शासन ने बड़ौद तहसील के लिए 11 करोड़ 27 लाख और 92 हजार रुपए की लागत से नवीन 30 बिस्तरो वाला अस्पताल की मंजूरी की है जो नगर में बने या नगर से बाहर बने इसको लेकर कई दिनों से विरोधाभास चल रहा है की स्थानीय लोगों की मांग है स्वास्थ्य जैसी सेवाए नगर में ही रहे इसको लेकर नगर वासियों ने नगर को बंद रखकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया था और मांग की गई थी नगर का अस्पताल नगर में ही बने अगर नगर से बाहर बनाए जाने का प्रस्ताव है तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और आमजन को सुविधा हो सके लेकिन जनप्रतिनिधि नवीन भवन को बडौद नगर से बाहर बनाने की तैयारी में है जबकि स्थानीय लोगों के द्वारा नवीन अस्पताल नगर में ही बने।

इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर चौहान ने बताया है कि नवीन अस्पताल भवन के लिए 2 जगह का प्रपोजल तहसीलदार बडौद के द्वारा कलेक्टर को भेजा गया है।

अधिकारियों से सम्पर्क किया जा रहा- लववंशी

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी ने कहा है कि हम नगर की जनता के साथ है और नगर के लिए धरना आदि भी करना पड़े तो करेंगे। इस संबंध में तहसीलदार बालकृष्ण अहिरवार से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

करवाचौथ पर हिंगलाज मंदिर में होगा सामूहिक पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

करवाचौथ पर्व को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। एक ओर बाजार में करवा-कुल्हड़ की दुकानें सज गई हैं, तो वहीं दूसरी ओर प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर, रंगार सेरी में 29 अक्टूबर, गुरुवार को सामूहिक करवा चौथ मनाई जाएगी। त्योहार से पहले ही नगर के मुख्य बाजार सहित चौराहों पर करवा, कुल्हड़, छलनी और पूजा सामग्री की अस्थाई दुकानें लग गई हैं। महिला दुकानदार सड़क किनारे बैठकर रंग-बिरंगे करवे बेच रही हैं। इस बार बाजार में 50 से 200 रुपये तक के डिजाइनर करवे उपलब्ध हैं। इसके साथ ही मेहंदी, साड़ी, चूड़ी और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर के पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि पंचांग के अनुसार वर्ष भर की 12 चतुर्थी में करवा चौथ को सबसे बड़ा माना गया है।

सुश्राविका जयकुंवरजी झेलावत की संथारा साधना पूर्ण, निकली डोल यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

नगर की धर्मनिष्ठ सुश्राविका एवं उत्कृष्ट संथारा आराधिका श्रीमती जयकुंवर जी झेलावत (नगरी वाले) की नौ दिवसीय चोविहार संथारा आराधना सोमवार, 26 अक्टूबर को रात्रि 1:45 बजे पूर्ण हुई। उन्होंने 18 अक्टूबर को अणुशिष्य पूज्य प्रवर्तक जिनेन्द्र मुनि जी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी पूज्य महासती पुण्यशीलाजी म.सा. ठाणा-7 के पावन सान्निध्य में संथारा अंगीकार किया था। दृढ़ मनोबल, अटूट श्रद्धा, त्याग, संयम और वैराग्य की भावना के साथ उन्होंने अपनी संथारा साधना के अंतिम मनोरथ को पूर्ण किया।

श्रीमती जयकुंवर जी, स्वर्गीय मनोहरलाल जी झेलावत की धर्मपत्नी थीं। वे स्वर्गीय मदनलाल जी, विनोद कुमार एवं प्रदीप कुमार की भाभी तथा अनूप और मयंक की बड़ी मम्मी थीं। श्रीपाल, सुशील, महेश एवं मितेश की वे सासुजी थीं। उनका जीवन जिनशासन की आराधना, धर्मप्रभावना और धार्मिक संस्कारों के प्रति समर्पित रहा।



शांतिवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में झमकलाल बरखेड़ा, चंद्रप्रकाश चौरड़िया, महेंद्र चंडालिया, मनोहरलाल भटेवरा, सुरेश छाजेड़, प्रियंका जैन एवं लावण्या जैन ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने श्रीमती जयकुंवर जी की धर्मनिष्ठा, संथारा साधना के प्रति दृढ़ संकल्प, असाधारण मनोबल और आध्यात्मिक भावनाओं का उल्लेख करते हुए उनकी आराधना का अनुमोदन किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का संचालन संतोष बरखेड़ावाला द्वारा किया गया ।

तत्पश्चात झेलावत एवं भटेवरा परिवार की ओर से मुखिया गली, खाचरौद स्थित संजोग परिसर में नवकार मंत्र आराधक स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया।

गूंजे जयकारे

संथारा साधना पूर्ण होने के पश्चात 26 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे उनके निवास स्थान, 61 शीतला माता मार्ग, डागले के सामने, खाचरौद से डोल यात्रा प्रारंभ हुई, जो शांतिवन पहुंची। यात्रा में नवयुवक-नवयुवती एवं बालक-बालिका मंडल के सदस्यों ने नारों और जयकारों के साथ आराधिका के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। पूरे वातावरण में धर्ममय भावनाओं और श्रद्धा का संचार हुआ।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का पुतला फूंका



बड़नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिताजी के प्रति कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए कथित संकीर्ण बयान के विरोध में सोमवार दोपहर भाजपा नगर मंडल बड़नगर द्वारा विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़ ने बताया कि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता 3 बजे शिवाजी चौराहा, बड़नगर पर एकत्रित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला जलाकर आक्रोश व्यक्त किया। विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने कहा कि एक वरिष्ठ पद पर रहते हुए प्रधानमंत्री के स्वर्गीय पिताजी के बारे में इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी करना कांग्रेस अध्यक्ष की ओछी मानसिकता को दशार्ता है। इसका पूरे देश में विरोध हो रहा है। भाजपा इसकी कड़ी निंदा करती है और कांग्रेस अध्यक्ष से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग करती है। इस अवसर पर जिला महामंत्री श्याम शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेश हारोड़, नगर महामंत्री जगन्नाथ मालवीय, अंकित त्रिवेदी, अंकित दवे, अजय व्यास, पार्षद प्रतिनिधि शांतिलाल गोखरू, लाल बहादुर बादशाह, राजेश परमार, रवि हिंडोलिया सहित जनप्रतिनिधि, , मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, बूथ एवं शक्ति केंद्र के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

करवा चौथ पर भद्रा-शुक्र उदय की भ्रांतियां दूर करें, 29 को नवविवाहिताएं भी रख सकती हैं व्रत



नागदा। अखंड सौभाग्य, दांपत्य सुख और पति की दीर्घार्यु की कामना का पर्व करवा चौथ गुरुवार, 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस बार भद्रा और शुक्र तारा उदय को लेकर विशेषकर नवविवाहित महिलाओं में व्रत रखने को लेकर व्याप्त भ्रांतियां निराधार है। ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार की पहल पर श्री विनायक ज्योतिष सलाहकार, नागदा के पंडित निलेश मेहता ने पंचांग गणना एवं शास्त्रीय मत के आधार पर स्पष्ट किया कि भद्रा या शुक्र तारा उदय की केवल चर्चा के आधार पर करवा चौथ का व्रत निषिद्ध मानना उचित नहीं है। नवविवाहिताएं भी अपनी पारिवारिक एवं क्षेत्रीय परंपरा के अनुसार व्रत रख सकती हैं। भद्रा का समय और पूजनः पंचांग में भद्रा का प्रारंभ 28 अक्टूबर को दोपहर 2:37 बजे से तथा समापन 29 अक्टूबर को रात्रि 1:07 बजे बताया गया है। इस गणना के अनुसार करवा चौथ की शाम भद्रा समाप्त हो चुकी होगी। इसलिए भद्रा के कारण शाम के पूजन को लेकर अनावश्यक भ्रम की स्थिति नहीं है।



हाई हील्स से प्यार है, तो इन वैरायटीज को जरूर ट्राय करें

हील्स महिलाओं की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं! और अगर आप उनमें आराम से चल-फिर सकती हैं तो आपको अपनी आलमारी में हील्स की कुछ जोड़ी जरूर रखनी चाहिए। हालांकि हील्स में भी कई वरायटी आती हैं और सभी को खास मकसद के साथ तैयार किया जाता है, ताकि आप अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार चुनाव कर सकें।

प्लैटफॉर्म हील्स



हालांकि आप इन्हें रोजाना नहीं पहन सकती हैं, लेकिन प्लैटफॉर्म हील्स बहुत ही आरामदायक होती हैं. ये उन दिनों के लिए बहुत ही बढ़िया विकल्प हैं, जब आपको बहुत ज़्यादा चलना रहता है. इनकी हील्स एक समान होती है और इस वजह से आपके पैर संतुलित रहते हैं.

पम्प्स

आमतौर पर स्टिल्टोज की तुलना में पम्प्स कम ऊंचे होते हैं। पम्प्स की ऊंचाई सधी होती है, जिसकी वजह से चलने में आसानी रहती है। आप अपनी पसंद के अनुसार पैरों को पूरी तरह से कवर करनेवाले या सामने की ओर से थोड़ा-सा खुला रहनेवाले पम्प्स का चुनाव कर सकती हैं। अगर पम्प्स की पहली जोड़ी खरीदने वाली हैं तो ब्लैक या न्यूड कलर को प्राथमिकता दें।



स्टिल्टोज



ऊंचे और संकरे स्टिल्टोज पैरों को लंबा और पतला दिखाते हैं। स्टिलटोज पीछे से आगे की तरफ पतले होते हैं और उंगलियों के पास नुकीले। हालांकि उन्हें लंबे समय तक पहनना मुश्कि ल होता है, लेकिन निश्चित रूप से वे एक स्टेटमेंट लुक देते हैं। स्टिल्टोज को आप उन नाइट पार्टीज के लिए संजोकर रख सकती हैं, जिनमें आप काफी सजी-संवरी नजर आना चाहती हैं। और हां, आप इस बात का ख़्याल रखें कि पार्टी में आपको चलना भी कम पड़े।

ब्लॉक हील्स



जब आप ऐसे हील्स के बारे में सोचती हैं, जिनमें चलना-फिरना बहुत आरामदायक लगे, तो जेहन में ब्लॉक हील्स की ही तस्वीर आती है। ये स्टिल्टोज और पम्प्स की तुलना में अधिक चौड़े होते हैं और आपके पॉश्चर को अधिक स्थिर रखने का काम करते हैं। आप चाहे स्लेन्डर बेस या फुल वेज या फिर म्यूल्स का चुनाव करें। पर अपने लिए एक कम से कम एक पेयर जरूर रखें, जो ट्रेंडिंग हों और हर अवसर पर एकदम परफेक्ट नजर आएं।

फेस्टिव सीजन में ये आउटफिट्स आपको बेहद फैशनिस्टा दिखाएंगे!

त्यौहारों के दौरान हम कई बार ट्रेडिशनल आउटफि ट की तरफ नहीं पहनना चाहते हैं या फिर वर्क मोड ऑन रहता हैं। ऐसे समय के लिए हम आपको आउटफि ट से जुड़े पांच ऐसी वरायटी दे रहे हैं, जिन्हें आप ट्रेडिशनल या फिर कैजुअल, दोनों तरह से पहन सकती हैं।



स्कार्फ.

स्कार्फ.को आप आउटफि ट्स की दुनिया में गलती करनेवालों का सपोर्ट सिस्टम समझ सकते हैं। यह हर तरह के आउटफि ट्स के साथ जंचते हैं और हमें एक सटल लुक पाने में मदद करते हैं। स्कार्फ. की दुनिया काफी बड़ी है। चोकोर से लेकर त्रिकोण, सीक्विन से लेकर प्रिंटेड और कश्मीरी से लेकर मखमली स्कार्फ. का शाही आकर्षण हमारे पहनावे को और अधिक आकर्षक और सुरुचिपूर्ण बनाते हैं।

कफ़्तान

यदि आप ऑफ द बॉक्स फेस्टिव लुक चाहती हैं तो कफ़्तान ट्राय करने से बेहतर विकल्प कुछ हो ही नहीं सकता! कफ़्तान लंबे समय से एशियाई संस्कृति का हिस्सा रहे हैं, लेकिन शायद ही कभी मुख्यधारा ने उन्हें उस तरह से गले लगाया है, जिसके वे असल हकदार हैं। आप उन्हें अपने फेस्टिव लुक के लिए चुनकर लाइमलाइट बटोर सकती हैं।



केप्स

हालांकि कि सभी केप का चुनाव करना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन इस फेस्टिव सीजन आप इसकी तरफ बढ़ सकती हैं। फ़्लोरल, वेलवेट या फ्रिंज स्ट्रक्चर के साथ और कई वरायटी के केप मौजूद हैं, जो हमें फेस्टिव लुक पाने में मदद करते हैं। आप एक फ्रेंडली केप को अपने अनारकली सूट के साथ, क्रॉप टॉप के साथ और अपने हिसाब से किसी भी आउटफि ट्स के साथ मैच करके पहन सकती हैं।

लॉंग किमोनो

कौन जानता था कि आधुनिक फैशन की इस विशालकाय दुनिया में एक पारंपरिक जापानी पोशाक इतने मजबूती से खड़ी होगी? लॉंग किमोनो अपनी तरह का एक अनूठा पोशाक है तो स्टाइल स्टेटमेंट देने में कामयाब रहता है। आजकल, वे विभिन्न प्रकार के दिलचस्प रंगों और पैटर्नों में उपलब्ध हैं। आप हाउस डिनी पार्टी के लिए इसे आजमा सकती हैं, यकीन करिए यह आपको बिल्कुल निराश नहीं होने देगा।

Sport

199 रन का टारगेट 13.2 ओवर में हासिल किया, सीरीज भी जीती

अभिषेक-सूर्यवंशी की वर्ल्ड रिकॉर्ड पार्टनरशिप से जीता भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बैटिंग की बदौलत भारत ने तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। भारत ने 199 रन का टारगेट सिर्फ 13.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज दो मैच बाकी रहते ही जीत ली है। अभिषेक ने टी-20 इंटरनेशनल करियर का चौथा शतक लगाया। उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों पर सेंचुरी पूरी कर ली। वैभव ने 19 गेंदों पर 45 रन बनाए। इन दोनों की पार्टनरशिप के दौरान भारत ने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़े। भारत ने सिर्फ 5 ओवर में 100 पूरे कर लिए। यह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज टीम शतक है। भारत ने पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। 6 ओवर में भारत ने बिना विकेट खोए 118 रन बना लिए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाए थे।





अभिषेक के शतक से भारत ने 3-0 से सीरीज जीती

भारत ने 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। वैभव सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए, लेकिन अभिषेक ने सिर्फ 35 गेंदों ओवरऑल 11वां टी-20 शतक लगा दिया। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। भारत ने लक्ष्य का पीछा इतनी तेजी से किया कि मुकाबला एकतरफा हो गया। टीम ने 40 गेंद रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

सैमसन 18 रन बना सके

भारत को 13.1 ओवर में 194 रन के स्कोर पर चौथा झटका लगा। संजू सैमसन 13 गेंदों पर 18 रन बनाकर आउट हुए। काइल जैमीसन ने उन्हें बोल्ड किया।

कप्तान 10 रन बनाकर आउट

भारत को 12.4 ओवर में 191 रन के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। कप्तान श्रेयस अय्यर 10 गेंदों पर 5 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल सैंटनर की फुलटॉस गेंद पर अय्यर ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन ग्लेन फिलिप्स ने डीप मिडविकेट पर कैच पकड़ लिया।

हैरी केन ने जीता बैलन डी'ओर अवॉर्ड

नई दिल्ली। इंग्लैंड के कप्तान और बायर्न म्यूनिख के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने 2026 का बैलन डी'ओर अवॉर्ड जीत लिया है। वे 25 साल बाद यह अवॉर्ड हासिल करने वाले पहले इंग्लिश फुटबॉलर बने हैं। उनसे पहले 2001 में माइकल ओवेन ने यह अवॉर्ड जीता था। यह अवॉर्ड सेरेमनी सोमवार को लंदन में हुई। केन ने पिछले सीजन क्लब और देश के लिए 73 गोल किए। वे यूरोप के टॉप स्कोरर रहे। वोटिंग में उन्होंने फ्रांस के किलियान एम्बापे, स्पेन के लेमिन यामल, 2024 के विजेता रोड्री और रिकॉर्ड 8 बार के विजेता लियोनेल मेसी को पीछे छोड़ा। यामल लगातार तीसरे साल बेस्ट यंग प्लेयर चुने गए। केन ने बायर्न म्यूनिख को बुंडेसलीगा और जर्मन कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

अंडर-19 महिला क्रिकेट में 1 रन पर विवाद

नई दिल्ली। अंडर-19 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड और उत्तराखंड के बीच खेले गए मैच में स्कोरिंग को लेकर विवाद हो गया। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन (खउअ) का आरोप है कि ऑफिशियल स्कोरर ने पारी के दौरान पूरा किया गया एक रन टीम के खाते में नहीं जोड़ा।

इससे झारखंड की टीम 1 रन से मैच हार गई और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। एसोसिएशन ने इस मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को लिखित शिकायत भेजी है। पिछले मंगलवार को खेले गए मुकाबले में उत्तराखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 134 रन बनाए।

नैनो न्यूज

- **पाकिस्तान ने इंग्लैंड को रोमांचक शिकस्त दी-** पाकिस्तान के शादाब खान ने नाबाद 113 रन बनाकर इंग्लैंड के खिलाफ एक विकेट से शानदार जीत दिलाई। आखिरी विकेट की साझेदारी निर्णायक रही।
- **महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत का ऐतिहासिक शतक-** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना आठवां वनडे शतक लगाया। भारत ने दूसरे मुकाबले में 121 रन से जीत दर्ज की।
- **भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने रचा इतिहास-** एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने रिकॉर्ड 114 पदक जीतकर अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पीछे छोड़ दिया। देश चौथे स्थान पर रहा।
- **फुटबॉल में रियल मैड्रिड की रोमांचक जीत-** एल क्लासिको मुकाबले में रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को 2-1 से हराया। किलियन एमबाप्पे के अंतिम समय में किए गोल ने मुकाबले का फैसला किया।
- **अहमदाबाद को मिली विश्व चैंपियनशिप-** अहमदाबाद में 2029 की सीनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप आयोजित होगी। भारत पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सीनियर संस्करण की मेजबानी करेगा।
- **भारत ए के पडिक्कल दोहरे शतक से चूके-** न्यूजीलैंड ए के खिलाफ देवदत्त पडिक्कल 199 रन बनाकर आउट हुए।

विमेंस प्रीमियर लीग:146 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

27 स्लॉट खाली; यूपी वॉरियर्स के पास सबसे ज्यादा 3.75 करोड़

एजेंसी ▸▸ मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग 2027 का ऑक्शन 28 अक्टूबर को कोच्चि के ग्रैंड हयात में होगा। शाम 5:30 बजे शुरू होने वाली नीलामी में 5 फ्रेंचाइजी बोली लगाएंगी। वढ वॉरियर्स के पास सबसे ज्यादा ?3.75 करोड़ का पर्स बचा है।

ऑक्शन के लिए 146 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, लेकिन टीमों के पास कुल 27 खाली स्लॉट हैं। इनमें 20 भारतीय और 7 विदेशी खिलाड़ियों की जगह है। खिलाड़ियों की सूची में 119 भारतीय और 27 विदेशी शामिल हैं। हढछ का पांचवां सीजन 14 जनवरी से 7 फरवरी 2027 तक खेला जाएगा।



मुकाबले किन शहरों में होंगे, इसकी घोषणा अभी नहीं हुई है। ऑक्शन में टीमें उन खिलाड़ियों के लिए बोली लगाती हैं, जिन्हें वे अपनी टीम में शामिल करना चाहती हैं। हर खिलाड़ी की एक शुरूआती कीमत तय होती है, जिसे बेस प्राइस कहते हैं। इसके बाद टीमें बोली बढ़ाती हैं और सबसे ऊंची बोली लगाने वाली फ्रेंचाइजी खिलाड़ी को खरीदती है।

किस खिलाड़ी ने कितनी बेस प्राइस रखी?

इंग्लैंड की सोफिया डंकली और ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू ने ?50-50 लाख की बेस प्राइस रखी है। बेस प्राइस खिलाड़ी को मिलने वाली तय रकम नहीं होती, बल्कि बोली शुरू होने की कीमत होती है। बोली नहीं लगने पर खिलाड़ी अनसोल्ड भी रह सकती है। मोलिन्यू पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्छइ) के लिए खेल चुकी हैं। वह 2024 में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं। उन्होंने उस सीजन के 10 मैचों में 12 विकेट लिए थे। घुटने की चोट के कारण वह 2025 सीजन में नहीं खेलीं और 2026 सीजन से भी बाहर रहीं। डंकली 2023 में गुजरात जायंट्स के लिए खेली थीं। उन्होंने 2024 सीजन के लिए अपना नाम नहीं दिया था और 2025 के ऑक्शन में

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

मकान किराये से देना है
शहर की पॉश कॉलोनी
आज़ाद नगर 1
हाल, 2 कमरे, किचन, स्टोर रूम
किराये से देना है
संपर्क: 8319023209 8989404428

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

जंगल में जुए के अड्डे पर दबिश देकर 5 को पकड़ा

धार। अवैध जुआ-सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना पुलिस ने सोमवार को ग्राम देदला-रानीपुरा के जंगल में दबिश देकर पांच आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 1 लाख 31 हजार नकद जब्त किए। मंगलवार को पकड़े गए आरोपियों का कोतवाली थाने के बाहर जुलूस निकाला गया। कोतवाली थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान ने बताया कि अवैध जुआ-सट्टे पर कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने देदला-रानीपुरा के जंगल में झाड़ियों के बीच दबिश दी।

नगर पालिका में खरीदी पर भ्रष्टाचार के आरोप

धार। नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि अजय सिंह ठाकुर ने भ्रष्टाचार और खरीदी में अनियमितताओं के आरोप लगाए। उन्होंने वीडियो जारी कर वर्ष 2023 से अब तक हुई खरीदी और विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं की जांच कराने की मांग की है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि धार नगर पालिका में वर्ष 2023 से गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से हुई खरीदी में अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा विधानसभा में भी उठाया गया था।

आलीराजपुर में ग्रामीणों ने पकड़ा 13 फीट का अजगर

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले के ग्राम लखनकोट में विशाल पेट्रोल पंप के पीछे आबा फलिया में मंगलवार, 27 अक्टूबर को करीब 13 फीट लंबा और 40 किलो वजनी अजगर निकलने से ग्रामीणों में हलचल मच गई। आबादी के नजदीक इतना विशाल अजगर दिखाई देने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देकर मदद मांगी, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, सूचना देने के बावजूद विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही अजगर को पकड़ लिया।

कॉलोनी में पानी की किल्लत जनसुनवाई में पहुंचे रहवासी



बोले- टंकी बनी, लेकिन पानी नहीं

धार। धार के दिग्ठान की शांतिनगर कॉलोनी में पानी की समस्या से परेशान रहवासी मंगलवार को जिला पंचायत की जनसुनवाई में पहुंचे। यहां लोगों ने पेयजल की समस्या को लेकर हंगामा किया। इसके बाद आवेदन देकर पानी की व्यवस्था करने की मांग की। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी में पानी की टंकी बनी है। लेकिन उसे भरने के लिए पर्याप्त पानी नहीं। पिछले साल से बनी इस समस्या के बीच इस साल कम बारिश हुई। ऐसे में लोगों को आने वाले दिनों में पानी की कमी और बढ़ने की चिंता है। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी में पिछले साल से ही पानी की समस्या है। यहां पानी की टंकी तो बनी हुई है, लेकिन उसे भरने के लिए पर्याप्त पानी नहीं। इस कारण लोगों को जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल पा रहा। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंची महिलाओं ने पानी के साथ बिजली की समस्या भी बताई। रहवासियों ने अपनी परेशानी बताते हुए नाराजगी जताई। जल्द समाधान की मांग की। रहवासियों का आरोप है कि उन्होंने ग्राम पंचायत दिग्ठान के जिम्मेदारों को कई बार समस्या बताई, लेकिन इसका समाधान नहीं हुआ। उन्होंने पंचायत सचिव पर भी उनकी परेशानी पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की कि कॉलोनी में पानी की नियमित व्यवस्था की जाए।

नैनो न्यूज

- **सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश से बढ़ेंगी नौकरियां-** इंदौर में आयोजित सेमीकंडक्टर समिट में 12 से अधिक निवेशकों ने मध्यप्रदेश में 5,800 करोड़ रुपये के निवेश में रुचि दिखाई। इससे तकनीकी उद्योगों के विस्तार और रोजगार के नए अवसर बनने की उम्मीद है।
- **आईटी पार्क में सात कंपनियों को जगह-** इंदौर के आईटी पार्क-4 में सात कंपनियों को कार्यालय के लिए जगह आवंटित करने के आशय पत्र दिए गए। इन कंपनियों की प्रस्तावित गतिविधियों से 1,280 प्रत्यक्ष रोजगार अवसर बनने की संभावना है।
- **एमआर-10 पर नया लग्जरी होटल शुरू-** इंदौर के एमआर-10 कॉरिडोर में विवांता इंदौर, अमलतास होटल शुरू हुआ है। 202 कमरों वाले इस होटल में रेस्तरां, बैंक्वेट और कॉन्फ्रेंस सुविधाएं हैं। इससे शहर के आतिथ्य और व्यावसायिक आयोजन क्षेत्र को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।
- **सुपर कॉरिडोर पर होटल निवेश की तैयारी-** इंदौर में लग्जरी होटल कारोबार के विस्तार की योजना के तहत एसआर ग्रुप ने मैरियट इंटरनेशनल के साथ तीन होटल विकसित करने के लिए समझौता किया है। प्रस्तावित परियोजनाओं में सुपर कॉरिडोर पर जेडब्ल्यू मैरियट भी शामिल है।

गांधी भवन से कांग्रेस की जनसंघर्ष महारैली कई रास्तों से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची

बीजेपी सरकार की नीतियों के साथ ही ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गांधी भवन से कांग्रेस ने जनसंघर्ष महारैली निकाली। रैली कई रास्तों से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। यहां कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी सरकार की नीतियों के साथ ही ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर महामहीम राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा महारैली का विषय वोट चोर गद्दी छोड़, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दे, था।

पूरे देश में यह बात तय हो चुकी है कि बीजेपी की सरकार फिर चाहे नरेंद्र मोदी की सरकार हो या मोहन यादव की सरकार हो, ये सरकार वोट चोरी करके बनाई है। रैली



महारैली में युवक भूत बनकर आया

महारैली में भूत बनकर आया युवक कांग्रेस की इस महारैली में एक युवक सफेद चादर ओढ़कर भूत बनकर आया। जिस पर लिखा था मैं भूत राजा । मेरा वोट चोरी हो गया। महारैली के दौरान इस युवक को एक बग्घी पर खड़ा किया गया। इसके पीछे कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

के माध्यम से सरकार को जगाने का काम कर रहे हैं। चौकसे ने कहा इंदौर की जनता को जगाने का प्रयास कर रहे हैं, कि इंदौर की जनता ने कांग्रेस को जो वोट दिए थे, वह कांग्रेस को नहीं मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी करके फर्जी वोटो से बीजेपी की सरकार बनी है। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर वोट चोरी करके बनी सरकार को बर्खास्त करने और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की है। इसके साथ ही ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की भी मांग की।

महापौर को दिया ओपन चैलेंज पानी को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के अवेयरनेस को लेकर चौकसे ने निशाना साधा। चौकसे ने कहा महापौर ने 4 साल में किसी दायित्व का निर्वहन नहीं किया। जहां-जहां जो संकल्प लिया वह विफल हुए। अब जनता को पानी की जरूरत है तो वे अवेयरनेस करने निकले हैं। जनता तो पहले से अवेयर है। चौकसे ने महापौर को डिबेट करने का ओपन चैलेंज दिया और कहा कि 4 साल में महापौर ने ऐसा काम नहीं किया, जिसको जनता याद रखे। जहां बोलें वहां फेस टू फेस डिबेट करने को तैयार हूं।

समिति ने कहा- 720 साल बाद ऐसा आयोजन हुआ, मां वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित करेंगे

भोजशाला में 9 दिन का सप्तशती पाठ और यज्ञ पूरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

धार में भोजशाला में मंगलवार को मां वाग्देवी की पूजा और यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ नौ दिवसीय सप्तशती पाठ का समापन हुआ। आयोजन से जुड़े भोजशाला मुक्ति यज्ञ समिति के सदस्यों ने इसे महाराजा भोज की पुरातन परंपरा से जोड़ते हुए 720 वर्ष बाद पहली बार इस तरह का आयोजन होने का दावा किया। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

आयोजन के दौरान मुख्य पुजारी ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति पूरी कराई। झांझ-मंजीरे, शंखनाद और मां सरस्वती व राजा भोज के जयकारों से परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने मां वाग्देवी की पूजा-अर्चना कर आरती में



मां वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित करने की कही बात

यज्ञ में समिति के संरक्षक विश्वास पांडे और चंद्रवंशीय राजपूत समाज के जतन परमार और तेजू दीदी परमार ने यजमान के रूप में पूर्णाहुति दी। इस दौरान विश्वास पांडे ने अपनी सेवा मां सरस्वती और मां वाग्देवी को समर्पित की। उन्होंने भोजशाला में मां वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित करने और इससे जुड़े धार्मिक व सांस्कृतिक सम्मान को स्थापित करने की बात कही।

भाग लिया। कार्यक्रम में भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा, अध्यक्ष सुरेश चंद्र जलोदिया, महाप्रबंधक हेमंत दोराया, संरक्षक अशोक जैन, राजेश शुक्ला, राजाभव भदाने, मोहन राठौर सहित समिति के सदस्य, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।आयोजन की जानकारी समिति के मीडिया प्रभरी मोहन राठौर ने दी।

इंदौर में मेडिकल टीचरों का पेन डाउन प्रदर्शन

29-30 अक्टूबर को सेवाएं बंद रखने की तैयारी 50 शिक्षकों का वेतनमान 6 महीने से लंबित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लंबित मांगों को लेकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षक आंदोलन पर उतर आए हैं। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को दोपहर 1 से 2 बजे तक पेन डाउन प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन एमवाय अस्पताल और डेंटल कॉलेज के मुख्य द्वार पर हुआ। एसोसिएशन ने लंबित वेतनमान, एरियर, पदोन्नति और अन्य सेवा संबंधी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग उठाई। यह प्रदर्शन 28 अक्टूबर को भी जारी रहेगा। एसोसिएशन के अनुसार, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के करीब 50 चिकित्सा शिक्षकों के समयमान वेतनमान से जुड़े प्रस्ताव 6 से 8 महीने से लंबित हैं। फरवरी और मई 2026 में पात्रता पूरी करने वाले शिक्षकों के प्रस्ताव तैयार करने की मांग की गई है। इसके अलावा जनवरी 2026 में देय डीएसीपी के एरियर का भुगतान, सातवें वेतनमान का बकाया, ग्रेच्युटी और आयुष्मान योजना के इंसेंटिव की लंबित राशि जारी करने की मांग भी शामिल है।

ग्रामीण भाजयुमो में अध्यक्ष चयन पर विवाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर ग्रामीण भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर विवाद सामने आया है। करीब 8 दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। लगातार दो बार राजपूत समाज से अध्यक्ष बनने के बाद तीसरी बार इसी समाज के अजय पंवार को मौका देने की चर्चा है। इस बीच सामाजिक संतुलन और 35 वर्ष से अधिक उम्र के दावेदारों को लेकर शिकायतें पार्टी कार्यालय पहुंची हैं। विरोध के बाद भोपाल से होने वाली नाम की घोषणा रोक दी गई है और पैनल पर दोबारा मंथन किया जा रहा है।

युवा मोर्चा के कुछ नेताओं का कहना है कि जिले में दूसरे समाजों के भी सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने संगठन के लिए लंबे समय से काम किया है। ऐसे में जिलाध्यक्ष पद पर सामाजिक संतुलन का ध्यान रखा जाना चाहिए। जानकारी के अनुसार, अजय पंवार को अध्यक्ष बनाने की चर्चा ओबीसी वर्ग के दावेदार विजेंद्र जाट तक पहुंची तो वे पार्टी कार्यालय पहुंचे और शिकायत की। वर्तमान ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोजसिंह ठाकुर और उनसे पहले अध्यक्ष रहे श्रवण सिंह चावड़ा राजपूत समाज/सामान्य वर्ग से आते हैं। वर्तमान भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष भी इसी समाज से हैं।

35 पार दावेदारों को लेकर शिकायत- प्रदेश संगठन की ओर से युवा मोर्चा अध्यक्ष पद के पैनल में 35 वर्ष से अधिक उम्र वाले दावेदारों को शामिल नहीं करने के निर्देश दिए जाने की बात कही जा रही है। दावेदारों से जन्म प्रमाण-पत्र और मार्कशीट जैसे दस्तावेज भी मांगे जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, दिलीप दरबार और विजेंद्र जाट की उम्र को लेकर पार्टी कार्यालय में शिकायत पहुंची है। आरोप है कि सोशल मीडिया पर उम्र कम बताई जा रही है।

कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार महिला-पुरुष की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राऊ-पीथमपुर मार्ग स्थित सेज यूनिवर्सिटी ब्रिज पर मंगलवार को कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार महिला और पुरुष की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर कंटेनर लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके का मुआयना किया। पुलिस के मुताबिक, टक्कर मारने वाला वाहन एक निजी कंपनी का कंटेनर है। ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

राऊ पुलिस के मुताबिक मृतको की पहचान हो गई है। वह देवास के रहने वाले हैं। मृतकों में मोहित पुत्र मदन गोयल निवासी ग्राम करनावद और उसकी पत्नी स्मृतिका भावना गोयल है। पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन इंदौर पहुंचे।

महिला मित्र के फ्लैट में मिला बिजली कर्मचारी का शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गांधी नगर क्षेत्र की राजकमल रेसीडेंसी स्थित एक फ्लैट में बिजली कर्मचारी निर्मल राजपूत का शव मिला। पुलिस के मुताबिक शव करीब 12 घंटे पुराना होने की आशंका है। सोमवार रात करीब 12.30 बजे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। निर्मल के शरीर पर हल्के चोट के निशान मिले हैं। पुलिस फ्लैट में रहने वाली उसकी महिला मित्र से पूछताछ कर रही है। निर्मल मूल रूप से बागड़दा एरोड्रम क्षेत्र का निवासी था और बिजली विभाग में लाइनमैन के रूप में काम करता था। पुलिस के अनुसार वह राजकमल रेसीडेंसी में रहने वाली महिला का परिचित था। महिला अपने पति से अलग रहती है। सोसायटी के सीसीटीवी कैमरों में निर्मल बिल्डिंग में पीछे के रास्ते से आता दिखाई दिया है। रात में पुलिस ने महिला से पूछताछ की। हालांकि, अभी निर्मल की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

कॉलेजों में एडमिशन के नाम पर ठगी

जयस ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन, कहा- स्टूडेंट्स से 10 से 50 हजार रुपए तक लिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में कॉलेजों में एडमिशन दिलाने के नाम पर विद्यार्थियों से हजारों रुपए लेने और उन्हें गुमराह करने का मामला सामने आया है। जयस छात्र संगठन ने पुलिस कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और विद्यार्थियों की राशि व शैक्षणिक दस्तावेज लौटाने की मांग की है। संगठन का दावा है कि 90 से अधिक प्रभावित विद्यार्थी उसके संपर्क में हैं।

विद्यार्थियों का आरोप है कि प्रवेश पटेल नामक व्यक्ति को अलग-अलग कॉलेजों में एडमिशन के लिए 10 हजार से 50 हजार रुपए तक दिए गए, लेकिन भुगतान के बाद भी एडमिशन को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिली और राशि वापस नहीं की गई।

ज्ञापन में विद्यार्थियों की ओर से 10 हजार, 30 हजार, 40 हजार और 50 हजार रुपए सहित अलग-अलग रकम दिए जाने की शिकायत की गई है। संगठन के मुताबिक, कई विद्यार्थियों के पास भुगतान की रसीद, बैंक लेन-देन का रिकॉर्ड, बातचीत के मैसेज और प्रवेश से जुड़े दस्तावेज मौजूद हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। संगठन ने कहा कि जांच में अपराध की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही विद्यार्थियों की जमा राशि और शैक्षणिक दस्तावेज लौटाए जाएं। जयस जिला अध्यक्ष लखन बामनिया ने कहा कि कई विद्यार्थियों के परिवार खेती और मजदूरी करके उनकी पढ़ाई का खर्च उठाते हैं। ऐसे में एडमिशन के नाम पर रकम देने के बाद परेशानी झेलना उनके लिए गंभीर संकट है। संगठन ने उच्च शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से भी हस्तक्षेप की अपील की है। प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



एक महीने पहले थाने में दिया था आवेदन

जयस छात्र संगठन के अनुसार, इस मामले में करीब एक महीने पहले तिलक नगर थाने में भी आवेदन दिया गया था। प्रभावित विद्यार्थियों का कहना है कि अब तक उन्हें संतोषजनक कार्रवाई की जानकारी नहीं मिली है। इसके बाद संगठन ने पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में विद्यार्थियों के बयान दर्ज करने, संबंधित लेन-देन की जांच करने और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com